# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 27 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 173, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**हॉट रोल्ड स्टील आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू**

भारत ने चीन, जापान और रूस से कुछ हॉट रोल्ड स्टील उत्पादों के सस्ते आयात के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। } 10

**भारत-ब्रिटेन एफटीए का मुख्य लक्ष्य परिवर्तनकारी वृद्धि**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का प्रमुख लक्ष्य दोनों देशों के बीच परिवर्तनकारी आर्थिक वृद्धि होना चाहिए। } 10

## विकसित भारत के लिए जरूरी है एआई

### 2047 तक विकसित राष्ट्र के प्रयासों के तहत विभिन्न पहल कर रही है सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ और समावेशी तरीके से अपनाना भारत की विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा उद्योगों को नया स्वरूप दे रही है और उत्पादकता तथा नवाचार के नए अवसर पैदा कर रही है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की ओर से आयोजित एआई इनोवेशन समिट को भेजे अपने संदेश में मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी की प्रगति के कारण लेखांकन और वित्तीय पेशे में भी तेजी से बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा जब एआई-आधारित उपकरणों का जिम्मेदारी से और मानवीय विवेक के साथ उपयोग किया जाता है, तो वे कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं। साथ ही अनुपालन को मजबूत कर सकते हैं, बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं और पेशेवरों को अधिक मूल्य प्रदान करने में सक्षम बना सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ तथा समावेशी तरीके से अपनाना और भी महत्वपूर्ण होता जाएगा। सरकार वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के व्यापक प्रयासों के तहत विभिन्न पहल कर रही है। मोदी ने देश की प्रगति में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उत्सव में उपद्रव करने वाला सात पीढ़ियों तक भुगतेगा : योगी

### बरहज को मिलेगा वाटरवे का लाभ, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचायेंगे स्थानीय उत्पाद

राकेश धर द्विवेदी

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में उत्सव के माहौल में कोई उपद्रव नहीं कर सकता। अगर कोई ऐसा करेगा तो सात पीढ़ियों तक भुगतेगा। आज मुहर्रम पर शांति है। कोई खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन या सड़क पर गुंडागर्दी नहीं कर सकता। 2017 में सरकार बनने के साथ ही अपराध, माफिया व अराजक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। जो भी अपराध करेगा, माफिया गतिविधियों में शामिल होगा या जन आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, जीरो टॉलरेंस के तहत ही कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था मजबूत होने से प्रदेश में निवेश का वातावरण बना है और तेजी से उद्योग स्थापित हो रहे हैं। सपा व कांग्रेस के शासनकाल में उत्तर प्रदेश माफियाओं व दंगों के लिए बदनाम था। याद करें 2016 में यहीं मदनपुर थाने को लूट लिया गया था, आग लगा दी गई थी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को देवरिया के रुद्रपुर व बरहज विधानसभा क्षेत्र की 456 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 106 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के 10 ...शेष पृष्ठ 10 पर

### एसआईटी की संस्तुतियों के अनुरूप हो रही कार्रवाई

देवरिया। श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र दान प्रकरण में पहली एफआईआर दर्ज होने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एसआईटी की रिपोर्ट आते ही तत्काल कार्रवाई प्रारंभ हो गई। मैं आश्वस्त करता हूं और मैंने कहा भी था कि हम दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेंगे। जन आस्था के साथ जो भी खिलवाड़ करेगा, वह उसका भुक्तभोगी होगा। यह छूट किसी को भी नहीं दी जा सकती। देवरिया में शुक्रवार को विकास परियोजनाओं के शिलान्यास/लोकार्पण अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 19 जून को अयोध्या दौरे पर था। मैंने तब भी कहा था कि अयोध्या हम सबकी आस्था की प्रतीक है, भारत के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### टोल प्लाजा पर एलपीजी टैंकर में लगी आग, एक की मौत, सात लोग झुलसे

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में एक टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह एक एलपीजी टैंकर के अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर और फिर टोल बूथ से टकराने के बाद वाहन में आग लग गई। हादसे में छह टोलकर्मी और एक ट्रक चालक समेत सात लोग झुलस गए जबकि टैंकर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, टक्कर के बाद गैस रिसाव होने से टैंकर में आग लग गई और आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वे करीब दो किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं। सूचना मिलने पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि कोखराज टोल प्लाजा पर एक एलपीजी टैंकर अनियंत्रित होकर टोल बूथ से टकरा गया, जिससे आग लग गई।

### 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

शामली। जिले में पुलिस से हुई एक मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में मारे गए 50 हजार के इनामी की पहचान कैराना थाना क्षेत्र के मोहल्ला आलकला निवासी कुख्यात अपराधी महताब उर्फ बेचैन के रूप में हुई। अपने भाई के साथ खेत में पानी लगाने जा रहे किसान नरेंद्र को तमंचा दिखाकर वह मोटरसाइकिल लूट कर भाग रहा था। पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह ने बताया कि घटना कांधला थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग पर खंदरावली पुलिस चौकी के पास हुई। महताब अपने साथी के साथ बाइक पर किसान की मोटरसाइकिल लूटकर भाग रहा था।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो कहा, कर दिखाया

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी में आठ आरोपी भेजे गये जेल

### तीन दिन की न्यायिक हिरासत में आरोपी, सोमवार को फिर कोर्ट में किया जायेगा पेश, लगभग 80 लाख रुपये हुए बरामद

जिला संवाददाता

अयोध्या। राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला एवं सत्र न्यायालय फैजाबाद में पेश किया गया। सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को 29 जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपियों को एसओजी प्रभारी अपनी टीम के साथ न्यायालय लेकर पहुंचे।

इससे पहले सभी का पुलिस लाइन स्थित अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। पेशी के दौरान न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजीएम), सिविल जज जूनियर डिवीजन निवेदिता सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी पूरे समय न्यायालय परिसर में मौजूद रहे। पेशी के दौरान न्यायालय परिसर में आम लोगों की आवाजाही पर भी निगरानी रखी गई। कोर्ट में सुनवाई के बाद आठों आरोपियों को ले जाया गया। उन्हें अयोध्या जिला जेल भेज दिया गया। सभी को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीजेएम कोर्ट में अभियोजन अधिकारी केसी वर्मा ने बताया कि आठ आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है। उन्हें सोमवार तक के लिए रिमांड पर भेजा गया है। सोमवार को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। तब तक के लिए न्यायिक हिरासत में रखा जाएगा। इनके पास से कुल 79 लाख 85 हजार 493 रुपये बरामद किए गए हैं। सुभाष के पास से पैसे नहीं मिले हैं। वह साजिश में शामिल था। अन्य आरोपियों से अलग-अलग रकम बरामद की गई है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से जुड़ी स्पेशल कोर्ट आज नहीं बैठी थी। आज कामकाज का दिन नहीं था। चूंकि आज छुट्टी थी, इसलिए सोमवार तक की रिमांड दी गई है। उन्होंने कहा कि चूंकि आरोपी लोकसेवक हैं और उन पर गबन का आरोप है, इसलिए उनके खिलाफ लोक सेवकों द्वारा विश्वास का आपराधिक उल्लंघन तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभियोजन अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से पांच-छह बैंक कर्मचारी हैं, जिन्हें मंदिर में प्राप्त नकद दान की गणना के कार्य में लगाया गया था और वे बैंक से वेतन प्राप्त करते थे। हालांकि, उन्होंने जांच के इस चरण में संबंधित बैंक कर्मचारियों की पहचान उजागर करने से इनकार किया। उन्होंने बताया कि टिन्नू यादव बैंक कर्मचारी नहीं है, बल्कि चालक के रूप में कार्यरत था, जबकि सुभाष श्रीवास्तव दान राशि की गणना की पूरी प्रक्रिया का प्रभारी था। यह मामला राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई नकद राशि और अन्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

### चंपत राय व अनिल मिश्रा ने ट्रस्ट से दिया इस्तीफा

अयोध्या। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी की शुरूआती रिपोर्ट सरकार को सौंपे जाने के तीन दिन बाद ही दो बड़े इस्तीफे हो गए हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही ट्रस्ट

## एनडीपीएस कानून को बनायेंगे और मजबूत

### कानूनी खामियों का फायदा उठाकर बच निकलते हैं तस्कर : शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) में संशोधन पर विचार कर रही है, ताकि उन खामियों को दूर किया जा सके जिनका फायदा मादक पदार्थ तस्करी गिरोह उठा रहे हैं।

शाह ने मादक पदार्थ के तस्करों और आपूर्तिकर्ताओं के प्रति सख्त एवं निर्मम रुख अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्षस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए राज्यों से कहा कि वित्त मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित संशोधनों के संबंध में अपने सुझाव केंद्र सरकार को भेजें। गृहमंत्री ने देश में मादक पदार्थ की समस्या से निपटने में एजेंसियों द्वारा हासिल की गई सफलताओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, "वर्ष 2004 से 2014 के बीच 26 लाख किलोग्राम सिंथेटिक मादक पदार्थ जब्त किए गए थे। इसके विपरीत, वर्ष 2014 से 2026 के बीच हमने 1.18 करोड़ किलोग्राम सिंथेटिक मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इससे स्पष्ट है कि हमारा अभियान लगातार सफलता की ओर बढ़ रहा है। शाह ने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच जब्त किए गए मादक पदार्थों का मूल्य लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, जबकि वर्ष 2014 से 2026 के बीच जब्त किए गए मादक पदार्थों का मूल्य लगभग 1.84 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की कार्वाई की प्रभावशीलता और दायरे में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। शाह ...शेष पृष्ठ 10 पर

### एसआईआर का एक साल पूरा, अब तक छह करोड़ नाम हटे

नयी दिल्ली। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद शुरू हुए एक साल पूरे हो गए हैं तथा 19 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया जारी है।

एसआईआर के जरिये अब तक लगभग छह करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाये जा चुके हैं तथा इसे लेकर विपक्ष और निर्वाचन आयोग के बीच तल्खी पैदा हुई है। पिछले साल बिहार विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में एसआईआर की कवायद शुरू की गई थी। बिहार में एसआईआर के बाद, वहां की मतदाता सूची से लगभग 65 लाख नाम हटा दिये गए। इस पर विपक्ष और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 'खेत बचाओ अभियान' से कृषि को मिली नयी दिशा

### केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान व सीएम धामी ने विकास योजनाओं का किया शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

रुद्रपुर (उत्तराखंड)। प्रदेश में खेती को अधिक टिकाऊ, लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में कृषि विभाग की ओर से संचालित 'खेत बचाओ अभियान' का शुक्रवार को औपचारिक शुभारंभ किया गया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कृषि क्षेत्र से जुड़ी 369.66 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस दौरान 46.32 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हो चुकी नौ परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया गया,

जबकि 323.34 करोड़ रुपये की लागत वाली 32 नई योजनाओं की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कृषि भूमि की गुणवत्ता बनाए रखने, जल संरक्षण और वैज्ञानिक खेती को भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मिट्टी की सेहत सुरक्षित रहेगी तो खेती और किसान दोनों समृद्ध होंगे। उन्होंने किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर खेती करने, ...शेष पृष्ठ 10 पर

**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 41.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 30.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- नशे की लत पूरी दुनिया के लिए चुनौती (पृष्ठ-02)
- 149 आईटीआई में शुरू होंगे अत्याधुनिक कोर्स (पृष्ठ-02)
- आईसीएआई मानक तैयार करने पर विचार (पृष्ठ-10)
- भारत में 90 अरब डॉलर निवेश करने की घोषणा (पृष्ठ-10)
- डंपिंग रोधी शुल्क से बढ़ सकती है ट्रांसफॉर्मर लागत (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** सोलर रूफटॉप स्थापना में यूपी देश में अव्वल, 6.2 लाख घरों से अधिक तक पहुंची योजना

## उत्तर प्रदेश ने पीएम सूर्य घर योजना में बनाया नया कीर्तिमान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीवाई) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने सोलर रूफटॉप स्थापना में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। जून 2026 में आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक 6.2 लाख से अधिक घरों में सौर ऊर्जा का लाभ दिया जा चुका है, जो राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

उत्तर प्रदेश ने इस योजना के तहत निर्धारित 11.27 लाख परिवारों के लक्ष्य में से 50 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि हासिल कर ली है। देश में कुल सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 17 प्रतिशत है और यह देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है। इस दौरान यूपी नेडा डायरेक्टर

रविन्दर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने मार्च, अप्रैल और मई 2026 में लगातार तीन महीनों तक 50 हजार से अधिक घरों में सौर ऊर्जा आधारित संयंत्र स्थापित कर देश में नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को क्यूम्यूलेटिव हाउसहोल्ड सोलराइजेशन में भी देश में प्रथम स्थान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन को इंस्टॉलेशन में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि ऋण आवेदनों का समयबद्ध अनुमोदन हो, ऋण स्वीकृति के बाद लंबित भुगतान (डिस्बर्सल) तत्काल हो तथा अनावश्यक कारणों से किसी भी आवेदन को अस्वीकृत न किया जाए। निष्क्रिय वेण्डर्स को सक्रिय करने एवं आवश्यकता के अनुसार नए वेण्डर्स को जोड़ने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने लाभार्थियों को मिलने वाले बिजली बिल में बचत के आंकड़े संकलित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिकाधिक नागरिक योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित हों। प्रदेश में सोलर संयंत्र स्थापना की रफ्तार में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जून 2025 में जहां प्रतिदिन लगभग 500 इंस्टॉलेशन हो रहे थे, वहीं मई 2026 तक यह संख्या ...शेष पृष्ठ 10 पर

## खाई में गिरी पिकअप गाड़ी मां-बेटे सहित छह की मौत

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में मां-बेटे समेत छह लोगों की मौत हो गई है। पुलिस थाना रामपुर के तहत आने वाले दुर्गम क्षेत्र काशापाट जा रही एक पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 200 फीट नीचे तकलेच-देवठी सड़क किनारे जा गिरी। सूचना मिलने के बाद पुलिस का दल मौके के लिए रवाना हुआ। ग्रामीणों की मदद से राहत कार्यों को अंजाम दिया गया। हादसा इतना भयानक था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे का लाइव वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम को रामपुर से दूध बेचकर एक पिकअप काशापाट की ओर जा रही थी। शाम करीब 4:30 बजे जब पिकअप ढंढोल के समीप पहुंची तो चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क से करीब 200 फीट नीचे दूसरी सड़क किनारे जा पहुंची। इस हादसे में मां-बेटे सहित कुल छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान आशा कुमारी पत्नी सत्य प्रकाश, निवासी कुआनू आनी, उसका पुत्र युगल, पिकअप चालक अशोक जैन पुत्र ध्यान जैन, गांव छलटा रामपुर, अभिषेक सानी (23) पुत्र नरसिंह सानी, गांव शरनाल रामपुर, लायक राम (56) गांव पाट रामपुर और नितिन (23) पुत्र मैन सिंह, गांव छलटा रामपुर शिमला के रूप में हुई है।

> चालक के नियंत्रण खो देने से गाड़ी करीब 200 फीट गहरी खाई में गिरी

# सीएम फंड से हर साल 1500 करोड़ की इलाज सहायता

## मुख्यमंत्री ने किया गोरखपुर में एस्ट्रोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए प्रति वर्ष 1200 से 1500 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से दिए जाते हैं। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा आज की आवश्यकता है। वर्ष 2017 के बाद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा के विस्तार से सरकार ने प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा को बदला है। पूर्व व वर्तमान सरकार के बीच सबसे बड़ा अंतर यही है कि पहले हर जिले में माफिया पैदा किया गया और अब हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा दी जा रही है।

सीएम योगी शुक्रवार को बेतियाहाता में एस्ट्रोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया दिया था, जबकि हमारी सरकार ने प्रदेश को वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन जैसी योजनाओं का उपहार दिया है। इन योजनाओं से प्रदेश के प्रति धारणा बदलने, नई और मजबूत पहचान बनाने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र का उन्नयन

- **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र का उन्नयन डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता**

सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में संपूर्ण विश्व की सबसे बड़ी स्कीम आयुष्मान भारत संचालित हो रही है। इस स्कीम में जो तबके छूट गए, उन्हें यूपी सरकार ने राज्य स्तर पर कवर किया। इस योजना में लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मुफ्त मिलती है। इसके अलावा वह जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए प्रति वर्ष 1200 से 1500 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बिना भेदभाव सबको सुरक्षा, सम्मान और शासन की सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में एकमात्र गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज था, जो खुद ही बीमार था। वास्तव में मेडिकल कॉलेज बीमार नहीं था, बल्कि तत्कालीन सरकारों की मानसिकता बीमार थी, जिन्होंने यहां की जनता को मरने के लिए छोड़ दिया था। आज वही बीआरडी मेडिकल कॉलेज बेहतरीन तरीके से संचालित हो रहा है। गोरखपुर में एम्स की भी सुविधा मिल रही है। गोरखपुर के अलावा महाराजगंज, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा, बहराइच, आजमगढ़, गाजीपुर, रायबरेली, अमेठी, मिजार्पुर, चंदौली में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। इन मेडिकल कॉलेज में क्लासेज के साथ हॉस्पिटल भी बेहतरीन तरीके से चल रहे हैं। बलिया में भी मेडिकल कॉलेज को स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकारी अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, जबकि 2017 के पहले लखनऊ, दिल्ली, मुंबई सहित सभी बड़े शहरों में इलाज के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों की लंबी कतार नजर आती थी। 2005 में गोरखपुर के जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एके गुप्ता की दुखद मृत्यु कार्डियक अरेस्ट से हो गई थी। तब एक भी आईसीयू बेड नहीं था। डायलिसिस की सुविधा नहीं थी, अच्छे ब्लड बैंक नहीं थे, प्लेटलेट्स की सुविधा नहीं थी। आज गोरखपुर में दो दर्जन से अधिक अस्पताल ऐसे हैं, जहां आईसीयू की सुविधा है। 2007 में गोरखनाथ हॉस्पिटल में 10 बेड के साथ पहली बार आईसीयू की सुविधा शुरू हुई थी। ब्लड सेपरेटर मशीन और डायलिसिस मशीन भी पहली बार गोरखनाथ हॉस्पिटल में ही लगाई गई। आज सभी सरकारी अस्पतालों में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना अस्पताल और डॉक्टर की बड़ी जिम्मेदारी है। प्रयास होना चाहिए हम स्वस्थ रहें। फिर भी कभी बीमारी आ गई तो उपचार का केंद्र अच्छा होना चाहिए। उपचार के अच्छे केंद्र के रूप में आज एस्ट्रोमेडिक्स हॉस्पिटल के जरिए एक नई कड़ी जुड़ी है। यूपी में जो स्वास्थ्य क्षेत्र पहले की सरकारों में उपेक्षित था, आज लोगों ने उसमें निवेश करना प्रारंभ किया है। हॉस्पिटल संचालक परिवार के अभिभावक रहे पूर्व मंत्री मार्कण्डेय चंद की स्मृतियों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मंत्री गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त थे। वह किसी भी दल में रहे हों, पीठ के प्रति उनका गहरा लगाव व गहरी आस्था थी। करियर दांव पर लगाकर भी वह संबंधों को महत्व देते थे। सीएम ने एक संस्मरण साझा करते हुए कहा कि मार्कण्डेय चंद ने बसपा सरकार में मंत्री रहते हुए भी विधानभवन में मुझे अपनी कुर्सी पर बैठने के लिए इस आशय से आग्रह किया कि उनके लिए गोरक्षपीठ सर्वोपरि है। उनके पुत्रों सीपी चंद और अरुण चंद ने एस्ट्रोमेडिक्स हॉस्पिटल के जरिये उनकी स्मृतियों को जीवंत किया है। हॉस्पिटल के शिलापट्ट का अनावरण करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं व चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में पूर्व मंत्री स्वर्गीय मार्कण्डेय चंद की प्रतिमा का अनावरण भी किया और पुष्पार्चन कर उनकी स्मृतियों को नमन किया।

# शादी अनुदान योजना से ओबीसी परिवारों को राहत, 5 हजार बेटियां लाभान्वित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गरीब एवं जरूरतमंद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग देने वाली योगी सरकार की शादी अनुदान योजना लगातार प्रभावी साबित हो रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरूआत से अब तक 5,032 ओबीसी बेटियों को योजना का लाभ मिल चुका है। सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में 1.05 लाख लाभार्थियों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

प्रदेश सरकार के अनुसार, बेटी की शादी गरीब परिवारों के लिए बड़ी आर्थिक जिम्मेदारी होती है। ऐसे में शादी अनुदान योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा बन रही है। शुरूआती महीनों में ही हजारों पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचना इसकी प्रभावी क्रियान्वयन व्यवस्था को दशार्ता है। कुल लाभार्थियों में 4,178 ऐसे आवेदक भी शामिल हैं, जिन्होंने मार्च में विवाह होने पर उसी महीने आवेदन किया था। योजना के तहत पात्र परिवारों को बेटी के विवाह के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहती है। योजना के संचालन में सरकार ने संवेदनशील वर्गों को विशेष प्राथमिकता दी है। विकलांग, विधवा, दैवीय आपदा से प्रभावित तथा भूमिहीन परिवारों के आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाता है, जिससे सबसे अधिक जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता मिल सके।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1.16 लाख से अधिक पात्र परिवारों को शादी अनुदान योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। इस वर्ष भी सरकार ने लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि शादी अनुदान योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि 20 हजार रुपये की सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जा रही है, जिससे पारदर्शिता बनी हुई है और समय पर आर्थिक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार पिछड़े वर्ग के उत्थान और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है।

# आंगनबाड़ी से स्कूल तक आसान होगा सफर

## मिशन मोड में चल रहा मैपिंग अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का प्राथमिक विद्यालयों के साथ को-लोकेशन और वैज्ञानिक मैपिंग अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यालय पूर्व तैयारी (स्कूल रेडीनेस) को मजबूत करना, शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा आंगनबाड़ी से विद्यालय तक बच्चों के सहज संक्रमण को सुनिश्चित करना है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त दिशा-निदेर्शों के तहत चलाए जा रहे इस अभियान के लिए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी तथा निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार हर्षिता माथुर ने संयुक्त निर्देश जारी किए हैं।

राज्य सरकार ने सभी जिलों में 30 जून तक मिशन मोड में आंगनबाड़ी केंद्रों और कक्षा-1 संचालित परिषदीय विद्यालयों की मैपिंग पूरी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित विद्यालयों का यू-डायस कोड दर्ज करते हुए यू-डायस और हॉट कुक्ड मील पोर्टल पर आवश्यक जानकारी भी अपडेट की जाएगी, जिससे दोनों विभागों के आंकड़ों में एकरूपता सुनिश्चित हो सके। सरकार का मानना है कि आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय से बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए अधिक व्यवस्थित रूप से तैयार किया जा सकेगा। साथ ही शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं के एकीकरण से बच्चों के समग्र विकास और सीखने के परिणामों में भी सुधार होगा। यह पहल बालवाटिका और निपुण भारत मिशन को भी मजबूती प्रदान करेगी। निर्देशों के अनुसार विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में दर्ज किया जाएगा। जो केंद्र विद्यालय परिसर से बाहर हैं, उन्हें दूरी के आधार पर निकटतम प्राथमिक विद्यालय से जोड़ा जाएगा। 200 मीटर के भीतर स्थित केंद्रों की मैपिंग उसी विद्यालय से की जाएगी, ताकि वहां तैयार होने वाला हॉट कुक्ड मील समय पर बच्चों तक पहुंच सके। जहां विद्यालय परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होगा, वहां शहरी क्षेत्रों में 500 मीटर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में एक किलोमीटर के दायरे में स्थित निकटतम विद्यालय को प्राथमिकता दी जाएगी।

अभियान के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक जिले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी संयुक्त रूप से मैपिंग, यू-डायस अपडेट और पोर्टल पर अपलोड किए गए डेटा का सत्यापन करेंगे।

# सीएम आज गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद का करेंगे दौरा

विशेष संवाददाता (vol)

- **अम्बर एवं ऐसेन्ट के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्क्चरिंग प्लांट२ का करेंगे शिलान्यास**
- **नोएडा के नए कार्यालय भवन का करेंगे लोकार्पण, एमएसएमई दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री 27 जून (शनिवार) को गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) और गाजियाबाद के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई महत्वपूर्ण औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और एक मांगलिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब 12.35 बजे जेवर एयरपोर्ट, गौतमबुद्धनगर पहुंचेंगे, जहां सेक्टर-10 यीडा में अम्बर एवं ऐसेन्ट के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्क्चरिंग प्लांट का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद सेल प्लांट परिसर सेक्टर-8 यीडा, गौतमबुद्ध नगर में सेल के सोलर मैन्युफैक्क्चरिंग प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री सेक्टर-96, नोएडा पहुंचेंगे, जहां वे नोएडा के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे और 'एमएसएमई दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री मेरठ मण्डल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की समीक्षा करेंगे और नए कार्यों की कार्ययोजना को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री इंदिरापुरम, गाजियाबाद पहुंचेंगे, जहां वे मंत्री सुनील शर्मा के सुपुत्र के मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# नशे की लत पूरी दुनिया के लिए चुनौती

## नशा दुनिया के लिए चुनौती और समाज के लिए अभिशाप बन चुकी है

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 'मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर शुक्रवार को मद्य निषेध विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से चौधरी चरण सिंह सभागार, सहकारिता भवन में राज्य स्तरीय मद्य निषेध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि नशे की लत पूरी दुनिया के लिए चुनौती और समाज के लिए अभिशाप बन चुकी है।

कार्यक्रम में मंत्री ने उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'नशा मुक्त भारत अभियान' का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को नशे से बचाना है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश तेज गति से विकास कर रहा है और युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से बचाकर ही राज्य और देश की प्रगति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और सिविल सोसायटी से नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव ने कहा कि नशा मुक्त भारत का लक्ष्य केवल सरकारी प्रयासों से पूरा नहीं होगा, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर बलरामपुर चिकित्सालय के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.के. श्रीवास्तव ने मादक पदार्थों के सेवन के मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों तथा उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मद्य निषेध विभाग की ओर से आयोजित नशा मुक्ति प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को आबकारी मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राज्य मद्य निषेध अधिकारी आर.एल. राजवंशी ने विभाग की उपलब्धियों और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी रमेश कुमार, जिला मद्य निषेध अधिकारी नीतू वर्मा सहित विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मन की बात का सामूहिक श्रवण 28 को

विशेष संवाददाता (vol)

- **भारतीय जनता पार्टी महानगर की संगठनात्मक बैठक संपन्न**

**लखनऊ।** हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से जन्मदिवस तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी है।

28 जून को सभी बूथों बैठक से पूर्व निर्धारित मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया जाएगा। इसके बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तथा सभी बूथों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गोष्ठी 2 जुलाई को सहकारिता भवन में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उनके जन्म दिवस 6 जुलाई को सभी बूथों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान का स्मरण किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक डा. नीरज बोरा, सुधीर हलवासिया, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, महानगर महामंत्री घनश्याम अग्रवाल, महामंत्री सतेंद्र सिंह, विनायक पांडेय, दीपक शुक्ला उपस्थित रहे।

# 149 आईटीआई में शुरू होंगे अत्याधुनिक कोर्स

## टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से ईवी, रोबोटिक्स सहित 11 आधुनिक ट्रेडों में मिलेगा प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**1065 पदों पर होगी आउटसोर्सिंग भर्ती**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल से लैस कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश के 149 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तथा प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र, अलीगंज-लखनऊ में अत्याधुनिक तकनीकी कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया है। इन कोर्सों के संचालन के लिए 1,065 पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती की जाएगी।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि आधुनिक ट्रेडों के सुचारु संचालन के लिए कुल 171 वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर और 894 प्रशिक्षकों की सेवाएं आउटसोर्सिंग के माध्यम से ली जाएंगी। इन पदों के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी का चयन जेम पोर्टल के जरिए पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया कार्मिक, एमएसएमई और श्रम विभाग के शासनादेशों के अनुरूप होगी, जबकि शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य मानक प्रशिक्षण निदेशालय तय करेगा। मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को चौथी औद्योगिक क्रांति (इंडस्ट्री 4.0) के अनुरूप कौशल प्रदान करना है। इसी उद्देश्य से टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से इलेक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्क्चरिंग, एडवांस्ड सीएनसी मशीनिंग, मैन्युफैक्क्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एंड ऑटोमेशन, इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एडिटिव मैन्युफैक्क्चरिंग (3डी प्रिंटिंग), सीएएम प्रोग्रामिंग सहित कुल 11 आधुनिक कोर्स संचालित किए जाएंगे।

कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से आईटीआई के छात्र वैश्विक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित होंगे, जिससे उन्हें देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा 'स्किल हब' बनाना है और यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सपा ने चढ़ावा चोरी और चंदा चोरी की उठायी आवाज : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहाँ कि भाजपा जनता से हार गयी तो सांसद खरीदने की योजना बना रही है ताकि भारतीय संविधान में मनमाने संशोधन करने में सफल हो सके। भाजपा सरकार की तरह हिटलर भी जबरदस्ती बहुमत हासिल कर तानाशाह बन बैठा था। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में भाजपा को प्रदेश की सत्ता से हटाकर लोकतंत्र बचाना है। यूपी ही देश को बचा सकता है। उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को सबक सिखाने की ताकत रखती है। भाजपा सरकार में वोट चोरी, चंदा चोरी, चढ़ावा चोरी हो रही है। भगवान श्रीराम की कृपा से समाजवादी पार्टी ने चढ़ावा चोरी और चंदा चोरी की आवाज उठायी। श्री यादव ने कहा कि कमीशनखोरी के कारण पुलों, सड़कों और पानी की टंकियों का बेहद घटिया निर्माण हुआ। भ्रष्टाचार के कारण कुछ भी टिकाऊ नहीं है। लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार जरूरी है, नहीं तो उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव देश का अंतिम चुनाव होगा। समाजवादी पार्टी कार्यकताओं से कहा कि सब मिलकर कार्य करें। भाषा और व्यवहार ठीक रखे। जनता के बीच रहकर सम्पर्क और मदद करें।

# पर्यटन विकास कार्यों का विधायक ने किया अवलोकन

**लखनऊ।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र के दीनदयाल नगर, खदरा स्थित नानक शाही मठ के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास का कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने निमार्णाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की।

विधायक ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए जा रहे यात्री हाल, प्रसाधन गृह एवं अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नानक शाही मठ के आचार्य महंत धर्मेंद्र दास जी महाराज, पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक प्रीति श्रीवास्तव, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एलयू के हॉस्टलों का होगा कायाकल्प

## नए सत्र में छात्रों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों को लेकर छात्रावासों को बेहतर बनाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। विवि प्रशासन ने मुख्य और द्वितीय परिसर के सभी हॉस्टलों में सुविधाओं को दुरुस्त करने की कार्ययोजना तैयार की है। इसका उद्देश्य नए छात्रों को सुरक्षित, स्वच्छ और पढ़ाई के अनुकूल माहौल उपलब्ध कराना है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अगुवाई में निर्माण विभाग के सिविल और इलेक्ट्रिकल अनुभाग द्वारा हॉस्टलों के कमरों, मेस, रसोई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुधारने का काम तेजी से किया जा रहा है।

एलयू प्रशासन के अनुसार नए सत्र में छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से एचएमएसपोर्टल के माध्यम से होगी। तैयारियों को पूरा करने के लिए वर्तमान छात्रों को 27 जून तक हॉस्टल खाली करने और 28 जून से मेस बंद करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे मरम्मत कार्य समय पर पूरा किया जा सके। बता दें की विश्वविद्यालय के 18 छात्रावासों में कुल 3029 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था है। इनमें छात्रों के लिए नौ और छात्राओं के लिए नौ हॉस्टल शामिल हैं। छात्रावासों में कमरों की साफ-सफाई, खराब फर्नीचर की मरम्मत, खिड़कियों और दरवाजों पर मच्छर जाली लगाने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा पुराने और खराब शौचालयों का नवीनीकरण, नई सैनिटरी फिटिंग, पानी की टंकियों और मोटर पंप की व्यवस्था को भी सुधारा जा रहा है। गर्मी को देखते हुए पंखों की मरम्मत और जरूरत के अनुसार नए पंखे लगाए जा रहे हैं। हॉस्टलों की विद्युत व्यवस्था की जांच के साथ मेन स्विच और डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड भी बदले जाएंगे। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्राथमिकता छात्रों को सुरक्षित और बेहतर सुविधाओं वाला वातावरण देना है ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

### पानी की सुविधा होगी बेहतर

छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय परिसर का फायर सेफ्टी ऑडिट भी कराया जाएगा। वहीं, स्वच्छ पेयजल के लिए सबमर्सिबल पंप, वाटर कूलर और आरओ सिस्टम को दुरुस्त किया जा रहा है।

### किचन और डाइनिंग हॉल होगा बेहतर

मेस, किचन और डाइनिंग हॉल की मरम्मत व पेंटिंग के साथ हॉस्टल तक जाने वाली सड़कों को भी बेहतर किया जा रहा है। क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल और प्रवेश द्वारों की मरम्मत का कार्य भी जारी है।

# मां भारती के प्रति अटूट प्रेम, त्याग व राष्ट्रभक्ति का अमर मंत्र है वंदे मातरम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम के अमर रचयिता, युग मनीषी श्रद्धेय बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय तथा सामाजिक न्याय एवं समानता के अग्रदूत राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति-चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन नमन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम माँ भारती के प्रति अटूट प्रेम, बलिदान, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का ऐसा अमर मंत्र है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान असंख्य क्रांतिकारियों और देशवासियों में नई ऊर्जा का संचार किया। श्रद्धेय बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने अपने साहित्य और कालजयी कृति आनंदमठ के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी का राष्ट्रगीत वंदे मातरम आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक प्रबल करता है। उनका साहित्य एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। श्री मौर्य ने सामाजिक न्याय के पुरोधा राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान, शिक्षा और समान अवसर दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। शिक्षा, सामाजिक सुधार और वंचित वर्गों के उत्थान के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज ने सामाजिक समानता और न्याय के विचारों को केवल व्यक्त ही नहीं किया, बल्कि उन्हें व्यवहार में लागू कर समाज में परिवर्तन की मजबूत नींव रखी। उनके विचार आज भी समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा देते हैं।

# पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 प्रवेश प्रक्रिया के तहत परास्नातक और पीजी प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को राहत दी है। विवि ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून कर दी है। इससे पहले ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित थी। अब अभ्यर्थियों को पांच दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पीजी और पीजी प्रोफेशनल कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनिल गौरव की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जा रही है। विवि प्रशासन ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे आवेदन पत्र भरने से पहले संबंधित पाठ्यक्रमों की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और अन्य दिशा-निदेर्शों को ध्यान से पढ़ लें ताकि आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

संक्षेप

## बाइक चोरी का आरोपी धराया, भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह शुक्रवार की सुबह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर कुसौली जाने वाले मार्ग के पास से बाइक चोरी के आरोपी आधार का पुरवा पेडरिया निवासी राजकुमार पुत्र हुबलाल को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमे मे वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उप निरीक्षक सौरभ यादव पुलिस बल के साथ शुक्रवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पास्को एक्ट के वांछित बल्दियान हण्डौर निवासी अभिषेक सरोज पुत्र दयाराम सरोज को ढकवा मोड़ के पास से धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## मारपीट व धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गौरही ओरीपुर नौगीर गांव निवासी दयाराम वर्मा पुत्र भागीरथी वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जून को आठ बजे वह अपने रिश्तेदार पिण्टू वर्मा के साथ सांगीपुर जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि गदियान ईट भट्ठे के समीप घात लगाए बैठे गांव के वीर बहादुर उर्फ बिरऊ, हीरालाल उर्फ अशोक पुत्रगण रामफेर वर्मा, शिवबक्श पुत्र रामपियारे व उनका भांजा ने एकराय होकर मारापीटा। आरोपियो ने गाली देते हुए पीड़ित के वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसके घर जाकर उसकी पुत्री को भी मारापीटा। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो पर किशोरी के अपहरण का केस

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जून को सुबह करीब सात बजे उसकी सोलह वर्षीया पुत्री को सूरज उर्फ सागर पुत्र विनोद कुमार निवासी छीटीपुर थाना महेशगंज बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। आरोपी ने अपनी मौसी रीना पत्नी वीरेन्द्र निवासिनी सराय रायजू की साजिश से घटना को अंजाम दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बदायूं में एक समुदाय के दो पक्षों के बीच हिंसा, छह घायल

बदायूं। जिले के इस्लामनगर कस्बे में शुक्रवार शाम टेंपो और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच हुई पथराव और मारपीट की घटना में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना इस्लामनगर क्षेत्र के कस्बे में शाम करीब साढ़े चार बजे टेंपो और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से लाठी-डंडों के साथ ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना में छह लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) हृदेश कुमार कठेरिया तथा क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) हृदेश कुमार कठेरिया ने बताया कि दोनों पक्ष एक ही समुदाय के हैं तथा मुर्गे के मांस की दुकानें संचालित करते हैं। उनके बीच पूर्व से विवाद चला आ रहा था। शुक्रवार को टेंपो और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद दोनों पक्षों में फिर विवाद हो गया, जिसके दौरान लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ मोहर्रम

## अकीदत, अनुशासन और गंगा-जमुनी तहजीब का दिखा अद्भुत संगम

एस.पी.सिंह परिहार

**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में मोहर्रम इस वर्ष भी गहरी आस्था, अटूट अकीदत और सामाजिक सौहार्द के अनुपम वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में निकले ताजिया जुलूसों ने पूरे जिले को धार्मिक भावनाओं से सराबोर कर दिया। ₹या हुसैन₹ की सदाओं, मातमी धुनों और पारंपरिक अखाड़ों के हैरतअंगेज करतबों के बीच जनपद ने एक बार फिर अपनी गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की।

मोहर्रम के अवसर पर कटरा बाजार, इकौना , वीरपुर , भिनगा , सोनवा , सिरसिया,मल्हीपुर, तथा गिलौला श्रद्धालुओं और दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने रहे। इन बाजारों में पारंपरिक शैली में सुसज्जित ताजियों की भव्यता, धार्मिक आयोजनों ने हर किसी का मन मोह लिया। शाम ढलते ही बाजारों की रौनक देखते ही बन रही थी। दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग ताजियों के दर्शन के लिए पहुंचे, विभिन्न ताजिया समितियों द्वारा निकाले गए जुलूसों में अनुशासन और धार्मिक मर्यादा का विशेष ध्यान रखा गया। अखाड़ों के युवाओं ने पारंपरिक युद्धक कलाओं और करतबों का शानदार प्रदर्शन कर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं मातमी जुलूसों में शामिल अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की कुबार्नी को याद करते हुए गम का इजहार किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग की सहभागिता ने इस आयोजन को और अधिक गरिमामय बना दिया। मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी तथा अन्य अधिकारी लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। जुलूस मार्गों पर यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग और आवश्यक नागरिक सुविधाओं का भी प्रभावी प्रबंधन किया गया, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। निर्धारित समयानुसार विभिन्न कर्बला स्थलों पर ताजियों का सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान सभी समुदायों के लोगों ने आपसी सम्मान, सहयोग और सद्भाव का परिचय दिया। स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवकों और ताजिया समितियों ने प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोहर्रम का यह आयोजन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि श्रावस्ती की सामाजिक एकता, सांप्रदायिक सौहार्द और साझा सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आया। बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुए इस पर्व ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि जब प्रशासन की सजगता और समाज का सहयोग साथ हो, तो बड़े से बड़ा आयोजन भी अनुशासन, शांति और सौहार्द के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है। श्रावस्ती ने एक बार फिर पूरे प्रदेश के सामने भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

## मोहर्रम की तैयारियों का डीएम और एसपी ने लिया जायजा

श्रावस्ती। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने जिले के विभिन्न कर्बला स्थलों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने जमुनहा तहसील के नसीरगंज, बदला चौराहा, हरबंशपुर तथा गिलौला और इकौना क्षेत्र के कर्बला स्थलों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जोनल, सेक्टर और पुलिस अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि मोहर्रम के दौरान यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या विवाद की आशंका हो तो तुरंत अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष या उपजिलाधिकारी को सूचना दें, ताकि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण किया जा सके। इस मौके पर संबंधित क्षेत्रों के उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

## मोहर्रम पर निकला ताजिया का जुलूस

**प्रतापगढ़।** तहसील इलाके में शुक्रवार को ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। गाजे बाजे के साथ नगर एवं ग्रामीण इलाकों में निकाले गये ताजिए के जुलूस को लेकर पुलिस की मुस्तैदी भी बनी दिखी। जुलूस के दौरान युवाओं ने जंग की याद में करतब दिखलाए जो लोगों में आकर्षण का केन्द्र भी बना दिखा।

इसके बाद नगर व गांव में कर्बला में नम आंखों से ताजिए दफन किये गये। लालगंज नगर पंचायत के बाजार खास से निकला ताजिए का जुलूस कालाकांकर रोड, घुइसरनाथ रोड से होते हुए कर्बला पहुंचा। वहीं खानापटटी से गाजे बाजे के साथ निकाला गया ताजिए का जुलूस लालगंज बाजार होते हुए महिमापुर पुल से कर्बला पहुंचा। उधर क्षेत्र के रानीगंज कैथौला, ढिगवस, जलेशरगंज, रामपुर बावली, सांगीपुर, मसनी, पिंजरी, मुस्तफाबाद, रेहुआ लालगंज, दीवानगंज, कुम्भीआइमा, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, साहबगंज बाजार, तिलौरी, में भी अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए गम का इजहार किया। मातमी धुन में गाजे बाजे के साथ निकले जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग व बच्चे शामिल हुए। खानापटटी मदरसा दारूल उलूम बाबुननबी के हजरत मौलाना रहमानी मियां ने कहा कि कुरान की तालीम को अमल करने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि अल्लाह से मुसलमानों पर अहलेबैत की मोहब्बत को फर्ज किया है। इस मौके पर एबादुर्रहमान, मो. शकील, बेलाल रहमानी, आसिफ अली, इस्तियाक, मो0 मुकीम, डा0 वकील अहमद, डा0 अनीस खान, मो0 फारूक, निसार अहमद, मो0 असलम, इरफान, मो0 ईसा, जावेद खां, शेरू खां, हाजी मोहम्मद शरीफ, मो0 रजा, जियावल, अहमद रजा आदि रहे।

## 2.365 किलो गांजा और 19.82 लाख नकद बरामद

### श्रावस्ती पुलिस की मिली बड़ी सफलता, दो गिरफ्तार

श्रावस्ती। मोहर्रम के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना मल्हीपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने 2 किलो 365 ग्राम अवैध गांजा, 19,82,645 रुपये भारतीय मुद्रा, 320 रुपये नेपाली मुद्रा तथा गांजा पैक करने और तौलने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर महेन्द्र कुमार सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की।

पुलिस ने शिवप्रसाद पुत्र परसराम और लक्ष्मी पत्नी बिकाऊलाल जायसवाल, निवासी ग्राम जमुनहा भवनियापुर, थाना मल्हीपुर को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी नेपाल से गांजा मंगवाकर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर परचून की दुकान से चोरी-छिपे बेचते थे। तलाशी के दौरान पुलिस ने 2.365 किलोग्राम गांजा, गांजा पीने की चिलमें, पैकिंग सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन, नेपाली पासपोर्ट और बिक्री से जुड़े 19.82 लाख रुपये नकद बरामद किए। इस मामले में थाना मल्हीपुर पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।पुलिस का कहना है कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज की ओपीडी का समय बदला

### सुबह 8 से शाम 4 बजे तक मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

सिद्धार्थनगर।माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओपीडी संचालन का नया समय लागू कर दिया गया है। प्राचार्य के निर्देशानुसार अब सभी ओपीडी सेवाएं प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगी। नई व्यवस्था के तहत मरीजों का पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद नए मरीजों का पर्चा नहीं बनाया जाएगा, जबकि पहले से पंजीकृत मरीजों का उपचार निर्धारित समय तक जारी रहेगा। अस्पताल प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि नई व्यवस्था से ओपीडी संचालन अधिक सुव्यवस्थित होगा और दूरदराज से आने वाले मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

## बांसी में गम और मातम के बीच मना मोहर्रम

बांसी, सिद्धार्थनगर। एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव अन्य राजस्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मो0 इद्रीश राईनी उर्फ पटवारी राईनी के उपस्थिति में नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में शुक्रवार को मोहर्रम का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज और गहरी अकीदत के साथ मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 शहीदों की याद में ताजिया जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। मोहर्रम इस्लाम धर्म के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। नगर के सभी इमाम चौकों पर गुरुवार रात ताजिए स्थापित किए गए। शुक्रवार को शास्त्री नगर वार्ड स्थित इमाम चौक से ताजिया जुलूस प्रारंभ होकर अकबरनगर, श्यामनगर, टेकधर नगर, राजेंद्रनगर और आर्यनगर होते हुए पटेल नगर स्थित इमामबाड़ा पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में मातमी अकीदत और गमगीन माहौल के बीच लोगों ने हजरत इमाम हुसैन को खिराज-ए-अकीदत पेश की। जुलूस में इब्राहिम शेख, इसरार अहमद, सदर-ए-आलम, नबीउल्लाह, मुस्तकीम, रमजान, जौहर, शमशाद अली (पांचू), सईद, मुजम्मिल, मोनू सलमानी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

मोहर्रम जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय, क्षेत्राधिकारी शुभेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक पुलिस बल के साथ पूरे समय मुस्तैद रहे। प्रशासन की सतर्क निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के चलते जुलूस सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

### को0 मृत्युंजय पाठक की सतर्क निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मोहर्रम

बांसी, सिद्धार्थनगर। कोतवाली बांसी क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक (कोतवाल) मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में मोहर्रम का ताजिया जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। मोहर्रम से पूर्व ही कोतवाल मृत्युंजय पाठक ने धर्मगुरुओं एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ संवाद कर शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की थी। उनकी रणनीतिक तैयारियों और पुलिस की सक्रिय निगरानी के चलते पूरे क्षेत्र में मोहर्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बांसी कस्बा एवं उपनगर नरकटहा में अकीदतमंदों ने पूरी श्रद्धा के साथ ताजिया जुलूस निकाला, जिसे पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

## भैंस लदी पिकअप पलटी, एक की मौत

श्रावस्ती। जनपद के इकौना थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में भैंस लदी पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई और विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, इकौना-भिनगा मार्ग पर भोजपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और बिजली के खंभे से जा टकराई। दुर्घटना में शेषराज पुत्र श्यामसुंदर, निवासी ललई पुरवा, परशुरामपुर, खैरी कला, कोतवाली भिनगा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि शेषराज जनपद संतकबीरनगर के नारायनपुर से भैंस खरीदकर पिकअप से अपने घर लौट रहे थे। भोजपुर मोड़ के पास किसी कारणवश वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## काला नमक रेस्टोरेंट मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गये

जोगिया सिद्धार्थनगर। क्षेत्राधिकारी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षक व थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में जोगिया उदयपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित काला नमक रेस्टोरेंट में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुगार्शंकर, रामऔतार (दोनों निवासी मदरहना, थाना उसका बाजार) तथा बाबूलाल (निवासी वर्डपुर नंबर-7, संग्रामपुर, थाना मोहाना) को जगमोहनी-सनई मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। तीनों के विरुद्ध थाना जोगिया उदयपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 89/2026 के तहत कार्रवाई करते हुए आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक आनंद शाही, मुख्य आरक्षी जितेंद्र सिंह तथा आरक्षी कृपा शंकर शामिल रहे।

## हत्या के मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर । भवानीगंज थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में भवानीगंज थाना पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमा संख्या 81/2026, धारा 103(1) व 115(2) बीएनएस से संबंधित वांछित आरोपी महेश यादव और ओमप्रकाश यादव उर्फ कल्लू, दोनों निवासी ग्राम भैसहिया, थाना भवानीगंज को गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह, उपनिरीक्षक रामशब्द यादव, आरक्षी चन्द्रेश कुमार एवं कांस्टेबल रोशन राय शामिल रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में डुमरियागंज थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस ने मुकदमा संख्या 108/2026, धारा 137(2), 87, 64(1), 351(3) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी शाहिद राजा पुत्र सुकुरुल्लाह, निवासी सेखुई, थाना डुमरियागंज को गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार, कांस्टेबल आदित्य पांडेय एवं आरक्षी प्रमोद कुमार शामिल रहे।

## 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग अभियान

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान एवं आगामी पल्स पोलियो बूथ दिवस के सफल संचालन हेतु जनपद स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर सभी अभियानों का प्रभावी एवं व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई तक संचालित किया जाएगा, जबकि इसके अंतर्गत दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। साथ ही 28 जून 2026 को पूरे देश में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत पोलियो बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को माइक्रो प्लान तैयार कर लक्षित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित रूप से फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव एवं विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किए जाएं। उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां नालियों की नियमित सफाई, जलभराव की समस्या का समाधान, खुली नालियों को ढकने, कूड़े के समुचित निस्तारण तथा सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की कटाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरुष डा. परितोष शुक्ल, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, समस्त एमओआईसी सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कच्ची दीवार ढहने से युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। घर से बाहर जाते समय अचानक कच्ची दीवाल भरभरा कर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के मजरा सराय निवासी पप्पू पुत्र गयादीन लगभग 45 वर्ष शुक्रवार को पुराने घर से बाहर निकल रहा था तभी कच्ची दीवाल भरभरा कर गिर गई इसके नीचे दब के वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पप्पू की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सड़क हादसों में पांच घायल

जसवंतनगर, इटावा। आगरा-इटावा राजमार्ग पर शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दंपती समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर उच्च केंद्र रेफर कर दिया गया। पहली घटना राजमार्ग पर मलाजनी के समीप निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास हुई। हविलिया मानिकपुर विशु गांव निवासी 39 वर्षीय आनंद अपनी 38 वर्षीय पत्नी के साथ मथुरा से बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे मलाजनी के समीप पहुंचे, पीछे से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना राजमार्ग पर गांव डुडहा के पास हुई। यहां दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। हादसे में औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव नगला जमुना निवासी 36 वर्षीय राजीव पुत्र रमेश चंद्र, डुडहा निवासी 27 वर्षीय मुनेश पुत्र मोहनलाल तथा 22 वर्षीय अमन पुत्र मुन्नालाल घायल हो गए। तीनों को घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया गया।

## पति ने मोबाइल टावर से लटककर किया सुसाइड

इटावा। एक पति ने पत्नी से विवाद के बाद मोबाइल टावर से लटक कर सुसाइड कर लिया। पति-पत्नी से लड़ाई होने के बाद बिना किसी को बताए घर से निकल गया। इसके बाद घर से करीब 500 मीटर दूर उसने मोबाइल टावर से लटक कर दुपट्टे का फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। ग्रामीणों ने जब पति का शव टावर से लटका देखा तो पूछताछ की। काफी देर तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। बाद में साले ने पहचान कर परिजनों को सूचित किया। जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ये मामला इटावा के बसरेहर थाना क्षेत्र के यासी नगर का है। 12 दिन पहले पति पत्नी के साथ मोहर्रम मनाने अपनी ससुराल आया था। वो ताजिया ही ले जाने वाला था। लेकिन गुरुवार शाम उसने शराब पी ली। शराब पीकर घर आया तो पत्नी उससे झगड़ा करने लगी। इसी बात से नाराज होकर उसने सुसाइड कर लिया। मरने वाले युवक का नाम इकराम हुसैन (30) था। इकराम का निकाह 6 साल पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के सती मोहल्ले की निवासी आयशा के साथ हुआ था।

# गाजे- बाजे ढोल, नगाड़े के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस

### कलाकारों ने दिखाये तरह तरह के करतब

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ निकाला गया मुहर्रम के ताज़िए का जुलूस या हसन के नारे लगाते रेलवे बस स्टेशन पर पहुंचा। जुलूस के पहुंचते ही वहां मेला जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया। जुलूस के साथ साथ चल रहे कलाकार जगह जगह रुक कर तरह तरह के कला का प्रदर्शन करते देखे गए।

बताते चलें कि मुहर्रम के दिन शुक्रवार को चौरा बाल बुजुर्ग मुण्डेरा बाजार आदि जगहों से ताज़िए का जुलूस धूमधाम के साथ निकाला गया।जो क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर आपस में ताज़िए का मिलन कराया गया।इसी दौरान करतब दिखाने वाले भी लोगों को लाठी भाजना, तलवार भाजना जैसे तरह तरह के करतब दिखाए।लोग कलाकारों की कलाकारी से काफी प्रसन्न दिखे। नगर पंचायत चौरीचौरा के अध्यक्ष सन्नी जायसवाल ने कलाकारों को बधाइयां दी। नगर पंचायत की ओर से लोगों के लिए पेय जल व पेय पदार्थ की व्यवस्था की गई थी जिसका लोगों ने खूब आनन्द उठाया। कार्यक्रम के बाद सभी ताजियादार अपने अपने ताजिया कर्बला पर ले गए। जहां लोगों ने मेले का आनंद उठाया। सुरक्षा की दृष्टिकोण से थाना प्रभारी चौरीचौरा वेदप्रकाश शर्मा मय दल-बल के साथ मुस्तैद देखें गये।

## मोहर्रम की दसवीं पर अकीदत के साथ निकला जुलूस

**पिपरौली,गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के कस्बा पिपरौली बाजार में मोहर्रम की दसवीं (यौमे आशूरा) पर शुक्रवार को अकीदत और एहतराम के साथ ताजिया जुलूस निकाला गया। कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से निकले ताजिये पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ मुख्य मार्गों से होते हुए निर्धारित स्थल पर पहुंचे, जहां युवाओं ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल और गमगीन फिजा देखने को मिली।

मोहर्रम इस्लामी वर्ष का पहला महीना माना जाता है। इस महीने में कर्बला की जंग में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद करते हुए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में पांचवीं, सातवीं, नौवीं और दसवीं मोहर्रम को ताजिया जुलूस निकालने की परंपरा का निर्वहन किया गया।

दसवीं मोहर्रम के अवसर पर निकले जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस अपने पारंपरिक मार्गों से गुजरते हुए कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार फातिहा पढ़ी गई और ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इसके साथ ही मोहर्रम पर्व का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए अमन, भाईचारे और इंसानियत के संदेश को याद किया।

मोहर्रम जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम सहजनवा केसरी नंदन तिवारी, गीडा थानाध्यक्ष अश्विनी पांडेय तथा पिपरौली चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम की निगरानी करते रहे।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, इकरार खान, अजीज अहमद, सेराज आलम, अलाउद्दीन, फखरुद्दीन, सईद, मोहम्मद सैफ शेख सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## मोहर्रम के ताजिए के दौरान प्रसाद लेने को लेकर हुआ विवाद

जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला कटरा विल्लोचियाँन में मोहर्रम के ताजिए के प्रसाद को लेकर हुए विवाद में तीन बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परीक्षण कराया। पीड़ित पक्ष ने दो युवकों के खिलाफ थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कटरा विल्लोचियाँन निवासी चांदनी पत्नी तारिक कुरैशी ने बताया कि उनकी पुत्री सानिया तथा पुत्र फरहान सहित अन्य बच्चे मोहर्रम के ताजिए देखने गए थे। इस दौरान बच्चे वहां लगे नल पर पानी पीने के बाद ताजिए का प्रसाद लेने लगे। आरोप है कि पीछे खड़े मोहल्ले के ही दो युवकों ने बच्चों के हाथ से प्रसाद छीन लिया। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने ईंट-पत्थर और बेल्ट से बच्चों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में सानिया, फरहान समेत तीन बच्चों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया। थाना प्रभारी कमल भाटी ने बताया कि मामले में प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है। आरोपों की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ऊसराहार पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दो घंटे में खोजकर मासूम बच्ची को परिजनों को सौंपा

ऊसराहार, इटावा। स्थानीय पुलिस ने मुस्तैदी और तत्परता का परिचय देते हुए कस्बा ऊसराहार से भटकी एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची को महज दो घंटे के भीतर सकुशल खोज निकाला। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी कर बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, जिसके बाद परिवार ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है। गुरुवार शाम करीब पांच बजे ग्राम रम्पुरा निवासी अखिलेश कुमार की 5 वर्षीय पुत्री गाइऊ अचानक कस्बा ऊसराहार से रास्ता भटक गई थी। बच्ची के लापता होने की सूचना जैसे ही थाना पुलिस को मिली, महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी बलराज भाटी ने बिना वक्त गंवाए तत्काल पुलिस टीम का गठन किया और बच्ची की तलाश में चारों तरफ घेराबंदी शुरू कर दी। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि पुलिस टीम की कड़ी मशक्कत और त्वरित कार्रवाई के चलते भटकी हुई बच्ची को महज 2 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को उसके चाचा राजेश कुमार पुत्र विजय बहादुर निवासी रम्पुरा को सकुशल सुपुर्द कर दिया। अपनी लाडली को सही-सलामत वापस पाकर परिजनों की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने ऊसराहार पुलिस की इस मानवीय व त्वरित कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया मासूम को सकुशल खोजकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## राधास्वामी क्रिटिकल केयर सेंटर में महिला की मौत

इटावा। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत भरथना रोड पर स्थित राधा स्वामी क्रिटिकल केयर नाम के अस्पताल में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के महना गांव निवासी सुषमा देवी 60 पत्नी जवाहरलाल का अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के महना गांव निवासी सुषमा देवी 60 पत्नी जवाहरलाल का अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि मौत होने के बाद भी अस्पताल के लोग मृत को रेफर करके मामला दबाने के प्रयास कर रहे थे जिसके बाद घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को अस्पताल के बाहर रखकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि डाक्टरों की लापरवाही से महिला की जान चली गई। मृतका की पुत्र वधु ने बताया कि बुधवार को बाजार से घर आते वक्त वंशी व महना के बीच बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। गुरूवार को वह इटावा भरथना रोड पर स्थित राधा स्वामी क्रियकिल केयर सेंटर में इलाज के लिए लेकर आया था।

## मुख्यमंत्री ने दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत भाजपा कार्यकताओं जयप्रकाश राव और विशाल गुप्ता के घर जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री पहले व्यापारी नेता और भाजपा कार्यकर्ता विशाल गुप्ता के कूड़ाघाट स्थित घर पर पहुंचकर स्वर्गीय गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विशाल गुप्ता के पुत्र प्रतीक गुप्ता, विजित गुप्ता, भाई गोपाल गुप्ता, मोहित गुप्ता व अन्य परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद मुख्यमंत्री जी आवास विकास कॉलोनी महादेव झारखंडी स्थित जय प्रकाश राव के आवास गए और भाजपा मालवीय नगर मंडल के उपाध्यक्ष रहे जयप्रकाश राव का विगत दिनों निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने स्मृतिशेष राव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## केके. त्रिपाठी प्रदेश प्रभारी मनोनीत

इकदिल, इटावा। परशुराम समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने इटावा निवासी के. के. त्रिपाठी सेवानिवृत आर्मी को परशुराम समिति भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सम्राट ने श्री त्रिपाठी से आशा व्यक्त की है कि वह भूतपूर्व सैनिकों को जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगें श्री त्रिपाठी को भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी मनोनीत किये जाने पर परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मिशन संभव अभियान जुलाई से सितम्बर तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की वृद्धि की समीक्षा की जाएगी, जिससे यह आकलन किया जा सके कि एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रयासों से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में कितना सुधार हुआ है। अगस्त माह में पोषण एवं छह माह से कम आयु के शिशुओं की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जबकि सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाते हुए ऊपरी आहार प्रोत्साहन एवं पोषण संबंधी गतिविधियों का व्यापक आयोजन किया जाएगा। बैठक में अवगत कराया गया कि पोषण ट्रैकर पर फेस कैप्चर एवं ई-केवाईसी एफआरएस की प्रगति 97.32 प्रतिशत है, जबकि चकरनगर क्षेत्र में 482 तथा बढ़पुरा क्षेत्र में 448 लाभार्थियों का कार्य अवशेष है। इस पर जिलाधिकारी महोदय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन लाभार्थियों का फेस कैप्चर एवं ई-केवाईसी नहीं होगा, वे योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## विधायक ने सड़कों व नालियों का किया लोकार्पण

### विस चौरीचौरा विकास के पथ पर हो रहा लगातार अग्रसर : ई .सरवन निषाद

चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा चौरी चौरा विधायक ई सरवन निषाद ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के करौता में आरसीसी नाली का शुभारंभ , जमरू में लोकार्पण किया, जद्दूपुर में सड़क का लोकार्पण किया और चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक ने कहा कि चौरी चौरा विधानसभा लगातार विकास पथ की ओर अग्रसर है। जनता के सहयोग और विश्वास से विकास की यात्रा नियंत्रण जारी रहेगा और हमारा संकल्प है कि क्षेत्र में बेहतर सड़क शिक्षा स्वास्थ्य एवं अनमोल सुविधाओं का विस्तार कर प्रत्येक व्यक्ति तक विकास कार्यों का लाभ पहुंचा सकूं। लोगों के जीवन में खुशहाली भर जाए।इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह जो सड़के बन रही हैं यह जन सुविधाओं को सीधे अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास है। आज देश और प्रदेश में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का जो नारा है उसको साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में बिचौलियों की चांदी होती थी। योजनाओं में जातिवाद और भाई भतीजावाद होता था। आज गरीब व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सीधे मिल रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित जिला मंत्री सुग्रीव तिवारी , मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा , विनय गुप्ता , अजीत तिवारी , ओमप्रकाश तिवारी विजय निषाद , शैलेश निषाद,सुबास निषाद, राममोहित निषाद , देवेंद्र निषाद , मकसूदन निषाद , सूरज निषाद ,ग्राम प्रधान गोविंद यादव , अमरनाथ गुप्ता , राकेश राय , जीतू राय , शंभु प्रसाद, नन्दलाल , लौहर यादव , दूधनाथ , माला देवी, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## शहादत के रूप मना मोहर्रम

पाटन, उन्नाव। धर्म और अत्याचार के खिलाफ सच्चाई और इंसानियत की रक्षा के लिए दी गई एक महान कुबार्नी के रूप में हम मोहर्रम के त्यौहार को मनाते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत वर्ग विशेष द्वारा मोहर्रम का यह त्यौहार शहादत के रूप में गमी के साथ मनाया गया। बताया गया कि यजीत की सत्ता को मानने से इनकार करने के बाद इराक के कर्बला के मैदान में जहां रेगिस्तान ही रेगिस्तान था। पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और यजीद की सेना के बीच उसी स्थान पर भयंकर युद्ध हुआ जहां इमाम हुसैन व उसके 72 साथियों को जो युद्ध के दौरान पानी की एक-एक बूंद के लिए बेहाल थे सैनिकों सहित इमाम हुसैन को घेर कर मौत के घाट उतार दिया गया था। उनकी इस शहादत को मोहर्रम के रूप में आज भी देखा जा रहा है। इस्लाम के अनुयायियों द्वारा शुक्रवार को कस्बा बीघापुर के अलग-अलग स्थानो सहित पाटन, तेवरिया, बिहार, मनिकापुर, भगवंत नगर, लिलिया, सवाइन में छोटे बड़े ताजिए निकल कर मातमी ध्वनि के साथ हुसैन की याद में नातिया कलाम पढ़कर मातम मनाया गया। वही हैदरिया अखाड़ा सहित अन्य अखाड़े के छोटे-बड़े लोगों द्वारा बनेठी, लाठी- डंडा से करतब दिखाए गए। देर शाम ताजिया दारों द्वारा ताजियों को दफनाने की परंपरा निभाई गई। मोहर्रम के त्योहार पर प्रशासन द्वारा कड़ी चैकसी बरती गई और प्रशासन ने गाइडलाइन के अनुसार मोहर्रम के इस त्यौहार की परंपरा का उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार गणेश सिंह, नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, थाना प्रभारी बिहार राहुल सिंह, थाना प्रभारी बीघापुर व थाना प्रभारी बारासगवर धर्मेंद्र नाथ मिश्र द्वारा संपन्न कराया गया।

## मोहर्रम पर सबील-ए-इमाम हुसैन का आयोजन

ताखा, ऊसराहार। मोहर्रम के पवित्र महीने के अवसर पर शुक्रवार को कस्बा समथर में मस्जिद के मौलाना मुहम्मद नोमान रजा ने श्सबील-ए-इमाम हुसैनश के तहत शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों को ठंडा शरबत पिलाकर हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की कुबार्नी को याद किया गया। मौलाना मुहम्मद नोमान रजा ने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को कई दिनों तक पानी से वंचित रखा गया था। उनकी इसी प्यास की याद में हर वर्ष सबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन का संदेश इंसानियत, न्याय, त्याग और अमन-चैन का है, जिसे समाज में अपनाने की आवश्यकता है। इस मौके पर बसीम खां, नसीब खां, आजाद हुसैन, आरिफ खां, मेहदी हुसैन, हन्नान खां, राजा, अरबाज खां, इनासुद्दीन, सरफत खां, फिरोज खां, छोटू, भोले, बाबुद्दीन खां, निजामुद्दीन समेत अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

## भगोड़े नेताओं को पद दे रही भाजपा : शिवपाल सिंह

इटावा। जसवंतनगर में गुरुवार को ताजियादारी कार्यक्रम में पहुंचे सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किए गए नेताओं को लेकर सवाल उठाए और सपा छोड़कर भाजपा में गए नेताओं पर बिना नाम लिए हमला बोला। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने किसी को निकाला नहीं है, बल्कि कुछ लोग पार्टी छोड़कर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर गए हैं, उन्हें पहले अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए था। अब भाजपा ऐसे नेताओं को पद दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नेता भगोड़े हैं और आने वाले समय में जनता इन्हें जवाब देगी। वहीं भगवान राम को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर प्रतिक्रिया देने से शिवपाल सिंह यादव ने इनकार कर दिया। उन्होंने कहा वह स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों को गंभीरता से नहीं लेते। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में पिछड़ा वर्ग के नेताओं को ज्यादा जगह दिए जाने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फामूर्ले से घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब उसी दिशा में कदम बढ़ा रही है, जिस मुद्दे को समाजवादी पार्टी लगातार उठा रही है।

## गंगा पद यात्रा किसानों को समृद्ध, मातृशक्ति को स्वावलंबी बनाने का जनआंदोलनः अनुराग त्रिवेदी

पाटन, उन्नाव। ऋत फाउंडेशन के संस्थापक अनुराग त्रिवेदी के नेतृत्व में निकली गंगा पदयात्रा का आज का चरण ग्राम स्वावलंबन, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन के संकल्पों को समर्पित रहा। यात्रा विभौरा से शुरू होकर निधनखेड़ा, साहिबी खेड़ा, दीनाखेड़ा, कर्मी, गढ़ेवा, भागूखेड़ा, पिपरासर, गुलरिहान खेड़ा, पसनिया खेड़ा, रातूवाखेड़ा, मानपुर, कटरी दीवानखेड़ा, लछमिनिया कटरी और कटरी भदैया खेड़ा होते हुए गंगानगर पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर मां गंगा की स्वच्छता, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। अनुराग त्रिवेदी ने किसानों को जैविक खेती अपनाने, केले की वैज्ञानिक खेती एवं उसके अपशिष्ट से जैविक खाद और अन्य उत्पाद तैयार करने की जानकारी दी। सब्जी उत्पादक किसानों से रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव पर चर्चा करते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। यात्रा के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों की समस्याएं सुनी गईं। निषाद समुदाय के साथ संवाद कर बाढ़ के समय शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन और आजीविका से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई तथा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का संकल्प लिया गया। अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि गंगा पदयात्रा गांवों को आत्मनिर्भर, किसानों को समृद्ध, मातृशक्ति को स्वावलंबी और मां गंगा को निर्मल-अविरल बनाने का जनआंदोलन है। गांव-गांव मिल रहे जनसमर्थन ने इस यात्रा को विकास और जनभागीदारी का व्यापक अभियान बना दिया है।

## सीडीओ ने बाबू के आरोपों की जांच के आदेश दिए

जिला संवाददाता

**ऊसराहार, इटावा।** ताखा ब्लाक मे तैनात स्थापना बाबू अवधेश शर्मा एक बार फिर गंभीर विवादों और जांच के घेरे में आ गए हैं। इस बार मामला ताखा ब्लॉक से जुड़ा है, जहां खंड विकास अधिकारी के मना करने के बावजूद सरकारी जीप को कथित तौर पर अपने एक साथी बाबू के साथ मिलकर बेंच देने का संगीन आरोप लगा है। इस मामले से जुड़ा एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतम ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दे दिए हैं। सीडीओ ने मामले की निष्पक्ष जांच डीडीओ को सौंपी है। विभागीय हलकों में चर्चा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपी बाबू पर एक बार फिर बड़ी गाज गिर सकती है। आडियो वायरल होने के बाद चर्चा में आए ?स्थापना बाबू अवधेश शर्मा का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले जब वे महेवा ब्लॉक के बकेवर स्थित क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान मे स्थापना बाबू के पद पर तैनात थे तब उन्होंने संस्थान के आचार्य के विरूद्ध भी एक महिला के साथ मिलकर साजिश रची थी, मामले की शिकायत आचार्य ने जिलाधिकारी से की थी, उस समय अवधेश शर्मा को निलवित कर ताखा ब्लाक से संबद्ध कर दिया गया था, इसके बाद अवधेश बाबू पर बकेबर थाने मे एक दलित महिला ने संगीन आरोप लगाते हुए दलित एक्ट के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया था, महिला का पति इसी ट्रेनिंग सेंटर पर आउटसोर्सिंग के तहत चपरासी था, उस समय महिला को परेशान करने के गंभीर आरोप लगे थे। अब ताजा प्रकरण ताखा ब्लॉक का है, जहां एक कंडम सरकारी जीप को ठिकाने लगाने के खेल का भंडाफोड़ हुआ है। बताया जा रहा है कि बीडीओ ने इस गाड़ी को लेकर स्पष्ट मना किया था, लेकिन इसके बावजूद अवधेश शर्मा ने अपने एक अन्य सहयोगी बाबू शाकिर के साथ मिलकर मिलीभगत की और गाड़ी को कथित रूप से बेच दिया। अब इस सौदेबाजी और बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विकास भवन से लेकर ब्लॉक मुख्यालय तक हड़कंप मचा हुआ है वही ब्लाक मुख्यालय से सरकारी जीप बीडियो के मना करने के बाद भी बेंचे जाने की बात सामने आने के बाद ब्लाक प्रमुख भी सक्रिय हो गई है, उनके प्रतिनिधि ध्रुव यादव ने बताया अब वह ब्लाक के सभी स्टॉक की जांच करवा रहे हैं हो सकता है जीप के अलावा कुछ और भी गायब किया गया हो बायरल हो रहे आडियो की अखबार कोई पुष्टि नही कर रहा है लेकिन बाबू अबधेश शर्मा आडियो की इस बातचीत को स्वीकार भी कर रहे हैं, अब वह कह रहे हैं फोन पर बातचीत मजाक के लिए कर रहे थे।

संक्षेप

## महिला से अभद्रता और धमकी का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने युवक पर अभद्र व्यवहार करने, संबंध बनाने का दबाव बनाने, जान से मारने की धमकी देने और अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि वह सिलाई का कार्य करती है। आरोप है कि आरोपी पहले उसकी दुकान पर कपड़े सिलवाने आया था। इसके बाद से वह लगातार उसका पीछा करने लगा और रास्ते में रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग करने के साथ जबरन अपने साथ ले जाने की धमकी देता रहा। महिला का आरोप है कि 28 मई को आरोपी ने मोबाइल पर अवैध असलहा दिखाकर संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने और अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर उसने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस की महिला पदाधिकारी ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

लखीमपुर खीरी। कांग्रेस भवन पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मंजू मिश्रा की अध्यक्षता में जिला महिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महिला आरक्षण बिल को महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर महिला कांग्रेस अनामिका यादव जी की गरिमा मई उपस्थिति रही। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अनामिका यादव ने कहां कि केंद्र की भाजपा सरकार को संसद और विधानसभा में महिलाओं को तत्काल 33% आरक्षण देने की मांग की उन्होंने भारत का सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं को आरक्षण देने के बजाय परिसीमन और जनगणना जैसी मुद्दों में उलझा रही है। आज हम सभी लोग महिला आरक्षण बिल को तत्काल लागू किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री को पोस्ट कार्ड लिख कर मांग करते हैं कि लोकसभा में मौजूद 543 सीटों में से ही 33% आरक्षण दे दीजिए। अभी पिछले सत्र में सरकार महिला आरक्षण बिल के नाम पर विधेयक लाई थी जो की महिला आरक्षण बिल नहीं था। संविधान संशोधन बिल था लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़कर 840 करने का बिल महिला आरक्षण का नाम पर 2023 में पास हो चुका है और सभी पार्टियों की सहमति से केंद्र सरकार चाहती है कि आरक्षण देने के लिए सीटें बढ़ा दो जबकि इन 543 सीटों में से ही 35% आरक्षण महिलाओं को दिया जा सकता है ' लेकिन सरकार की मंशा कुछ और है। हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत भी की उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित कोमल सिंह, चंद्र प्रभा अवस्थी, सरोजनी अवस्थी, नेहा पटेल, मीना वर्मा सुधा यादव मोहन चंद्र उप्रेती, राजन यादव, अब्दुल रहीम मेराज खान आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# बड़े बैनामों पर डीएम की पैनी नजर राजापुर पहुंचकर खुद की पड़ताल

- दो बड़े बैनामों की मौके पर जांच स्टांप शुल्क, सर्किल रेट और बाजार मूल्य का कराया मिलान

लखीमपुर खीरी। जिले में बड़े बैनामों की जांच अब फाइलों तक सीमित नहीं रहेगी। राजस्व हितों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने ग्राम राजापुर पहुंचकर दो बड़े बैनामों की मौके पर जांच की। डीएम के औचक निरीक्षण से स्टांप एवं निबंधन विभाग के अधिकारियों में हलचल मच गई।

डीएम ने पहले उप निबंधक कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन किया, इसके बाद तहसील एवं विकासखंड लखीमपुर के ग्राम राजापुर पहुंचकर बैनामों में दर्ज भूमि और आवासों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर भूमि का स्वरूप, निर्माण की स्थिति, क्षेत्रफल, बाजार मूल्य और लगाए गए स्टांप शुल्क का बारीकी से सत्यापन कराया। कई बिंदुओं पर नक्शों और राजस्व अभिलेखों का मौके की स्थिति से मिलान भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान सहायक महानिरीक्षक (स्टांप) अमिताभ कुमार एवं राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही। डीएम ने अधिकारियों से सर्किल रेट, संपत्ति के मूल्यांकन और स्टांप शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन बैनामों में कम मूल्यांकन, राजस्व क्षति या नियमों के उल्लंघन की आशंका होगी, उनकी गहन जांच कराई जाएगी। डीएम ने एआईजी स्टांप को निर्देश दिए कि प्रत्येक संदिग्ध बैनामे की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। यदि कहीं स्टांप शुल्क की चोरी, संपत्ति का गलत मूल्यांकन अथवा नियमों की अनदेखी सामने आती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शासन के राजस्व हित सर्वोपरि हैं और किसी भी स्तर पर राजस्व की क्षति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## वाहन की टक्कर से तीन युवक घायल

धौरहरा खीरी। धौरहरा क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में गोविंद (19) पुत्र चेतराम सिंह, निवासी शंकरपुर थाना ईसानगर, दीपक सिंह (23) पुत्र जयपाल सिंह तथा मुन्नूलाल (25) पुत्र उदय सिंह, निवासी ठाकुरनपुरवा शंकरपुर, थाना ईसानगर घायल हो गए। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी धौरहरा भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। बताया गया कि हादसे के समय बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच कर रही है।

## पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा 29 और 30 जून को

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 29 एवं 30 जून को आयोजित की जाएगी। इस वर्ष विश्वविद्यालय परिसर के कुल 19 विषयों में प्रवेश के लिए परीक्षा प्रस्तावित है।प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपने समर्थ लॉगिन के माध्यम से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें तथा अपने साथ प्रवेश पत्र और एक वैध फोटो पहचान पत्र अवश्य लेकर आएं। परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों से परीक्षा संबंधी सभी निर्देशों का पालन करने तथा अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई है।विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी नवीनतम सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बनाए रखें।

## दस दिन से बिजली संकट, ट्रांसफार्मर फुंके होने से ग्रामीणों में आक्रोश

पसगवा खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी क्षेत्र की तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के सुनौरिया ग्राम पंचायत में पिछले दस दिनों से दो ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण क्षेत्रवासियों का जनजीवन अस्त व्यस्त प्रभावित है। भयंकर गर्मी में आने वाले

मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से लोगों को भारी अक्रोश व्याप्त है। तथा ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों ट्रांसफॉर्मर खराब है,जिन्हें तत्काल मरम्मत के लिए हैंडल सेल विद्युत सप्लाई को कई बार टोल-फ्री नंबर पर सूचित किया गया,लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि फोन करने पर केवल रिमाइंडर और आश्वासन मिलता है,पर समस्या निस्तारित नहीं हुई। बिजली के बिना पानी पम्प,घरों में पंखे, छोटे उपकरण और दुकानों का संचालन ठप पड़ा हुआ है।स्थानीय किसान और दुकानें भी अंधेरे व बिजली न होने के कारण आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप और ट्रांसफार्मरों की त्वरित प्रत्स्थापना की मांग की है। यदि समस्या शीघ्र हल नहीं की गई तो प्रतिनिधिमंडल द्वारा उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजे जाने व प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई है,जब इस मामले पर एसडीओ मोहम्मदी से बात की गई तो उन्होंने कहा हम दिखवाते है।

## बरसात होने से तापमान में गिरावट

जौनपुर। पिछले पन्द्रह दिनों से पड रही भीषण गर्मी और लू की चपेट से समूचे मछलीशहर तहसील क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त था। शुक्रवार की सुबह आसमान बादलों से घिरा और साढे छः बजे के करीब बारिश का सिलसिला गरज चमक के साथ जारी हो गया। इसी बीच हवा का बहाव थमा रहा। बारिश होने से तापमान में गिरावट आने से गर्मी से फौरी तौर पर राहत मिल गई है। बृहस्पतिवार को परिषदीय विद्यालय खोल दिये गये थे लेकिन भीषण गर्मी के कारण बच्चों की उपस्थिति कम ही रही थी। बारिश से सबसे ज्यादा लाभ धान की नर्सरी को होगा। इस सम्बन्ध में विकास खंड मछलीशहर के बामी गांव के किसान रवीन्द्र सिंह कहते हैं कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से धान की नर्सरी की ग्रोथ बेहद स्लो थी आज के बाद अगर बारिश का सिलसिला आगे भी जारी रहता है तो धान की नर्सरी में जल्द ही रौनक आ जायेगी।

## बंदरों के झुंड से बचने के प्रयास में छत से गिरी विवाहिता की मौत

जालौन। जिले के कदौरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बंदरों के झुंड से बचने के प्रयास में छत से गिरकर एक विवाहिता की मौत हो गई।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पाली निवासी मानसी (25) पत्नी दीपू अपने फूफा रामसेवक के घर अंबेडकर नगर, कदौरा में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। देर रात तक कार्यक्रम चलने के कारण वह वहीं रुक गई। भीषण गर्मी के चलते परिवार के सभी सदस्य छत पर सोए थे। 10 से 15 बंदरों का झुंड छत पर पहुंच गया। बंदरों की आवाज से मानसी की नींद खुली और घबराहट में खुद को बचाने के प्रयास में उसका संतुलन बिगड़ गया। वह छत से नीचे फर्श पर गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई।

## पलिया ने गोला को हराकर फाइनल में बनायी जगह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राजेंद्र गिरि स्टेडियम में चल रहे बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के सेंट्रल जोन क्रिकेट टूनार्मेंट के चैथे दिन खेले गए मुकाबले में पलिया ने गोला को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पलिया की टीम ने चार मैचों में तीसरी जीत दर्ज करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली।

गुरुवार को खेले गए मैच में गोला की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 12 ओवर में टीम 75 रन ही बना सकी। जवाब में पलिया की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। पलिया की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले विनोद मौर्य को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उनकी हरफनमौला खेल की बदौलत टीम ने एकतरफा जीत दर्ज की। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे गोला और खंभारखेड़ा के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच की विजेता टीम का सामना दोपहर 3रू30 बजे फाइनल में पलिया से होगा। इस दौरान धर्मेंद्र सचान, मीडिया प्रभारी सतीश श्रीवास्तव, चेतराम बघेल, विनय शंकर चौबे, गोपाल जायसवाल, तनवीर अहमद, शोभन औदिच्य, अनीस पाठक, विजय पांडेय, मुन्ना राठौर, आर.एस. यादव, शुभम शर्मा, सुनील पांडेय, अमित तिवारी, शैलेंद्र शाह और गिरजा शंकर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## घर में घुसकर बालिकाओं से छेड़छाड़ के प्रयास का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र की अजान पुलिस चैकी अंतर्गत एक गांव में युवक पर घर में घुसकर चोरी का प्रयास करने और बालिकाओं से छेड़छाड़ की नीयत से घर में घुसने का आरोप लगा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया, जिससे परिवार में नाराजगी और दहशत का माहौल है। परिजनों के अनुसार 24 जून की तड़के करीब तीन बजे परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। इसी दौरान गांव का ही एक युवक दीवार फांदकर घर में घुस आया। आरोप है कि वह पहले चोरी की नीयत से घर में दाखिल हुआ और फिर कमरे में सो रही बालिकाओं की चारपाई के पास पहुंच गया। आहट होने पर बालिकाओं की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी पीछे की दीवार फांदकर फरार हो गया। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पर दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने अजान पुलिस चैकी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## बाईपास पर कार-पिकअप की भिड़ंत, सिपाही समेत तीन घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नई बाईपास रोड पर शुक्रवार को एक ढाबे के निकट कार और पिकअप की आमने-सामने हुई भिड़ंत में गोला कोतवाली में तैनात एक सिपाही समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गोला कोतवाली में तैनात सिपाही जीशान अपनी निजी कार से नई बाईपास रोड होते हुए जंगल की ओर जा रहे थे। कार में उनके साथ एक युवती भी सवार थी। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार सिपाही जीशान और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पिकअप चालक हरिश्चंद्र पुत्र शंभूलाल निवासी मुड़िया थाना गोला भी दुर्घटना में घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने सिपाही जीशान और युवती की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि पिकअप चालक का उपचार किया गया। हादसे के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर यातायात सुचारु कराया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि कार और पिकअप की टक्कर में तीन लोग घायल हुए हैं। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मोहर्रम पर ताजिया दफनाये गये

लखीमपुर खीरी। मोहर्रम जुलूस को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित होने वाले ताजिया एवं जुलूसों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के लिए खीरी पुलिस द्वारा व्यापक एवं बहुस्तरीय सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है। एसपी के निर्देश पर कोतवाल सदर राजेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ तजियादारों से बात की। ताजिया को कर्बला पर दफनाया गया।

## गमगीन माहौल में सुपुर्द ए-खाक हुए ताजिए

पिपरिया धानी, खीरी। वीओएल। मोहर्रम की दसवीं तारीख पर शुक्रवार शाम रेहरिया क्षेत्र में गमगीन माहौल के बीच ताजिए कर्बला ले जाकर सुपुर्द-ए-खाक किए गए। या हुसैन की सदाओं और मातमी जुलूसों के बीच अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

रेहरिया क्षेत्र के मूड़ागलिब, छेड़ीपुर, पुरवा, पोखनापुर, बंजरिया सहित आसपास के गांवों से ताजिए निर्धारित मार्गों से होते हुए कर्बला पहुंचे। रास्ते भर अकीदतमंद मातम करते हुए जुलूस के साथ चलते रहे। कर्बला पहुंचने पर धार्मिक परंपराओं के अनुसार ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस के दौरान विभिन्न गांवों के ताजियों का मिलन भी हुआ, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन में भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रेहरिया पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अंकित चैधरी पुलिस बल के साथ पूरे समय मौजूद रहे। उनके साथ हेड कांस्टेबल उमेश कुमार मिश्रा, कांस्टेबल शशि कुमार, कांस्टेबल करनवीर सहित अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहे। इस अवसर पर ताजिया कमेटी के शौकत गाजी, हसन रजा, रहीस, उस्मान, लंबू, बिहारी, इकरार सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव कचनार में तालाब के किनारे युवक का संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया है परिजनों ने गांव के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतक के सौतेले पिता कल्लू ने बताया उसका इकलौता पुत्र शेखर 22 वर्षीय गुरुवार को शाम खाना खाने के बाद गांव के लड़के पड़ोस के गांव रामपुर मिश्र में जागरण के कार्यक्रम में चलने के लिए बुलाने आए थे जिसे भेजने से मना कर दिया गया था गुपचुप तरीके से जागरण में चला गया था पूरी रात वापस नहीं लौटा सुबह परिजनों को चिंता हुई तो तलाश कर रहे थे तभी गांव के पश्चिम तालाब के किनारे मृत अवस्था में पड़े मिले जिससे घर में कोहराम मच गया घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उधर गांव वालों का कहना है मृतक की मां नन्ही देवी पड़ोसी गांव रसूलपुर में ब्याही थी उनसे शेखर पुत्र का जन्म हुआ था फिर मौत हो गई थी इसके बाद कचनार निवासी कल्लू से शादी रचाकर पुत्र समेत रहने लगी थी। यहां भी उसने एक पुत्री दुर्गा को जन्म दिया था। लड़के को पाल पोस कर बड़ा किया था। जिसकी हत्या हो गई है। माता-पिता पर टूटा दुखों का पहाड़ मां नन्ही देवी और पिता कल्लू और उसकी पुत्री दुर्गा का रो रो कर कहना है उसके भाई की हत्या हुई है। माता-पिता के बुढ़ापे की लाठी का सहारा टूट गया है अब उनके सामने जीवन यापन के लिए संकट खड़ा हो गया है। सीओ अरुण कुमार ने बताया घटना संदिग्ध है प्रथम दृष्टया पता चल रहा है घर में कई दिनों से अंतर कलह चल रही थी। मृतक के गले में बेल्ट फांसी मिली हुई है।

## रोडवेज बस से युवती का शव बरामद

मऊ। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से मऊबस अड्डे पहुंची रोडवेज की एक बस में एक युवती का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना बृहस्पतिवार देर रात करीब सवा 12 बजे की है।

पुलिस के मुताबिक, सहयात्रियों के कई बार कहने के बावजूद जब युवती नहीं उठी तब कहीं घटना सामने आई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बस के परिचालक अवधेश यादव ने बताया कि बस गोरखपुर डिपो की थी और युवती ने वाराणसी से मऊ तक का टिकट लिया था। उन्होंने बताया कि युवती ने यात्रा के दौरान गाजीपुर रोडवेज बस अड्डे पर बस के रुकने के समय एक बार जोर से आवाज लगाई थी। हालांकि पूछने पर उसने तबीयत खराब होने की शिकायत नहीं की।

परिचालक के अनुसार, युवती की तबीयत ठीक नहीं लग रही थी और इसी कारण मऊ सदर अस्पताल के गेट के सामने बस रोककर उसे उतरकर उपचार कराने की सलाह दी गई लेकिन उसने बस से उतरने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवती के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान डिंपल सिंह (21) के रूप में हुई और वह मऊ जिले के गौहरपुर गांव की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार, डिंपल दिल्ली में एक कपड़े की दुकान पर काम करती थी और बृहस्पतिवार शाम वाराणसी से मऊ आने के लिए रोडवेज बस में सवार हुई थी। पुलिस ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है और मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# जिला कारागार में विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

मुजफ्फरनगर। जिला कारागार में बंद एक विचाराधीन कैदी की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

जेलर नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक की पहचान आदिल (26) के रूप में हुई है। आदिल ने पेट में तेज दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के परिजनों ने अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि जेल में प्रताड़ित किए जाने के कारण आदिल की मौत हुई है। आदिल के पिता सलीम ने दावा किया कि एक दिन पहले ही उनके बेटे ने परिवार को सूचित किया था कि उसे जेल के भीतर प्रताड़ित किया जा रहा है। आदिल को अपनी पत्नी की नाबालिग बहन के साथ कथित रूप से भाग जाने के लिए शामली जिले के कांधला थाने में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह 20 जून से जिला जेल में बंद था। पुलिस ने बताया कि मामले में कानूनी कार्वाई की जा रही है और मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## हथियार तस्कर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

जौनपुर। जिले में अवैध असलहों की तस्करी करने वाले एक गिरोह के गैंग लीडर समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी शैलेश यादव के पैर में गोली लगी, जबकि गिरफ्तार आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर मोहर्रम पर्व के मद्देनजर थाना केराकत, गौराबादशाहपुर पुलिस, स्वाट, एसओजी एवं सर्विलांस टीम संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बगधरी नहर पुलिया के पास पुलिस पर फायरिंग कर चार बदमाश केराकत की ओर भाग रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मल्लूपुर नहर पुलिया के पास घेराबंदी की। पुलिस द्वारा बाइक सवार संदिग्धों को रुकने का संकेत देने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गैंग लीडर शैलेश यादव के बाएं पैर में गोली लग गई, जबकि उसके तीन साथियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

## कर्बला पहुंचकर ताजिए किये गये सुपुर्द-ए- खाक

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में शिया समुदाय के लोगों ने मोहर्रम के दसवीं का जुलूस बड़ी अकीदत के साथ भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया है। जिसमें नौहा खानो ने नोहा पड़े और मातम दारों ने मातम किया है। अंजुमन के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी के नेतृत्व में शुक्लपुर की मस्जिद से जुलूस निकाला गया नगर के प्रमुख रास्तों से निकलते समय अन्य समुदाय के प्रमुख लोग अतुल बाजपेई, गुप्ता मेडिकल स्टोर और समाजसेवी शिवम राठौर समेत प्रमुख लोगों ने जगह-जगह शीतल पेय पदार्थ के साथ सूक्ष्म जलपान कराया ताजिए दारो का जुलूस बरवर चौराहे पर पहुंचते ही मातम दारों ने य हसन के नारों के साथ मातम किया गुरेला कर्बला में पहुंचकर ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया है। दूसरी ओर सुन्नी समुदाय के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास के नेतृत्व में 4 बजे बैंड बाजे के साथ जुलूस की शुरूआत की गई कमेटी के प्रमुख कमरुल हसन कादरी, शानू खान, नौशाद, शरीफ मियां, इरफान अली समेत बड़ी संख्या में लोग बैंड बाजे की ध्वनि पर ताजियों का जुलूस प्रमुख तय रास्तों से होते हुए मंडी गेट से स्टेट हाईवे पर पहुंचकर पड़ोस के गांव गरबापुर के कर्बला में सुपुर्द ए खाक किए गए है। सुरक्षा व्यवस्था में लगे सीओ अरुण कुमार, एसडीएम चलुवुराज आर, निरीक्षक में चौरसिया और कस्बा प्रभारी ने सकुशल संपन्न होने पर राहत की सांस ली है।

## मिट्टी में दबाकर मजदूर की मौत

लखीमपुर-खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र के रामापुर में अवैध खनन के चलते एक की ट्राली में मिट्टी भरते समय मौत हो गई। पंकज भार्गव 25 वर्ष पुत्र मन्नू की मिट्टी के अवैध खनन ढेर के नीचे दबकर तड़प-तड़प कर मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही मनोज ने पंकज को काम के बहाने घर से बुलाकर मौत के मुंह में धकेल दिया। रामापुर में बेखौफ पिछले कई दिनों अवैध खनन चल रहा है। मिट्टी का पहाड़ अचानक धंस गया और पंकज जिंदा दब गया। हादसे के बाद पंकज की दफ्तर मौत हो गई। पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उनका कहना है कि प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम अवैध खनन का गोरखधंधा चल रहा है और गरीबों की लाशें बिछ रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मनोज समेत कई लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

## श्री रामेश्वरम शिव मंदिर शोभा यात्रा के दौरान ढोल बजाते विधायक

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के रामलीला मैदान परिसर में बने पौराणिक रामेश्वरम शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कर नई मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शोभायात्रा निकाली गई है। शुक्रवार को पौराणिक शिव मंदिर का समिति द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया जिसमें खंडित मूर्ति को हटाकर नई मूर्ति की स्थापना के दौरान आचार्य मंगू बाजपेई द्वारा मंत्रोचार के बीच नगर के प्रमुख मंदिरों पर पदयात्रा के साथ पहुंचकर पूजा अर्चना की गई नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा में सजी झांकियां पर लोगों ने पुष्प वर्षा की यात्रा संपन्न होने के बाद मंदिर में वैदिक मंत्रों के बीच पूजा अर्चना में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष संजीव मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, पूर्व पालिका अध्यक्ष दुर्गा मेहरोत्रा, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, अतुल रस्तोगी, अतुल बाजपेई, रामकुमार शर्मा, उमेश मिश्रा, सचिन शर्मा, संजीव वर्मा, योगेश त्रिवेदी, सुमित शुक्ला, मुरारी, अनुराग वर्मा, अतुल, कृष्णा, कन्हैया, करन समेत तमाम गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की है।

संक्षेप

## सीएनजी पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 13 लाख की ठगी

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के बाल्हेमऊ निवासी मुकेश सिंह पुत्र सीके सिंह ने सीएनजी पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर लगभग तेरह लाख रुपए ठगने के आरोप में तनुजा पटवाल ,अपूर्व मिश्रा और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली लालगंज में मुकदमा पंजीकृत कराया है। मुकेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि एक दैनिक समाचार पत्र में सीएनजी पेट्रोल पंप के बाबत विज्ञापन छपा था। उसी विज्ञापन के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर सीएनजी पेट्रोल पंप दिलाने के बाबत बातचीत हुई। जमीन के कागजात भेजने के बाद तनुजा और अपूर्व अपने दो साथियों के साथ वाले बाल्हेमऊ आए। जमीन देखकर ओके किया। उसके बाद पेट्रोल पंप की सिक्योरिटी के नाम पर उनसे लगभग 13 लाख रुपए ऑनलाइन पेमेंट कराया गया। पैसे भेजने के बाद अब उन लोगों ने मोबाइल नंबर बंद कर लिया है। मुकेश सिंह की माने तो जब उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। लालगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लालगंज कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ है। जांच की जा रही है।

## ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में ज्येष्ठाभिषेक के दर्शन 28 जून को

**मथुरा।** शुक्रवार ?पुष्टिमार्गी संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया की ठाकुर जी के ज्येष्ठाभिषेक के दर्शन 28 जून को प्रातः काल होंगे। इस विशेष आयोजन हेतु मंदिर के समय में कुछ परिवर्तन किया गया है। ?मंगला दर्शन प्रातः काल 6 बजे से 6:15 बजे तक, ?ठाकुर जी का जलाभिषेक (ज्येष्ठाभिषेक) प्रातःकाल 6:30 बजे से शुरू होगा, ?बाकी के सभी दर्शन अपने नियमित समय पर ही होंगे। ज्येष्ठाभिषेक के लिए आज शनिवार 27 जून को संध्या आरती के बाद मंदिर के समस्त मुखिया ह्यअपरसह्ल (पवित्र अवस्था) में यमुनाजी से जल लाकर एकत्रित करेंगे। इसी यमुना जल से 28 जून को सुबह 6:30 बजे ठाकुर जी का भव्य अभिषेक किया जाएगा। ?मंदिर प्रशासन ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि वे समय पर पधारकर ज्येष्ठाभिषेक के अलौकिक दर्शन करें और पुण्य के भागी बनें।

## टप्पे बाजी का केस दर्ज

**लालगंज,रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के चांदा टीकर गांव की महिला रत्न पत्नी शैलेंद्र सिंह ने रायबरेली पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह बहाई गांव के शीलू मुसलमान के ई रिक्शा से लालगंज से अपने गांव चांदा टीकर जा रही थी। तभी रास्ते में चोरों ने उसके बैग को नीचे से काटकर उसमें रखा पर्स निकाल लिया। पर्स में 18 ग्राम सोने के जेवरातथे। मामले में एसपी के आदेश पर लालगंज में मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले की विवेचना कर रहे चैकी इंचार्ज बहाई अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# जमीनी के विवाद में दामाद की हत्या, हत्यारोपी ससुर फरार

- नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे दुर्गा सिंह मजरे कुंवरमऊ की घटना, चाकू से कई बार हमला

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के कुंवरमऊ गांव में पुराने जमीनी विवाद को लेकर ससुर व दामाद में हुई मारपीट में ससुर ने परिजनों के साथ मिलकर दामाद के शरीर में कई बार चाकू से हमला किया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में घायल की मौत हो गयी।

मृतक के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। क्षेत्र के पूरे दुर्गासिंह निवासी वीरेंद्र कुमार सिंह उम्र 35 वर्ष की पूरे बरवन का पुरवा निवासी तेजबहादुर सिंह (ससुर) से वर्षों से गांव के बाहर स्थित लगभग 13 बिस्वा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार को तेजबहादुर सिंह उसी जमीन में निर्माण करवा रहे थे। सुबह लगभग 8.30 बजे वीरेंद्र कुमार सिंह मौके पर गए और निर्माण कार्य बंद करने को कहा। न मानने पर यूपी 112 पर सूचना दी पुलिस मौके पर आई और काम नहीं बंद हुआ। शाम को दुबारा लगभग साढ़े चार बजे वीरेंद्र सिंह पुनः निर्माण कार्य बंद करवाने गए जहां ससुर तेजबहादुर, सास रीता सिंह और सास की बहन मीरा सिंह से मारपीट होने लगी जिसमें वीरेंद्र सिंह का सर फट गया। परिजन थाने लेकर आए पुलिस ने तीनों पर मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कर मेडिकल करवाया और इलाज के बाद वीरेंद्र सिंह घर चले गए। घर पहुंचने के बाद गांव के लल्लू , अंकित व अमरेश आए और उनके साथ तीसरी बार पूरे बरवन गांव में बने तेज बहादुर के ट्यूबल पर तेज बहादुर को खोजे वहां न मिलने पर पूरे कनपुरियन पहुंचे जहां निर्माण हो रहा था जहां मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान तेजबहादुर ने वीरेंद्र सिंह के पेट में कई बार चाकू से वार कर दिया। जिसके बाद वीरेंद्र सिंह जान बचाने के लिए भागने लगे और कुछ दूर आकर गिर गए और उनके साथ आए लोग भाग कर गांव के महेंद्र कुमार सिंह को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल वीरेंद्र सिंह को अपनी गाड़ी से लेकर सीएचसी नसीराबाद पहुंचे जहां डॉक्टर अंकित ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में वीरेंद्र सिंह की मौत हो गई। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मारपीट की तहरीर पर 3 लोगो के ऊपर केस दर्ज किया गया है उसके बाद फिर मारपीट हुई है जिसमें वीरेंद्र सिंह की मौत हो गई है जिसमें धारा 110 बहोत्तरी की गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों आरोपी महिलाओं को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है । तीसरे नामजद आरोपी की तलाश की जा रही है।

## जमीन कब्जे के विवाद में बवाल दो पक्षों में मारपीट, दो गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुल्तानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के डोमापारा गांव में जमीन कब्जे के पुराने विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। दो पक्ष ईंट-पत्थर, लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी लेकर आमने-सामने आ गए। सड़क पर खुलेआम पथराव और मारपीट से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ नामजद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम करीब चार बजे विवाद की सूचना पर उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां एक पक्ष के गिरेंद्र प्रताप सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, सूर्यांश प्रताप सिंह व सुधा सिंह तथा दूसरे पक्ष के रविंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, आरती सिंह व गरिमा सिंह सहित अन्य लोग एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंकते हुए लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर रहे थे। मारपीट में कुछ लोग चोटिल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद चला आ रहा है। दोनों एक-दूसरे पर अवैध धन उगाही और जमीन कब्जाने का आरोप लगाते रहे हैं। घटना के दौरान पूरे गांव में दहशत का माहौल बना रहा। आरोप है कि पुलिस के पहुंचने के बाद भी दोनों पक्षों के लोग गाली-गलौज करते रहे और जान से मारने की धमकियां देते रहे। उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपितों के खिलाफ बलवा, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा, आपराधिक धमकी समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार सुबह उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र और महेश पाण्डेय ने आरोपित रविंद्र प्रताप सिंह और शिवेंद्र प्रताप सिंह को डोमापारा स्कूल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्रा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## बिजली के खंभे से टकरायी बाइक, दो युवकों की मौत

**गोसाईगंज, सुल्तानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मुंशीगंज के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कूरेभार थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर पटना निवासी आदित्य (20) पुत्र राजेश और संजय (32) पुत्र श्यामलाल सुल्तानपुर शहर से दवा लेकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे मुंशीगंज के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। सूचना मिलते ही द्वारिकागंज चौकी प्रभारी अशोक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल संजय को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। हालांकि रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। बताया गया कि संजय मुंबई में मजदूरी करते थे और कुछ दिन पहले ही घर आए थे। वह अपने पीछे पत्नी शबनम और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। वहीं अविवाहित आदित्य चार भाइयों और दो बहनों में शामिल थे। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्र ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कोचिंग संस्थाओं की समस्याओं के समाधान व मानकों की पूर्ति को विशेष कैम्प आयोजित

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया है कि जनपद में संचालित कोचिंग संस्थाओं की सघन जांच प्रक्रिया गतिमान है। इस क्रम में कोचिंग संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु एक समन्वित कैम्प आयोजित किए जाने का अनुरोध किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में कोचिंग संस्थाओं के संचालन के विभिन्न आयामों के मानकों को विधिवत सुस्पष्ट करने हेतु संबंधित विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायबरेली विकास प्राधिकरण के मीटिंग सभागार में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। कैम्प में रायबरेली विकास प्राधिकरण, माध्यमिक शिक्षा विभाग, अग्निशमन विभाग एवं विद्युत सुरक्षा विभाग के नामित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कैम्प का आयोजन 29 जून (सोमवार), 30 जून (मंगलवार) एवं एक जुलाई (बुधवार) को अपराह्न 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा।

## दहेज हत्या के आरोप में चार को जेल

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के सरकारी अस्पताल के पास राजेंद्र नगर निवासिनी शिवानी धानुक की मौत के मामले में लालगंज पुलिस ने चार लोगों को जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को शिवानी धानुक ने अपनी ससुराल में फांसी लगाकर जान दे दी थी। शिवानी की 6 माह पूर्व ही वरुण आर्य से विवाह हुआ था। दोनों ने लव मैरिज की थी। मृतका शिवानी के पिता ओमप्रकाश धानुक निवासी बरदाही मंडी बाईपास रोड लालगंज ने उसके पति वरुण आर्य, ननद कृष्णा व ससुर विनोद, सासु मधू देवी के खिलाफ दहेज को लेकर प्रताड़ित करने व हत्या कर देने का मामला दर्ज कराया था। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने नामजद चारों लोगों को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया मृतका शिवानी के पिता ओमप्रकाश ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था जिसके चलते चारों नामजद आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा गया है हालांकि शिवानी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग का ही मामला आया है।

## बारिश के इंतजार में किसान परेशान

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले में मानसून की बेरुखी और भीषण गर्मी के बीच किसान धान की रोपाई को लेकर भारी संकट का सामना कर रहे हैं। अगेती धान की नर्सरी तैयार हो चुकी है, लेकिन समय पर बारिश न होने से किसानों को मजबूरी में निजी नलकूपों से महंगे दाम पर सिंचाई कर धान की रोपाई करनी पड़ रही है। कुड़वार क्षेत्र के औरंगाबाद रजबहा में पर्याप्त पानी न आने से अधिकांश कुलाबों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे नहर पर निर्भर किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। सरकौड़ा गांव के किसान कमला प्रसाद तिवारी, अशोक, अरविंद सिंह और शमशाद ने बताया कि जून का अंतिम सप्ताह होने के बावजूद नहरों में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया है और बारिश भी नहीं हो रही है। ऐसे में 150 से 200 रुपये प्रति घंटे की दर से निजी नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि रोपाई में अधिक विलंब हुआ तो धान की पैदावार प्रभावित होगी। उन्होंने सिंचाई विभाग से नहरों में पर्याप्त पानी छोड़े जाने तथा प्रशासन से किसानों की समस्या पर तत्काल ध्यान देने की मांग की है।

# या हुसैन की सदाओं से गूंज उठी नगर पंचायत

- कर्बला में ताजिए हुए सुपुर्द ऐ खाक, गमगीन रहा माहौल

**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद में दसवीं मोहर्रम पर शिया धर्म के लोगों ने सीनाजनी और जंजीर का मातम करते हुए ताजिया कर्बला में दफन किया। कस्बे में लोगो ने कर्बला के बहत्तर शहीदो की याद में दसवीं मोहर्रम का पहला जुलूस सुबह नौ बजे इमामबाड़ा चैपार व दूसरा रौजा इमामबाड़ा से तथा तीसरा दोपहर एक बजे चौपार इमामबाड़े से बड़े ही गमगीन माहौल में अलम और जुल्जना के साथ अपने कदीमी रास्तो से होते हुए अली शहीद पहुंचा ।कस्बे के हाशिम कुंआ के पास तीनों जूलूसो के अजादारों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों को याद करके नौहाख्वानी और सीना जनी की ।जुलूस में हसन नकवी ने पढा शय को ना पानी दिया जुल्म हुआ या नहीं कांटो पे चलना पडा जुल्म हुआ या नहीं, शय के सलमदार पर टूट पडे ऐहलेशर जुल्म हुआ या नहीं मौलाना रहबर अशकरी ने अमान हुसैन के नौहे अब्बास उठाओ अली अकबर का जनाजा ,उठता नही मुझसे मेरे दिलबर का जनाजा ,अब्बास कमर टूट गई गम में तुम्हारे। को सुन कर लोगो की आंखों से आंसू निकल आये जिससे माहौल गमगीन हो गया। नौहे के बाद अजादारों ने या अली मौला, हैदर मौला की सदाये बुलंद की। कर्बला के 72 शहीदो की याद में बड़ो के साथ साथ हिन्दू समुदाय के लोगो ने राम नरेश माली, मुकेश बग्गा गौतम ,शिवम सोनकर, विशवास कुमार सरोज,राहुल सरोज ,आदित्य कुमार सोनी,परमेश कुमार सोनी,संजय कुमार सरोज, नीरज गौतम, रमेश कुमार माली,नत्थे कोरी,राजेश गौतम, दातादीन सरोज, भी छूरी जंजीर का मातम किया । जंजीरजनी के बाद जुलूस अपने निर्धारित रास्ते से होते हुए वार्ड नंबर छह मुहल्ला नाका में स्थित कर्बला अली शहीद में अजादारों ने ताजिया दफन किया। जुलूस में सभी धर्मों को लोगों ने शामिल होकर इमाम हुसैन को नजराना ए अकीदत पेश की । नगर पंचायत की ओर से ताजिया के सभी रास्तों में विशेष सफाई व पानी का टैंकर,और चूने का छिड़काव कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सलोन यदुवेन्द्र बहादुर पाल, थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक करुण शंकर पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इस मौके पर नायब तहसीलदार सुरजीत सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली, जीशान नकवी, फरहत हुसैन, आदि लोग मौजूद थे।

## खड़े डंपर में सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने मारी जोरदार टक्कर

**परशदेपुर, रायबरेली।** परशदेपुर चौकी क्षेत्र में देर रात खड़े डंपर में सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी,गनीमत रही कि चालक गाड़ी पर नही था, वहीं टक्कर के बाद डंपर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरी गाड़ी के घायल चालक को सूचना पर पहुंची परशदेपुर पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से सीएचसी डीह पहुंचाया। चौकी क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात परशदेपुर अठेहा रोड पर निनावां गांव के पास डंपर चालक गाड़ी खड़ी कर चाय पी रहा था इसी दौरान अठेहा की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी,जिसमे डंपर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होने से टल गया वहीं दूसरे डंपर का चालक मो. निसार निवासी अमेठी को घायल अवस्था मे डीह अस्पताल पहुचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज मोहित कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचकर घायल चालक को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया,जहां अब चालक की हालत सामान्य है।

# शिया समुदाय के लोगों ने इमाम हुसैन की याद में नम आंखों से निकाला जुलूस

**परशदेपुर, रायबरेली ।** नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे में शुक्रवार को दसवीं मोहर्रम पर शिया समुदाय के लोगों ने इमाम हुसैन की याद में नम आँखों से जुलूस निकालकर सीनाजनी व जंजीर का मातम के साथ या हुसैन की सदाएं बुलन्द करते हुए कर्बला में ताजिया दफन किया,वहीं शिया समुदाय के साथ ही हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी ताजिया रखकर कर हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश की। इमाम हुसैन की याद में नजराना ए अकीदत पेश करते हुए कहा जिक्र-ए-हुसैन आया तो आँखों में नमी आ गई। वहीं जुलूस में शामिल लोगों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों को याद करके नौहाख्वानी और सीनाजनी की। नौहे के बाद अजादारों ने या अली मौला,हैदर मौला या हुसैन की सदाएं बुलंद की। जंजीरजनी के बाद जुलूस अपने निर्धारित रास्ते से होते हुए छोटे इमामबाड़े का ताजिया कोल्ड स्टोर के पास कर्बला में दफन किया गया तो बड़े इमामबाड़े का ताजिया गेवड़े मैदान के पास कर्बला में दफन किया गया। इस मौके पर अंजुमन के सेक्रेटरी डॉ इतरत नकवी,सभासद शम्सी रिजवी, हैदर अली,मुन्ना रिजवी,अली रिजवी,बबलू ,तालिब अब्बास, बाबर सहित हिन्दू मुस्लिम के लोग मौजूद रहे ।

**हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए उठाया ताजिया :** दसवीं मोहर्रम पर हिन्दू धर्म के राजू, संजय व उनकी मां रोनी देवी ने ताजिया रखकर इमाम हुसैन को नजराना ए अकीदत पेश की। इसके बाद मटियारा चैराहे के पास कर्बला में ताजिया को दफन किया। वहीं दूसरा जुलूस सुन्नत हजरात का काजी के पुरवा वार्ड नंबर 3 से कल्लू अंसारी के घर से लगभग 4 बजे उठा जो दुधिया तालाब के पास कर्बला में समाप्त हुआ। सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल रहा मुस्तैद डीह थाना अध्यक्ष जीतेन्द्र मोहन सरोज, परशदेपुर चैकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## जिला भाजपा की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण अभियान के तहत हुई बैठक

**फिरोजाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला शिविर कार्यालय पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई जिसमें 23 जून से लेकर 6 जुलाई विभिन्न कार्यक्रम जैसे 28 जून को मन की बात श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण,बूथ बैठक एवं डिजिटल लर्निंग बूथ लेबल पर प्रशिक्षण अभियान हर बूथ पर एक पेड़ लगाना,30 जून को जिला सम्मेलन स्थान मोती महल पैलेस उसायनी फिरोजाबाद कार्यक्रम का होना सुनिश्चित हुआ है भाजपा ब्रज क्षेत्र से प्रदेश मे नव नियुक्त पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष में बृज बहादुर भारद्वाज आलोक गुप्ता दुर्विजय शाक्य राजेश यादव प्रदेश महामंत्री रामप्रताप चौहान, राजेश चौधरी प्रदेश मंत्री में विजय शिवहरे यतेंद्र शर्मा, सुहासिनी जायसवाल को प्रदेश पदाधिकारी ओर भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में पूरन लाल लोधी को नियुक्त होने पर जिला फिरोजाबाद भाजपा की ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गई इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा भाजपा ने सभी जमीनी कार्यकताओं को प्रदेश व क्षेत्र का संयोजन किया हुआ बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जिला महामंत्री आकाश शर्मा जिला मंत्री,संजय चक, दिनेश गुप्ता पवन चक जिला कोषाध्यक्ष महिपाल निषाद,जिला सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा सचिन जैन, दीपक ठेनुआ,जिला संयोजक आई टी प्रशांत शर्मा ब्रजवीर चौहान,शशांक सिंह, अंकित शर्मा अनूप चक जोनी आदि मौजूद रहे।

## मोहर्रम पर निकला ताजिया जुलूस, अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन को दी श्रद्धांजलि

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** मोहर्रम की दसवीं पर शुक्रवार को चांदा कस्बे में पारंपरिक ताजिया जुलूस श्रद्धा, अनुशासन और गमगीन माहौल के बीच निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लेकर करबला के शहीद हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुबार्नी को याद किया। मातम, नौहाख्वानी और या हुसैन की सदाओं से पूरा कस्बा गूंज उठा। कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर निकले जुलूस में आकर्षक एवं सुसज्जित ताजिए लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने जुलूस का स्वागत किया और आपसी भाईचारे, शांति तथा सौहार्द का संदेश दिया। ताजियों के दीदार के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। मोहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जुलूस मार्ग पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार निगरानी रखी। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए। सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता की मिसाल देखने को मिली, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना की।

## विश्व पर्यावरण दिवस के साथ ही उजड़ रही है हरियाली

**परशदेपुर, रायबरेली।** एक तरफ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा तो वहीं दूसरी तरफ डीह थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे पेड़ो की कटान जोरो पर चल रही है ।इससे साफ साफ जाहिर होता है कि इसके जिम्मेदार पर्यावरण सुरक्षा के प्रति कितने गम्भीर है,जबकि अभी बीते पांच जून को पूरे देश मे धूमधाम से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया और नेताओं से लेकर अधिकारियों तक सभी ने मां के नाम एक पेड़ लगाकर देश को हराभरा बनाने का संकल्प लिया,पर अभी कुछ दिन भी नही बीता कि पेड़ लगाने के संकल्प को ताक पर रखकर इसके जिम्मेदार हरे पेड़ो की कटान का परमिट जारी कर सरकार के सारे दावों की धज्जियां हवा में उड़ा दिया। पर्यावरण के दुश्मन बने वन माफियाओं ने डीह थाना क्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से प्रतिबंधित हरे पेड़ो पर धड़ल्ले से इलेक्ट्रॉनिक आरा चला रहे हैं वहीं जिसके ऊपर इसकी जिम्मेदारी है वह भी जानकर अंजान बने हुए हैं। यही नहीं वन माफियाओं द्वारा पेड़ो की कटान के लिए अनेको जुगाड़ लगाकर वन विभाग से हरे भरे स्वस्थ फलदार को काटने की परमिट जारी करवा कर हरे पेड़ो पर कुल्हाड़ी चलाकर हरियाली उजाड़ने पर लगे हुए हैं। यहीं नही क्षेत्र में वर्षों से एक ही क्षेत्र में जमे वन विभाग के अधिकारियों की वन माफियाओं से सांठ गांठ के किस्से किसी से छिपे नही हैं, इसी का नतीजा है कि चैकी क्षेत्र के मटियरवा चैराहे के पास सड़क किनारे हरे महुआ के पेड़ की परमिट जारी कर हरियाली को मिटाने पर लगे हुए हैं। यही नही कुछदिन पहले ही बरावाँ गांव में हरे नीम के पेड़ों की कटान की गई थी शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नही की गई। वन क्षेत्राधिकारी श्यामसुंदर त्रिपाठी ने बताया कि मटियरवा चैराहे के पास दो पेड़ महुआ का परमिट जारी हुआ है।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 28 जून को

**रायबरेली।** डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान डीएम ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराया जाए, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके तथा गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की तथा निर्देशित किया

कि पात्र बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर पात्र लाभार्थी टीकाकरण से वंचित न रहें, इसके लिए विशेष अभियान चलाकर कार्य किया जाए। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों व जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने योजनाओं की प्रगति की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों एवं उनके लंबित प्रोत्साहन भुगतान (इंसेंटिव) की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ताओं के इंसेंटिव का भुगतान समय से किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने पाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके भुगतान संबंधी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाना चाहिए। आगामी 28 जून से प्रारम्भ होने वाले पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अभियान के संबंध में जनजागरूकता बढ़ाने हेतु सभी उपलब्ध माध्यमों का उपयोग किया जाए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों तक पोलियो रोधी दवा पहुंचाई जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बूथों की स्थापना, दवा की उपलब्धता, कार्मिकों की तैनाती एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही 28 जून को आयोजित होने वाले बूथ दिवस की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं।

## कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक पद पर चयनित हुए रत्नेश कुमार

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र के बेलहरी गांव निवासी रत्नेश कुमार का उत्तर प्रदेश कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी (टेक्निकल असिस्टेंट) पद पर चयन हुआ है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से घोषित ।ळज्ञ-2026 परीक्षा परिणाम में उनकी सफलता की सूचना मिलते ही परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रत्नेश कुमार ने कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, बड़े भाइयों के मार्गदर्शन तथा परिवार के निरंतर सहयोग को दिया। उनके पिता निर्मल कुमार बैंक प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हैं। बड़े भाई राहुल कुमार स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं, जबकि पीयूष कुमार बैंकिंग क्षेत्र में फील्ड ऑफिसर हैं। छोटे भाइयों प्रवीण कुमार और सुशील कुमार ने भी तैयारी के दौरान उनका मनोबल बढ़ाया। रत्नेश कुमार ने बताया कि वर्षों की मेहनत, धैर्य और निरंतर अध्ययन के बाद उन्हें यह सफलता मिली है। उनका कहना है कि कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य पर अडिग रहने से सफलता अवश्य मिलती है। कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक के रूप में वह किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीक, मृदा परीक्षण, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य करेंगे। क्षेत्र के लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए रत्नेश कुमार को शुभकामनाएं दी हैं।

संक्षेप

## बस और ट्रक की टक्कर, दो लोगों की मौत

फिरोजाबाद। जिले में आगरा-लखनऊएक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के एक डबल डेकर स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब गोरखपुर से चंडीगढ़ जा रही डबल डेकर स्लीपर बस आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। ट्रक में सरिया लदा हुआ था।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनुज चौधरी ने बताया कि दुर्घटना नगला खंगर थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 63 के पास हुई। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और यूपीडा की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को बस से निकालकर शिकोहाबाद के संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया।गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान दो यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।

# मोहर्रम पर या हुसैन की सदाओं के बीच अमन का पैगाम

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** शहादत, त्याग और इंसानियत के पैगाम का पर्व मोहर्रम जनपद कुशीनगर में पूरी अकीदत, अनुशासन और सौहार्द के साथ सकुशल संपन्न हो गया। जिले के शहरों, कस्बों और गांवों में निकले ताजिया जुलूसों के दौरान जहां या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं, वहीं विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे का सम्मान कर सामाजिक एकता और भाईचारे की अनुपम मिसाल पेश की। प्रशासन की मुस्तैदी, धर्मगुरुओं की समझदारी और आमजन के सहयोग से पूरा जनपद शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम मनाने में सफल रहा।

मोहर्रम के अवसर पर पड़रौना, कसया, हाटा, कप्तानगंज, तमकुहीराज, खड्डा, सेवरही, रामकोला, फाजिलनगर, विशुनपुरा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाले गए। कर्बला के शहीदों की याद में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। मातमी जुलूस निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए कर्बला स्थलों तक पहुंचे, जहां धार्मिक परंपराओं के अनुसार ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मोहर्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए थे। जुलूस मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों की विशेष निगरानी, ड्रोन कैमरों से नजर और लगातार गश्त के कारण पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद

- ताजियों के साथ निकला सौहार्द का संदेश

रही। वरिष्ठ अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर हालात पर नजर बनाए रहे और हर छोटी-बड़ी गतिविधि की मॉनिटरिंग करते रहे। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई स्थानों पर विभिन्न समुदायों के लोगों ने ताजिया जुलूसों का स्वागत कर शर्बत और पेयजल वितरित किया। यह दृश्य कुशीनगर की साझा संस्कृति और आपसी सौहार्द का

जीवंत उदाहरण बन गया।मोहर्रम के दौरान कहीं से भी किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना न मिलना प्रशासनिक तैयारियों और जनता की जागरूकता का प्रमाण रहा। जिले में मोहर्रम के सकुशल संपन्न होने पर प्रशासन ने सभी धर्मगुरुओं, ताजिया कमेटियों, शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि जनसहयोग और सामाजिक सद्भाव के कारण ही इतना बड़ा धार्मिक आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सका।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**भटनी( देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पडौली के निवासी एक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया था । जिसका उपचार के दौरान मेडिकल कालेज गोरखपुर में बृहस्पतिवार की मृत्यु हो गयी । गाँव पडौली थाना भटनी निवासी राकेश विश्वकर्मा पुत्र कालीचरण एवं अमित कुमार यादव पुत्र सर्वजीत यादव किसी कार्य से मैरवा गये हुए थे । उ प्र जनपद श्रीराम थाने के समीप मैरवा के तरफ से आ रही एक पीकप ब्रहम्चारी टोला के बास अनियंत्रित होकर ठोकर मार दी ।दोनो युवक गम्भीर रुप में घायल होकर वही गिर पडे ।दोनो घायलो को उपचार के लिए मैरवा के एक चिकित्सालय में ले जाया गया ।जहां राकेश विश्वकर्मा को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।वही अमित यादव को उपचार के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया ।उपचार के दौरान अमित यादव की मृत्यु बृहस्पतिवार को मेडिकल कालेज गोरखपुर में ही हो गयी ।पोस्टमार्टम के बाद शव गाँव आते ही दरवाजे पर क्षेत्रीय व गाँव के लोगों की भीड जूट गयी । परिजन एवं ग्रामीण एक सप्ताह के अन्दर दो युवकों के शव को देखकर अपने आंशु रोक नही पाये ।और पुरे गाँव में फिर एक बार शोक की लहर व्याप्त हो गयी ।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।ज्ञातब्य है कि पिछले 18जून को दुर्घटना हुई थी । जिससे उसी दिन चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।उपचार के एक सप्ताह बाद अमित यादव ने भी दम तोड दिया । ।

## सर्पदंश से किशोर की मौत

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम जिरासो में सर्पदंश से एक किशोर की मृत्यु हो गयी ।बताया गया है कि 10वर्षीय रितिक कुशवाहा पुत्र मधु कुशवाहा ग्राम जिरासो बृहस्पतिवार के रात्रि अपने घर में आम और रोटी खा रहा था ।उसी समय अचानक सर्प ने डस लिया ।पहले तो परिजन गम्भीरता से नही लिए जब मुँह से गाज निकलने लगा तो उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया ।

जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।तब परिजन आमवाँ के सती माई के पास ले गये ।वहां से भी निराशा ही हाथ लगी ।शुक्रवार के भोर में सती माई के दरबार से वापस आने के बाद अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

# मोहर्रम पर बिजली कटौती से लोग परेशान

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** मोहर्रम के त्योहार पर ताजियों की ऊंचाई और सुरक्षा के नाम पर भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर दोहरे मापदंड अपनाने और लापरवाही का आरोप लगाया है।

मालूम हो कि मोहर्रम पर देर रात तक ताजिए- झांकियां निकलती हैं। हर साल प्रशासन आयोजकों के साथ बैठक कर ताजियों की ऊंचाई कम रखने का निर्देश देता है।लेकिन आरोप है कि प्रशासन बिजली लाइनों को ऊंचा कराने या सुरक्षा इंतजाम करने के बजाय सीधे घंटों बिजली काट देता है।

लोगों का आरोप है ₹प्रशासन अपनी नाकामी छिपाने के लिए घंटों बिजली काट देता है।इतनी भीषण गर्मी में घंटों अंधेरा कर देना कहां का न्याय है ?₹ प्रशासन द्वारा दोहरे मापदंड अपनाए जाते हैं ।₹बैठक में ऊंचाई कम करने को कहते हैं, लेकिन हकीकत में कुछ नहीं होता। बिजली विभाग के आगे प्रशासन नतमस्तक हो जाता है।लोगों का कहना है कि अंधेरी रात में कोई अनहोनी, रहजनी हो जाए तो जिम्मेदार कौन होगा? लोगों का जीवन तेज आवाज और गर्मी से दूभर हो गया है।लोगों का कहना है कि जिस तरह कोचिंग संस्थानों, रेड्डी दुकानों में आगजनी की घटनाओं के बाद सिर्फ निर्देश और आश्वासन मिलते हैं, वैसा ही हाल यहां भी है।प्रशासन हर साल सुरक्षा व्यवस्था में विफल रहता है। नगर वासियों ने कहा कि प्रशासन को ताजियों की ऊंचाई और तेज आवाज पर रोक लगानी चाहिए, न कि पूरे इलाके की बिजली काटकर आम जनता को सजा देनी चाहिए। अभी तक बिजली विभाग या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पिछले वर्षों में सुरक्षा कारणों से जुलूस मार्ग की बिजली काटी जाती रही है।

# एसडीएम ने पुरानी भूमि विवाद का कराया निस्तारण

जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** तहसील के उपजिलाधिकारी डॉ संतराज सिंह बघेल शासन के निर्देश पर लगातार भूमि विवाद के मुद्दों का निस्तारण करा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने तहसील क्षेत्र के ग्राम बतरडेरा में 29 वर्ष पुराना भूमि विवाद का निस्तारण कराते हुए सभी फरीकों को उनका हिस्सा

- वर्ष 1997 से भाइयों में विवाद की वजह से 11.30 एकड़ भूमि पर नहीं हो रही थी खेती

दिलाया ।गांव के सत्य प्रकाश पुत्र विरझन यादव जिलाधिकारी जनता दर्शन में अपनी फरियाद की। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने पूछा क्या समस्या है? सत्य प्रकाश बोला साहब हमार सुनवाई होखे कि हम दौड़ते फिरब। वर्ष 1997 से लेकर आज तक भाइयों में चल रहे जमीन के संबंध में विवाद के घटनाक्रम और कोर्ट कचहरी की पूरी कहानी सुनाई। डीएम ने 1997 से लेकर गाता नंबर 223 ग्राम बतरडेरा रकबा 11 एकड़ पर विधिवत सुना सुनने के उपरांत एसडीएम कसया डॉ बघेल को इस प्रकरण को जांच कर तथा यथा आवश्यक कार्रवाई कर यानी जिसका जितना हिस्सा हो नियमानुसार प्रदान कर हमें 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करिए कसया एसडीएम पुराने जमीन विवाद को सुलह समझौते के माध्यम से हल करने में माहिर हैं लेखपाल कानूनगो के साथ गांव की पहुंच गए। जहां उन्होंने देखा 11.30 एकड़ जमीन कई सालों से जोती बोई नहीं जाती चार लोगों के मध्य बड़ा विवाद चल रहा है। उसे जमीन पर वर्तमान में सिविल कोर्ट से स्थगन आदेश भी है चारों की बिंदवार समस्याएं सुनी। चार फरीक जीत बली यादव, राजेंद्र यादव, रामदेव यादव और वीरझन जिसमें से दो भाई की मृत्यु हो चुकी है और उनके उनकी जगह उनके पुत्र मौजूद थे। चारों फारिक की सुनने के बाद सुलह समझौता कर कर प्रकरण निस्तारित कर दिया वे लोग खुशी -खुशी अपने खेतों को ट्रैक्टर से जोत लिए 29 वर्ष से चले आ रहे जमीनी विवाद का वारा न्यारा हो गया। एसडीएम बघेल ने उनसे पूछा आप लोग खेती बाड़ी भी नहीं कर रहे हैं कोर्ट कचहरी जाते होंगे। आने जाने का काफी पैसा व समय खर्च होता होगा।सभी ने कहा हम लोग बहुत परेशान हैं। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आज के बाद कोर्ट कचहरी जाने का जो पैसा बचेगा अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा में लगाएं। इस दौरान राजस्व निरीक्षक मारकंडे, लेखपाल सुरेश गुप्त ग्रामीण मौजूद रहे।

## नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत

बाराबंकी। रामनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर भैंस चराने गए दो नाबालिग बच्चों की नदी में डूब कर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना रामनगर अंतर्गत परैना गांव निवासी अर्पित (11) और अतुल (13) आज दोपहर घर से भैंस चराने निकले थे। दोपहर में भीषण गर्मी के कारण जब भैंस संगली नदी में चली गईं। तभी दोनों बच्चे भी नदी में उतर गए।

# विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को दिए गये स्वीकृति पत्र

जिला संवाददाता

**देवरिया ।** संगीता देवी (ग्राम फुलवरिया भैया) एवं गुड़िया यादव (ग्राम महेन) को अंत्योदय अन्न योजना के तहत राशन कार्ड एवं आयुष्मान भारत योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। प्रमोद प्रसाद (ग्राम मनिहरपुर) एवं अरविंद तिवारी को निर्विवाद वरासत का प्रमाण-पत्र, हरिलाल (ग्राम देवकली जयराम) को अंश निर्धारण की खतौनी, अखिलेश कुमार सिंह एवं नरेंद्र कुमार सिंह को मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के तहत ?5-5 लाख के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मंजू मिश्रा (सोंदा) एवं रामश्रेष्ठ त्रिपाठी (खरजरवा) को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का स्वीकृति पत्र तथा जितेंद्र प्रताप सिंह (ग्राम भदिला दोयम) को फार्मर रजिस्ट्री का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।इस प्रकार विभिन्न योजनाओं के कुल 10 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री का स्वागत केंद्रीय ग्राम्य विकास राज्यमंत्री एवं सांसद बांसगांव कमलेश पासवान, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, प्रभारी एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, बरहज विधायक दीपक कुमार मिश्रा 'शाका', रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया, भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर, एमएलसी रतनपाल सिंह, पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरीश चंद्र तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बुके एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया। इस अवसर पर सदर विधायक, रामपुर कारखाना विधायक, बरहज विधायक, रुद्रपुर विधायक, एमएलसी रतनपाल सिंह, पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन पंकज शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अंतयार्मी सिंह, महिला आयोग सदस्या रितु शाही, नगर पालिका अध्यक्ष गौरा बरहज श्वेता जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, आमजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने उपलब्धियों पर रखे अपने विचार

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बरांव में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मूलभूत सुविधाओं को आमजन तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार आवास, शौचालय, बिजली, आयुष्मान भारत योजना के तहत ?5 लाख तक के निःशुल्क उपचार तथा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएँ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करा रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं का ही परिणाम है कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। इस वर्ष बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत हुए हैं। विद्युत व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ट्रांसफार्मर शीघ्रता से बदले जा रहे हैं तथा विद्युत आपूर्ति में भी काफी सुधार हुआ है। कृषि सहित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने का कार्य सरकार प्राथमिकता के साथ कर रही है।

### जनपद प्रभारी मंत्री ने उपलब्धियों पर रखे अपना विचार

जनपद प्रभारी एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाया जाएगा।

# कांग्रेस संविधान पर हमले के लिए पहले से रही है कुख्यातः डॉ. दिनेश शर्मा

**लखनऊ / कानपुर ।** राज्यसभा सांसद एवं यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पहले से ही संविधान पर हमले के लिए कुख्यात रही है। आज भी कांग्रेस और उनके सहयोगी दल संविधान का अपमान करते रहते हैं। विपक्षी दलों का संविधान के प्रति नकारात्मक रवैया जारी है , इसीलिए संविधान के प्रति आस्था रखने और उसका अनुपालन करने वाले पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यो का विपक्ष लगातार विरोध करता रहता है। संविधान में संशोधन करने के बाद महिलाओं को अधिकार देने

- विपक्ष का संविधान के संरक्षण के प्रति नकारात्मक रवैया
- बंगाल में भाजपा की विजय से यूपी के विपक्षी दलों के छूटे पसीने

की पहल का विपक्ष द्वारा पुरजोर विरोध इसका जीता जागता उदाहरण है।कानपुर में पत्रकारों से बात करते हुए सांसद ने कहा कि बंगाल में भाजपा की विजय के बाद उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों के अभी से पसीने छूट रहे हैं।2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय तय है। अब कांग्रेस सपा जैसे दलों को भी भगवान याद आ रहे हैं तथा दिल्ली के पूर्व सीएम तो रामलला की शरण में भी पहुच गए हैं। वह पहले कहते थे कि मेरी नानी ने स्वप्न में मुझे मना किया है राम मंदिर कतई न जाना वह गलत तरीके से बना है अब चुनाव को देखते हुए दर्शन को आतुर है ,कार सेवकों पर गोली चलवाने वाली पार्टी के नेता मंदिर बनवा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं है जब वोट के लालच में राहुल, अखिलेश सोनिया और प्रियंका भी राम मंदिर में दर्शन करते कलावा बांधते और तिलक लगाते दिखेंगे। विपक्षी दलों ने बंगाल में हुई तुष्टीकरण की राजनीति का हश्र देख लिया है। बंगाल के लोगों ने राष्ट्रवादी राजनीति के पक्ष में मतदान किया है। इससे सनातन विरोधी सहम गए हैं। आने वाले समय में विपक्षी दलों के नेता मंदिरों घंटा घड़ियाल और मंजीरा बजाते दिखाई पड सकते हैं। डा शर्मा ने आपातकाल को याद करते हुए कहा कि 25 जून की काली रात को कांग्रेस ने संविधान की हत्या की थी और 1 लाख से अधिक लोगों को जेल में डाल दिया था। प्रेस की स्वतंत्रता को कुचला गया। तमाम लोग लम्बे समय तक जेल में रहे और तत्कालीन पीएम इंदिरा गाधी पर कोई केस नहीं चले इसके लिए स्वयं कानून तक बना दिया गया। कांग्रेस की मनमानी चरम पर थी। कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने संविधान का ताक पर रखकर सभी कानून अपने हाथ में ले लिए थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को देश में हो रहा विकास पसंद नहीं आ रहा है। आज यूपी माफियामुक्त होकर विकास की डगर पर आगे बढा है जहां पर एक्सप्रेस वे , एयरपोर्ट , मेट्रो औद्योगिक कारखाने उसकी पहचान बन रहे हैं। राम मंदिर चन्दा चोरी प्रकरण में सरकार कडी कार्रवाई कर रही है। दोषी बचने नहीं पाएंगे। चुनाव के चलते सनातन को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। जातिवाद के जहर को बढाने का षडयंत्र किया जा रहा है ।श्याम नगर, कानपुर में स्थित परिणय गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के जिला उत्तर, दक्षिण एवं ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आपातकाल के दौरान संविधान हत्या दिवस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया तथा आपातकाल के संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और संविधान

की गरिमा बनाए रखने में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दक्षिण कानपुर श्री शिवराम सिंह जी, जिला अध्यक्ष उत्तर कानपुर श्री अनिल दिक्षित, जिला अध्यक्ष ग्रामीण कानपुर श्री उपेंद्र पासवान जी, माझ्र विधायक एवं पूर्व मंत्री श्रीमती नीलिमा कटियार जी, सदस्य विधान परिषद श्री अरुण पाठक जी, पूर्व विधायक श्री रघुनंदन भदोरिया जी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री सुरेश अवस्थी जी, सदस्य महिला आयोग श्रीमती अनीता गुप्ता जी, श्रीमती पूनम द्विवेदी जी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कौशल किशोर दीक्षित जी, भाजपा उपाध्यक्ष श्री शशांक मिश्रा जी, अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा श्री शिवांग मिश्रा जी, वरिष्ठ शिक्षक नेता श्री शैलेंद्र द्विवेदी जी, भाजपा नेता श्री विनोद गुप्ता जी, श्री वंश लाल कटियार जी, श्री कैलाश पांडे जी, श्री सतीजा जी, श्री सतीश शर्मा जी, श्री भूपेंद्र त्रिपाठी जी, श्री रामदेव जी, संयोजक श्री गणेश शुक्ला जी, श्री सलभ गुप्ता जी, श्री अनिरुद्ध शुक्ला जी आदि उपस्थित रहे।

# मौत हुई, हंगामा हुआ, शिकायतें हुईं... कब होगी हॉस्पिटल पर कार्रवाई

## दर-दर भटक रहा नर्गिस का परिवार, आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है लूना हॉस्पिटल

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के कसया में संचालित लूना हॉस्पिटल में पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान हुई नर्गिस खातून की मौत का मामला दिन-ब-दिन गंभीर होता जा रहा है, किन्तु अफसोस कार्रवाई के नाम पर अब तक सन्नाटा पसरा हुआ है। एक ओर मृतका का परिवार न्याय की उम्मीद में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और

- लूना हॉस्पिटल पर सवाल बरकरार, सिस्टम की चुप्पी से टूट रहा पीड़ित परिवार

अधिकारियों के दफ्तरों की चौखट नाप रहा है, तो दूसरी ओर शिकायतों और आरोपों के बावजूद जिम्मेदार विभागों की खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है ।मृतका के पति मोहम्मद तसनीम कौसर ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तक लिखित शिकायतें देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतों में ऑपरेशन प्रक्रिया, चिकित्सकीय व्यवस्था, अस्पताल प्रबंधन की भूमिका और आयुष्मान भारत योजना के तहत हुए कथित क्लेम तक की जांच की मांग की गई है। लेकिन परिवार का आरोप है कि अब तक न तो किसी जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई हुई और न ही जांच की प्रगति से उन्हें अवगत कराया गया।

### शिकायत और दर्जनों सवाल लेकिन जवाब एक भी नहीं

मामले में सबसे गंभीर आरोप यह है कि जिस समय ऑपरेशन की तैयारी चल रही थी, उस समय सर्जन की मौजूदगी को लेकर सवाल उठे। परिजनों का दावा है कि उन्हें डॉक्टर के आने का इंतजार करने को कहा जा रहा था, जबकि मरीज को ऑपरेशन थियेटर में ले जाया जा चुका था ।इसके अलावा परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि ऑपरेशन के नाम पर धनराशि ली गई, जबकि बाद में आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम की जानकारी सामने आई। यदि ऐसा है तो जांच एजेंसियों को यह स्पष्ट करना होगा कि उपचार की वास्तविक वित्तीय प्रक्रिया क्या थी।

### मौत से ज्यादा बेचैन कर रही है कार्रवाई की सुस्ती

नर्गिस की मौत के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा हुआ, शिकायतें दी गईं, बयान दर्ज हुए और जांच की मांग उठी। लेकिन समय बीतने के साथ परिवार का दर्द कम होने के बजाय और बढ़ता जा रहा है। कारण यह है कि उन्हें अब तक यह भी नहीं बताया गया कि उनकी शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई, किस स्तर पर जांच चल रही है और कब तक सच्चाई सामने आएगी ।परिवार का कहना है कि यदि किसी सरकारी अस्पताल में ऐसी घटना हुई होती तो अब तक कई अधिकारियों की जवाबदेही तय हो चुकी होती। लेकिन निजी अस्पताल का मामला होने के कारण कार्रवाई की रफ्तार सवालों के घेरे में है।

### किसका इंतजार कर रहे हैं जिम्मेदार

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिला प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के पास शिकायत पहुंच चुकी है, तो फिर कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है? क्या लूना हॉस्पिटल के मेडिकल रिकॉर्ड जब्त किए गए? क्या ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों और स्टाफ से पूछताछ हुई? क्या सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराए गए? क्या प्रथम दृष्टया दोष के आधार पर मजिस्ट्रेट के मौजूदगी में लूना हॉस्पिटल को सील किया गया? क्या आयुष्मान क्लेम की जांच शुरू हुई? ऐसे तमा सवाल हैं जिनका जवाब न केवल पीड़ित परिवार बल्कि पूरा जनपद जानने के लिए व्याकुल है।

### इंसाफ के लिए भटक रहा पीड़ित परिवार

कहना ना होगा की हास्पिटल की की घोर लापरवाही के वजह से नर्गिस की मौत ने एक परिवार से उसकी दुनिया छीन ली। अब वही परिवार न्याय की उम्मीद लेकर दर-ब-दर दफ्तर-दफ्तर भटक रहा है। परिवार का कहना है कि हर आवेदन के साथ उम्मीद बंधती है, और हर बीतते दिन के साथ वह उम्मीद टूट जाती है। मामला सिर्फ एक महिला की मौत का नहीं रह गया है।

यह उस व्यवस्था पर तमाचा है, जो अक्सर पीड़ित को न्याय दिलाने का दावा करती है ।कसया के वार्ड संख्या-4 निवासी नर्गिस खातून को 1 जून 2026 को पित्त की थैली में पथरी के ऑपरेशन के लिए लूना हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 2 जून को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतका के पति मोहम्मद तसनीम कौसर ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुईं।

बाद में डीएम, एसपी और सीएमओ को दिए गए प्रार्थना पत्रों में चिकित्सकीय लापरवाही, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, मेडिकल रिकॉर्ड और आयुष्मान भारत योजना के तहत हुए कथित क्लेम की जांच की मांग की गई। बावजूद इसके अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है।

## डंपर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

**जालौन ।** जिले के कोटरा थाना क्षेत्र में बालू से लदे तेज रफ्तार डंपर ने मुहर्म से लौट रहे मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी ।पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब दो बजे यह हादसा हुआ। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

कोटरा थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विमलेश कुमार ने बताया कि कोटरा कस्बे के गणेशगंज निवासी बरकत (22) पुत्र नासिर खान, सौरभ खान (23) पुत्र हाफिज इस्माइल और तालपुरा निवासी अरबाज शाह (20) पुत्र मुराद अली शाह मुहर्म के मौके पर उरई गए थे। देर रात मोटरसाइकिल से लौटते समय एट रोड से कोटरा आते वक्त डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि बरकत और सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरबाज गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर थाना प्रभारी विमलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश में जुटी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से चाचा-भतीजी की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**मैनपुरी ।** जिले के किशनी क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक किशोरी भी शामिल है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें गंभीर हालत में सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम भीतरा गांव निवासी स्वदेश पाल (50) अपनी भतीजी लवली पाल (16) के साथ मोटरसाइकिल से एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हरिचंदपुर गांव के पास मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया और उसने बाइक सवार स्वदेश-लवली के साथ साइकिल सवार कुरावली निवासी दिवारी लाल (40) और आनन्द (30) को टक्कर मार दी। इसके बाद कार सड़क पर लुढ़कते हुए खाई में पलट गई। सिंह के अनुसार टक्कर लगने से बाइक और साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

पुलिस के अनुसार हादसे में स्वदेश पाल, लवली पाल, गणेशपुर निवासी कार चालक विनोद, हरिचंदपुर निवासी दिवारी लाल और कुरावली निवासी आनन्द गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर वह पुलिस बल और पुलिस निरीक्षक छत्रपाल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) किशनी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्वदेश पाल और लवली पाल को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक इलाज के बाद दिवारी लाल, विनोद और आनन्द को गंभीर हालत में सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कार को कब्जे में ले लिया गया है। हादसे की जांच की जा रही है।

# प्रौद्योगिकी में निवेश

भारत को अपनी आजादी के 100वें वर्ष में विकसित राष्ट्र बनने का सपना साकार करना है, तो अब सरकार को महज घोषणओं और भाषणबाजी तक सीमित रहने के बजाय गंभीर प्रयास करने होंगे। अगर योजना और मिशन सिर्फ भाषणों और घोषणओं तक सीमित रहेंगे, तो जो हाल 'मेक इन इंडिया' का हुआ है, वही हाल इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का भी होगा। इसलिए सरकार को देश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करने के लिए भारी निवेश करना होगा। दरअसल आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ाने, मेक इन इंडिया को सफल बनाने और प्रौद्योगिकी से जुड़ी अर्थव्यवस्था को कई गुना विकसित करने के लिए यह जरूरी है कि सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण, अनुसंधान और विकास की दिशा में ठोस पहल करे। देश में इसके लिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू किया गया है और इस पर दस अरब डॉलर की सब्सिडी देने का प्रस्ताव है। इसका अधिकांश हिस्सा आवंटित भी किया जा चुका है। अब अगर हम वैश्विक संदर्भ में तुलना करें तो अमरीका ने अपनी कंपनी इंटेल को मजबूत करने के लिए 40 अरब डॉलर का पैकेज दिया है। जबकि अमरीका में विश्व विख्यात एनवीडिया, टैक्सस इंस्ट्रूमेंट्स जैसे दर्जनों दिग्गज कंपनियां

हैं और चिप टेक्नोलॉजी में लीडरशिप है। चिप निर्माण में भले ताइवान बहुत आगे हो लेकिन चिप के डिजाइन, अनुसंधान, विकास और उच्च क्षमता की प्रौद्योगिकी अमरीका के ही पास है। अगर अमरीका सब कुछ होते हुए भी सिर्फ एक कंपनी को 40 अरब डॉलर की मदद करता है, तो इससे समझा जा सकता है कि इस क्षेत्र में कितने बड़े निवेश की जरूरत है। भारत सरकार ने 10 अरब डॉलर की सब्सिडी रखी है सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए लेकिन प्रचार इतना अधिक है मानो पूरी दुनिया को पीछे छोड़ दिया गया है। यह सही है कि देश चिप बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है लेकिन इसके लिए प्रचार से अधिक प्रयास की जरूरत है। इसके लिए सरकारी प्रयासों के साथ ही बड़े निवेश की जरूरत है। अगर सिर्फ प्रचार ही अधिक होगा तो ठोस उपलब्धियां शायद ही हासिल की जा सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेमी कंडक्टर उद्योग के लोगों से बातचीत में कहा है कि भारत आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करेगा। सेमीकंडक्टर मिशन को सरकार से अन्य प्रकार के समर्थन की तुलना में कहीं अधिक मात्रा में सब्सिडी प्राप्त हुई है। इस मिशन ने कुछ उल्लेखनीय सफलताएं भी हासिल की हैं। जैसा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बताते हैं। मिशन के दूसरे चरण में उपयुक्त माहौल बनाने पर ध्यान देना एक तरह से स्वाभाविक बदलाव है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दूसरे चरण में शामिल छोटे और मझोले उपक्रमों को उनके पूंजीगत व्यय के साथ कम मदद की आवश्यकता होगी। सरकार ने यह भी ध्यान दिया होगा कि कई निवेशकों द्वारा जगह का चयन इस बात से निर्धारित हो रहा है कि उन्हें कैसा माहौल मिल पा रहा है। उदाहरण के लिए सीजी और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ( ताइवान की पावरचिप के साथ ) दोनों ने गुजरात में दाहेज केमिकल्स क्लस्टर के निकट बनने वाले संयंत्रों में निवेश किया है। इससे उन्हें चिप उत्पादन प्रक्रिया के लिए जरूरी करीब 250 गैसें उपलब्ध हो सकती हैं। कई बातें ऐसी भी हैं कि जिन्हें सरकार को ध्यान में रखना होगा। संपूर्ण सेमीकंडक्टर इको सिस्टम विकसित करने और भारी निवेश के साथ ही तमाम तरह की अन्य सुविधाएं देकर बड़ी कंपनियों को लाना भी जरूरी है तभी भारत का सेमीकंडक्टर मिशन और चिप निर्माण का सपना साकार होगा।

---

विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

–स्वामी विवेकानन्द.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ–स्थान से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

–गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक–दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

–महात्मा गांधी.

# खाद्य सुरक्षा के लिए संकट बनेगा मानसून

**नरेन्द्र शर्मा**

जून लगभग खत्म होने को है। लेकिन अभी तक इस साल जून माह में होने वाली मानसूनी बारिश का महज 42 से 43 फीसदी ही हुई है। इसके कारण आम किसानों से लेकर नीति-निमार्ताओं तक की पेशानी में बल पड़ गये हैं। क्योंकि अगर जैसा कि आशंका है, बारिश अगले एक पखवाडे.तक और न हुई या बेहद कम हुई तो देश के 315 जिलों में कृषि संबंधी आकस्मिक योजनाएं लागू करनी पड़ेंगी। क्योंकि कम बारिश से न केवल शहरों के लिए पेय जल का संकट मंडराने लगा है बल्कि खरीफ फसल के भी बेहद कमजोर होने की आशंका पैदा हो गई हैं। इसका साझा नतीजा देश की खाद्यन्न सुरक्षा पर पड़ता लगा रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने गुजरे 23 जून 2026 को कहा है कि मानसून में देरी के कारण खरीफ फसलों की बुआई पर बेहद प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उनके मुताबिक देश के 111 जिले में तो स्थिति बहुत ही खराब है, क्योंकि यहां अभी तक इस साल 25 फीसदी बारिश भी नहीं हुई और यहां सिंचाई के साधनों की भी बेहद कमी है। भारतीय मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक अभी तक 2 जुलाई 2026 को समाप्त होने वाले सप्ताह तक मानसून के कमजोर रहने की आशंका है, इसके बाद बेहतर होने की उम्मीद है।

> अगर निर्धारित मात्रा की 80 फीसदी तक भी बारिश हो जाती है तो संकट काफी हद तक काबू में रहेगा। लेकिन यदि 50 फीसदी तक ही बारिश होती है, तो देश के 315 जिलों में आपातकालीन स्थितियों का सहारा लेना पड़ेगा। हालांकि तात्कालिक रूप से खाद्यन्न की समस्या नहीं होगी, लेकिन बाकी चीजों में जो महंगाई बढ़ेगी, वह आम और मध्यवर्ग को तोड़कर रख देगी।

जहां तक खरीफ की फसल बोने का सवाल है, तो 22 जून 2026 तक खरीफ फसल के रकबे में से 10 प्रतिशत की बुआई हो चुकी थी। हालांकि अभी तक इस 10 प्रतिशत रकबे में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा बुआई हुई है। 2025 में जहां अब तक 1.13 करोड़ हेक्टेयर में बुआई हुई थी, वहीं इस साल अब तक 1.17 करोड़ हेक्टेयर की बुआई हो चुकी है। लेकिन अगर बारिश न हुई तो न केवल बोई हुई फसलों का नुकसान होगा बल्कि किसानों को अच्छी खासी आर्थिक चपत भी लग सकती है। गौरतलब है कि खरीफ फसलों की बुआई मुख्यतः जून मध्य से जुलाई पहले सप्ताह तक हो जाती है। लेकिन इस साल जून के आखिरी हफ्ते में अभी तक महज 10 फीसदी क्षेत्र पर ही बुआई हुई है, जिससे आशंका है कि इस साल काफी कम बुआई हो सकती है। खरीफ की फसलों में मुख्यतः धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, कपास, सोयाबीन, अरहर और मूंगफली आती हैं। अब चूंकि देश की आधी से ज्यादा कृषि भूमि आज भी सिंचाई की सुविधाओं से वंचित है, यह सीधे मानसून की वर्षा पर ही आधारित है और इस साल जिस तरह से मानसून डरा रहा है, उससे तो यही लग रहा है कि खरीफ की फसल पर जबर्दस्त असर होने जा रहा है।

## सूखे का संकट

कृषि मंत्रालय के मुताबिक जून 2026 के मध्य तक खरीफ बुआई का क्षेत्र पिछले साल की तुलना में कम तो मामूली ही रहा, लेकिन कुछ फसलें बुआई से जबर्दस्त पिछड़ गई हैं, जिनमें कपास, सोयाबीन और दलहन विशेष रूप से हैं। क्योंकि बारिश कम हुई है तो जमीन में पर्याप्त नमी नहीं है। ऐसे में जहां बुआई हो भी रही है, वहां आशंका ये है कि कहीं बीज ही खराब न हो जाएं। क्योंकि अगर जमीन में नमी कम होती है तो बीज अंकुरित नहीं होते और अगर किसान बुआई जल्दी कर दे और बाद में वर्षा काफी देर तक न हो इसके बाद हो जाए तो भी जरूरी नहीं है कि फसल अच्छी तरह से उग आयेगी। क्योंकि बेहद गर्म मिट्टी में हफ्तों पड़े रहने के बाद कई बीज अंकुरण की अपनी क्षमता खो देते हैं। धान के लिए तो इस साल उत्तर और मध्य भारत में विशेष तौरपर संकट खड़ा होता लग रहा है। क्योंकि ज्वार, बाजरा और मक्के के लायक तो बारिश फिर भी हुई है या आगे हो सकती है। लेकिन जिस तरह का अभी तक सूखा दिख रहा है, वह वैसा ही अगर जारी रहा, तो इस साल धान की फसल को गहरा धक्का लगेगा।

हालांकि अभी भी जानकारों को उम्मीद है कि अगर जुलाई में अच्छी बारिश हो जाए तो जून के नुकसान की भरपायी न भी हो तो घाटा कम हो सकता है। लेकिन जुलाई भी कमजोर रहा और अगस्त की शुरूआत भी कमजोर रही, तब तो भगवान ही मालिक है। अगर जुलाई का पहला पखवाड़ा बेहद कमजोर बारिश का रहा तो धान, कपास, सोयाबीन, मूंगफली और अरहर की फसलों पर जबर्दस्त संकट मंडराता दिखेगा। अभी तक के मुताबिक तो खाद्यन्न उत्पादन में तो 3 से 8 फीसदी तक की ही गिरावट का अनुमान है। लेकिन जिस तरह से लगातार परिस्थितियां खेती की प्रतिकूल हो रही हैं, उससे यह संकट बड़ा भी हो सकता है, जिसका सबसे बड़ा असर किसानों पर ही पड़ेगा। क्योंकि एक तरफ तो उनकी फसल कम होगी, दूसरी तरफ बुआई के नुकसान के कारण अच्छा-खासा आर्थिक नुकसान भी होगा। इसलिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इस साल का मानसून भारी दबाव बनाता दिख रहा है। सरकार पर इसका असर इसलिए भी भारी पड़ सकता है, क्योंकि करीब 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा के तहत जो मुफ्त का राशन दिया जा रहा है, उससे देश की जीडीपी किसी हद तक कम हो सकती है। हालांकि सरकार अभी तक ऐसा नहीं मानती। लेकिन सरकार माने या न माने, खुले बाजार से राशन खरीदने वालों को पिछले एक महीने में 15 से 20 फीसदी तक की राशन में बढ़ी कीमतों का एहसास हुआ है। खासकर दालों, खाद्य तेलों, सब्जियों और पशुओं के लिए चारा आहार पर बढ़ी कीमतें किसान का बजट बिगाड़ रही हैं। हालांकि सरकार कई आपातकालीन योजनाएं लागू कर रही हैं। मसलन वह लगातार किसानों को प्रोत्साहित कर रही है कि कम अवधि वाली और कम पानी लेने वाली फसलें बोएं। इसके अलावा सरकार लगातार जल संरक्षण, तालाबों और चेक डैमों की मरम्मत, साथ ही वैकल्पिक बीज उत्पादन जैसी संकट से निपटने की योजनाओं को लागू कर रही है। लेकिन कोई नहीं जानता कि आने वाले 20 से 22 दिन कैसे होंगे?

अगर निर्धारित मात्रा की 80 फीसदी तक भी बारिश हो जाती है तो संकट काफी हद तक काबू में रहेगा। लेकिन यदि 50 फीसदी तक ही बारिश होती है, तो देश के 315 जिलों में आपातकालीन स्थितियों का सहारा लेना पड़ेगा। हालांकि तात्कालिक रूप से खाद्यन्न की समस्या नहीं होगी, लेकिन बाकी चीजों में जो महंगाई बढ़ेगी, वह आम और मध्यवर्ग को तोड़कर रख देगी। यही कारण है कि किसानों से लेकर सरकार और वैज्ञानिकों तक की इन दिनों नजरें बादलों पर टिकी हैं।

---

सोशल मीडिया

सामूहिक समर्पण और पुरुषार्थ से राष्ट्र की समृद्धि अक्षुण्ण रहती है, यह भावना नयी ऊर्जा देती है और विकास के संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करती है। पीएम मोदी.

# संस्कारों के बीज

संस्कार बचपन से ही हमारे मनोमस्तिष्क में पौधे की तरह रोपे जाते हैं। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

अंतर्दृष्टि

# स्मृति साहित्य की बढ़ती अहमियत

**लोकमित्र गौतम**

तेज रफ्तार बदलती दुनिया में यादों की अहमियत अब के पहले इतनी कभी नहीं रही। यही कारण है कि इन दिनों साहित्य में स्मृति लेखन बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। दरअसल इंसान केवल वर्तमान में नहीं जीता, वह अपनी स्मृतियों में भी सांस लेता है। इसलिए जब दुनिया डिजिटल टेक्नोलॉजी के दौर में अभूतपूर्व गति से बदल रही है, रातोंरात तकनीक जीवन के हर क्षेत्र को बदलकर रख दे रही है, वैसे में हमारी पहचान, संस्कृति और संवेदनाओं को बचाये रखने का एक माध्यम स्मृति भी हो गई है। क्योंकि स्मृति केवल अतीत का लेखा-जोखा नहीं होती, वह हमारी पहचान, हमारी संवेदनाओं का एक ऐसा दुनियावी आधार भी होती है, जिसके बिना वर्तमान की मजबूत इमारत तैयार नहीं हो सकती। यही कारण है कि समकालीन साहित्य में स्मृति आधारित लेखन, संस्मरण और स्मृति कथाओं को बहुत चाव से पढ़ा जा रहा है।

पिछले पांच हजार सालों में तकनीक ने कभी भी इतना तेज बदलाव नहीं किया कि एक आदमी अपने जीते जी कई जीवनशैलियों को जीने के लिए बाध्य हो जाए। लेकिन आज ऐसा है। आज पिछली सदी को 60 के दशक में पैदा हुए लोग अब तक अपने जीवन में अनेक अभूतपूर्व बदलाव देख चुके हैं। पगडंडियों और बेलगाड़ियों के जमाने से हम हाईस्पीड ट्रेन और जेट युग तक आ पहुंचे हैं। चिट्ठी-पत्री के रोमांच के दौर से निकलकर, आज हम पलक झपकते व्हाट्सएप और ई-मेल की दुनिया तक पहुंच चुके हैं। ऐसे में आज 50 और 60 साल का कोई भी आदमी कम से कम भारत में रहते हुए तीन जीवनशैलियों को अपनी आंखों से फलते-फूलते देख चुका है। वास्तव में पिछले पांच दशकों में भारत में हर क्षेत्र में बहुत तेज परिवर्तन हुए हैं। सिर्फ तकनीकी ही नहीं आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक रिश्तों में भी बहुत तेजी आयी है। तकनीक के क्षेत्र में तो यह परिवर्तन लगभग अल्टीमेट है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, सोशल मीडिया और अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आज के चार दशक पहले तक दूर-दूर कहीं मौजूदगी नहीं थी। आज हमारी जिंदगी कुछ ही सालों में अतीत गाथा बनकर रह जाती है। इसलिए उसे पलटकर देखने में वह किस्से कहानियों सा रोमांच देती है। यह अकारण नहीं है कि आजकल एक-एक दशक पुराने अतीत को भी साहित्य में भरपूर जगह मिल रही है। बचपन, गांव, परिवार, स्कूल और रिश्ते, इन सबमें केवल कुछ दिनों का भी अनुभव आज कथात्मक हो चला है। यही कारण है कि इन दिनों स्मृति साहित्य के प्रति लोगों का आकर्षण खूब बढ़ रहा है। वैसे साहित्य में और विशेषकर हिंदी साहित्य में स्मृति साहित्य लेखन की परंपरा कोई अजूबी या नई नहीं है। महादेवी वर्मा, कृष्णा सोबती, अमृतलाल नागर, निर्मल वर्मा, हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित स्मृति साहित्यकार रहे हैं। लेकिन जिस तरह आज के दौर में हिंदी साहित्य में गांव और बचपन की स्मृतियां कहानियों का एक सशक्त विषय बनकर उभरी हैं, वैसा अब के पहले कभी नहीं था। शायद इसकी वजह यह भी है कि आज लगभग आधा भारत शहरों में रह रहा है और उसकी स्मृति पटल पर गांव की जबर्दस्त कसक मौजूद है।




साहित्य जगत

यही कारण है कि आज भारत की हर क्षेत्रीय भाषा में सबसे ज्यादा कहानियां गांव और बचपन की स्मृति को संबोधित करके लिखी जा रही हैं। शहरों में रहने वाले लोग जिनमें से ज्यादातर की जड़ें गांव से जुड़ी हैं, उन्हें रह-रहकर अपने बचपन की यादें, खेत, तालाब की बातें, मेलों और उत्सवों के किस्से, भुलाये नहीं भूलते। इन दिनों कहानियों का संसार स्मृति आख्यान से अटा पड़ा है। गांव की बदलती तस्वीर, पलायन, खाली होते घर और समाप्त होती लोक परंपराएं भी इन दिनों अनेक कहानियों और उपन्यासों का विषय बनी हुई हैं। वैसे भी साहित्यकार अपने भोगे हुए यर्थाथ और अतीत को सबसे जीवंत तरीके से सृजित करता है। यही कारण है कि बीमारियों, यात्राओं, संबंधों की भी हमारे साहित्य में विपुल भूमिका है। दरअसल स्मृति साहित्य के जबर्दस्त लोकप्रिय होने का एक कारण यह भी है कि आज पाठक कल्पना से ज्यादा अतीत और भोगे हुए यर्थाथ को पढ़ने में रुचि रखता है। इसलिए भी स्मृतियों की लेखन में बहुत बड़ी भूमिका बनकर उभरी है।

सोशल मीडिया में लिखे जाने वाले साहित्य को अगर हम ध्यान से देखें तो यह 90 फीसदी से ज्यादा स्मृतियों का लेखन ही है। जब जीवन बहुत तेजी से बदलता है तो स्मृतियों की कसक भी उतनी ही तेज होती है। आज के 50 साल पहले स्मृति लेखन की रफ्तार इतनी तेज नहीं थी, क्योंकि तब जिंदगी बदलने की रफ्तार भी इतनी तेज नहीं थी। आज जिस तरह से लोग अपनी छोटी-छोटी स्मृतियों को ब्लॉग, फेसबुक पोस्ट और डिजिटल डायरी के रूप में दर्ज कर रहे हैं, उससे भी स्मृति लेखन के लिए जबर्दस्त माहौल बना है। शायद इसकी वजह यह भी है कि स्मृतियां केवल अतीतभर नहीं होती, ये दरअसल इतिहास भी होती है। लेकिन व्यवहारिक सच्चाई यह भी है कि आम लोगों के निजी जीवन की घटनाएं कभी इतिहास नहीं बनती। सिर्फ राजनीतिक और सामाजिक घटनाक्रम ही इतिहास के रूप में दर्ज होता है। इसलिए सामान्य लोगों के जीवन की छोटी-छोटी घटनाएं इतिहास के हाशिये पर भी जगह नहीं पाती तो वे स्मृति साहित्य में बदल जाती हैं।

हम जब भी किसी लेखक की आत्मकथा या संस्मरण आदि पढ़ते हैं तो वह केवल उनका संस्मरण भर नहीं होता न सिर्फ उनकी आत्मकथा बल्कि उस दौर का सम्पूर्ण इतिहास किसी न किसी रूप में वहां मौजूद रहता है। इसलिए स्मृति साहित्य इतिहास का महत्वपूर्ण स्रोत भी होता है। क्योंकि इस डिजिटल युग में स्मृतियों को सहेजन अब पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। इसलिए भी स्मृति साहित्य खूब लिखा जा रहा है। पहले लोगों के पूरे जीवन की मुश्किल से दो चार तस्वीरें होती थीं, आज कोई ऐसा साल नहीं जाता, जब लोग अपने मोबाइल फोनों से सैकड़ों फोटो न खींचते हों। ये तस्वीरें भी वास्तव में एक तरह का शब्दहीन स्मृति लेखन ही है। अगर जानकारों की मानें तो भविष्य में स्मृति लेखन कम नहीं बल्कि और ज्यादा होगा। क्योंकि स्मृतियों को सहेजने और उन्हें तरह-तरह से देखने के आज अनेक जरिये मौजूद हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्चुअल रियलिटी, डिजिटल जीवन के विस्तार की वास्तव में स्मृतियां ही हैं, जो वास्तविक न होते हुए भी वास्तविक संवेदना पैदा करती हैं। इसलिए स्मृति साहित्य के लेखन में जो तेजी आयी है, वह जल्द नहीं जाने वाली, अभी लंबे समय तक रुकेगी।

बॉक्सः आखिर स्मृति साहित्य क्यों इतना पढ़ा जाता है?

- क्योंकि ये हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है।
- क्योंकि इसमें सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास मौजूद होता है।
- क्योंकि नई पीढ़ी को पुराने समय की जीवनशैली को समझने में मदद मिलती है।
- क्योंकि व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को गहराई मिलती है।
- क्योंकि तेजी से बदलती दुनिया में हमारी अपनी पहचान और आत्मबोध की भावना मजबूत होती है।

---

## आप की बात

### नियोजित विकास जरूरी

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

**धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### युवाओं में उद्यमिता

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## धूमधाम से मनी छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती

**फतेहपुर।** पटेल सेवा संस्थान के द्वारा बुलेट चौराहे पर छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें शोभायात्रा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा द्वारा नगर भ्रमण किया गया पटेल सेवा संस्थान एवं बुलेट एजेंसी की संयुक्त रूप से मिष्ठान एवं शरबत वितरण किया गया सर्वप्रथम माल्यार्पण पटेल सेवा संस्थान एवं सांसद नरेश उत्तम पटेल एवं अन्य सैकड़ो लोगों ने साहू जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इस मौके पर के पी सिंह धर्मेंद्र उत्तम अवनीश सिंह राजन अनुज सचिन डॉक्टर अशोक पटेल प्रभात पटेल डॉक्टर रामकेश सचान शैलेंद्र प्रताप सिंह अभिषेक उत्तम सुरेंद्र यादव सुनील उमराव एडवोकेट राजीव उमराव विनोद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे वही सम्राट आइसक्रीम के संचालक फूल सिंह मौर्य द्वारा छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती के अवसर पर राहगीरों को आइस क्रीम वितरित की गई इस मौके पर उनके साथ अन्य सहयोगी भी मौजूद रहे।

## बोलेरो पेड़ से टकरायी एक की मौत एक रेफर

**बांदा।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम महोखर से अतर्रा थाना क्षेत्र के बरेहड़ा गांव निवासी राममनोहर वर्मा पुत्र दऊवा अपने पुत्र की शादी का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बहू को विदा कराकर बरहेंडा लौट रहे थे। बिसण्डा थाना के पुनाहुर गांव के खंजाबाबा मंदिर के पास सड़क में बैठे गौवंश को बचाने के चक्कर बोलेरो पेड़ से टकरा गयी। इसमें वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को बिसंडा सीएचसी में भर्ती कराया गया। दो लोगो को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दूल्हे के पिता 50 वर्षीय राममनोहर पुत्र दऊवा को देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि एक की हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया है।

## बाइक की टक्कर से बालक की मौत

**बांदा।** गिरवां के श्रीसिद्धिदात्री विंध्यवासिनी देवी जी खत्री पहाड़ में करतल निवासी करतल दीपक कुमार गुप्ता पुत्र प्रदीप कुमार अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ आए थे। पुत्री परी का मुंडन कराकर जैसे ही मंदिर से बाहर निकले एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सुशांत पुत्र दीपक गुप्ता को टक्कर मार दी। इससे चार वर्षीय सुशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। हर बाले उसे मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया है। कानपुर में इलाज के दौरान रात्रि में सुशांत की मौत हो गई। मृतक के पिता दीपक का कहना है कि पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज के अमावा छीटन गांव में फर्राटा पंखा लगाते समय करंट लगने से 28 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था और मेहनत-मजदूरी कर पत्नी व बच्चों का पालन-पोषण करता था। उसकी असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार अमावा छीटन निवासी अंजय (28) गुरुवार की रात अपने घर में फर्राटा पंखा लगा रहे थे। इसी दौरान वह अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

अस्पताल प्रशासन द्वारा सूचना दिए जाने पर थाना कुमारगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरने के बाद शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। देर शाम गांव में गमगीन माहौल के बीच अंजय का अंतिम संस्कार कर दिया गया। चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय अभिषेक सिंह एवं सभासद विकास सिंह विक्की ने बताया कि मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था।

उसके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। अंजय मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गांव में भी शोक की लहर है।

# पुलिस अधीक्षक ने महिला थाने का किया औचक निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने शुक्रवार को महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क तथा महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की

**मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क और महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्थाएं परखी**

रोकथाम तथा शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन किया।

अभिलेख व्यवस्थित एवं अद्यतन पाए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए उनके नियमित रख-रखाव के निर्देश दिए। इसके बाद थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा आगंतुकों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया और परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने पर बल दिया। एसपी ने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता और शिकायत निस्तारण से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साइबर हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने पर जोर दिया गया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने और वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क के अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला संबंधी शिकायतों के त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश भी दिए।

## स्थानीय पुलिस के ढुलमुल रवैया से युवक परेशान

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने मारपीट के मामले में स्थानीय पुलिस के ढुलमुल रवैया के चलते निराश होकर मामले में कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। खंडासा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम व पोस्ट- तालढोली, के रहने वाले युवक राहुल कुमार पुत्र राम अचल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर बताया है कि विगत 22 अप्रैल को शाम लगभग 5.00 बजे फैजाबाद से आटो रिक्शा चलाकर घर जा रहा था। इनायतनगर पहुंच कर सवारी बैठा रहा था कि नासिर पुत्र सद्दीक व अतुल पुत्र अर्जुन ने कहा कि यहां सवारी मत बैठाओ,इसी बात को लेकर प्रार्थी को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मां बहन की भद्दी-भद्दी गाली देते हुए लात जूता व डण्डों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी कहा कि यहां से सवारी बैठाओगे तो फिर मारेंगा। यह घटना इनायतनगर चैराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे व सीओ आफिस गेट पर लगे कैमरे में कैद होगी। कई उच्चधिकारी व आयोग को प्रार्थना पत्र दिया किन्तु क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर को न तो सीसीटीवी कैमरा चेक किया न अभी तक एफआईआर दर्ज कराई। इसके साथ ही पीड़ित नहीं अभी आरोप लगाया कि उपरोक्त विपक्षीगण इतना दबंग है कि उनके खिलाफ कोई गवाही देने को तैयार नहीं है।

## ग्राम सभाओं की बैठके न होने का आरोप डीएम से जांच की मांग

**बांदा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस सर्वे-2024 के अंतर्गत स्थायी पात्रता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में महुआ विकासखंड की ग्राम पंचायतों में निर्धारित खुली ग्राम सभाओं की बैठक नहीं हो रही है। पूर्व सदस्य जिला खाद्य परामर्शदात्री एवं सतर्कता सलाहकार समिति आत्माराम त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। आत्माराम त्रिपाठी का कहना है कि शासन के निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सर्वेक्षित परिवारों की स्थायी पात्रता सूची तैयार करने से पहले प्रत्येक ग्राम पंचायत में खुली ग्राम सभा बैठकों को आयोजित कर सूची का सत्यापन, फैक्ट चेक, अनुमोदन कराया जाना अनिवार्य है। इसके लिए जिला प्रशासन ने रोस्टर भी जारी किया था। 8 से 15 जून तक ग्राम सभाएं आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए थे। आरोप लगाया कि महुआ विकासखंड की ग्राम पंचायतों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खुली ग्राम सभा की बैठक आयोजित नहीं कराई गई। उन्होंने जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## 70 से अधिक वाहनों का हुआ चालान

**बांदा।** पुलिस ने शहर में विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी यातायात सौरभ सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ विभिन्न चैराहों और मार्गों पर व्यापक जांच अभियान संचालित किया। चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से लगे हूटर, सायरन एवं काली फिल्म, ड्रिंकन एंड ड्राइव, दो पहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 70 से अधिक वाहनों का चालान किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ससुरालीजनों के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी महिला ने ससुरालीजनों के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पथरा निवासी माया देवी ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरी शादी हिंदू रीत रिवाज के साथ राम औतार निषाद पुत्र छोटे निषाद निवासी कजरी कोल मजरा शाहपाटन थाना कालिंजर के साथ 28 अप्रैल 2024 को मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में हुई थी। विवाह के पूर्व नगद रुपए व संपूर्ण दान दहेज दिया गया था। शादी के बाद पति रामअवतार, सास सुखिया, जेठ संजय व जेठानी आए दिन यह धमकी दे रहे हैं कि मोटरसाइकिल नही दी है। मारपीट करते हैं। मानसिक उत्पीड़न करते हैं। खाना-पीना नहीं दे रहे हैं। मेरे माता-पिता ने 2 लाख 11 हजार नगद वा ढाई लाख का सामान दिया है। माया देवी ने पति पर चरित्रहनन का आरोप लगाया है। विरोध करने पर पति मारता है। पुलिस भी मौके पर आकर बीच-बचाव किया है। तहरीर के आधार पर पति रामअवतार निषाद, सास सुखिया, जेठ संजय व जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मशीनरी पार्ट्स चोरी करते युवक रंगे हाथ पकड़ा गया

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के चंदेरा बाईपास स्थित एक निजी कंपनी परिसर में चोरी की वारदात को अंजाम देने पहुंचे एक युवक को चौकीदार और कर्मचारियों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी कंपनी के मशीनरी पार्ट्स दो बोरियों में भरकर ले जाने की कोशिश कर रहा था।

**• चौकीदार थाना पाली के बगरिया निवासी करन कुशवाहा कुछ देर के लिए चाय पीने बाहर गया था**
**• दो बोरियों में भरे मशीन के पार्ट्स बरामद, मामला दर्ज**

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आरोपी को चोरी के सामान सहित थाने ले आई और उसके खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नारायण सिंह बुंदेला एण्ड कंपनी झांसी के मैनेजर आजादपुरा निवासी रामप्रकाश राठौर ने बताया कि कंपनी की शाखा चंदेरा बाईपास स्थित है। शुक्रवार की रात करीब 12.30 बजे शाखा पर तैनात चौकीदार थाना पाली के बगरिया निवासी करन कुशवाहा कुछ देर के लिए चाय पीने बाहर गया था। वापस लौटने पर उसने देखा कि एक युवक परिसर के अंदर से दो बोरियों में मशीनरी के पार्ट्स भरकर भागने का प्रयास कर रहा है। चौकीदार ने तत्काल शोर मचाया, जिस पर कंपनी में मौजूद कर्मचारी रविंद्र प्रताप सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। कर्मचारियों ने घटना की सूचना मैनेजर रामप्रकाश राठौर को दी। मौके पर पहुंचे मैनेजर ने आरोपी से पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम मोहल्ला पठापुरा/वंशीपुरा निवासी महेंद्र पुत्र पंचम बताया। इसके बाद आरोपी को चोरी किए गए दोनों बोरों में भरे मशीनरी पार्ट्स के साथ कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने मैनेजर की तहरीर पर आरोपी महेंद्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 317(2) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था: रमापति राम त्रिपाठी

अयोध्या। अयोध्या बाईपास स्थित एक होटल में आपातकाल की वर्षगांठ पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित राजनीतिक दल है, जिसकी नींव राष्ट्रवाद और जनसेवा के सिद्धांतों पर रखी गई है।

उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संसद में अनुच्छेद 370 का विरोध करते हुए मंत्री पद से इस्तीफा दिया और राष्ट्रहित में जनसंघ की स्थापना की। उनके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद, अंत्योदय और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचारों के साथ संगठन को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि छह लोगों से शुरू हुई पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। वर्तमान में 22 राज्यों में भाजपा अथवा उसके नेतृत्व वाले गठबंधन की सरकार है और देश की अधिकांश आबादी भाजपा के नेतृत्व में संचालित सरकारों के दायरे में आती है। रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना को आघात पहुंचाया। उस दौर में हजारों लोकतंत्र सेनानियों ने जेल की यातनाएं झेलीं और अपने परिवारों से दूर रहकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। आज देश में लोकतंत्र उन्हीं सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण मजबूत है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास, आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, हर घर जल, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कार्यक्रम को लोकतंत्र सेनानी रामप्रकाश यादव, रमाशंकर गुप्ता, गणेश प्रसाद तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, विधायक धर्मराज निषाद, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, गोंडा जिलाध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी, अंबेडकर नगर के जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल, अवधेश पांडे श्वादलस, अभिषेक मिश्रा, कृष्ण कुमार पांडे श्खुन्नूश, कार्यक्रम संयोजक अखंड प्रताप सिंह शिंटूपाल, परमानंद मिश्रा, राम मोहन भारती, अशोक कसौधन, इंजीनियर शिवम सिंह, शैलेंद्र कोरी, शशि प्रताप सिंह, तिलक राम मौर्य, मुकेश तिवारी, रवि सोनकर, प्रवीण दुबे सहित अयोध्या जिला व महानगर, गोंडा, बहराइच श्रावस्ती, अंबेडकर नगर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अलाव कूदते नजर आये अजादार

जिलासंवाददाता

**बांदा।** मुहर्रम की नवमी पर शहर के रामाजी इमामबाड़ा सहित अन्य निर्धारित स्थलों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। देर रात तक मजलिस और नौहाख्वानी का सिलसिला चलता रहा। इमामबाड़े में इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए लोगों ने मातम किया। दुआ-फातिहा पढ़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर जियारत की। मान्यता के अनुसार देर रात तक अलाव के ईर्द-गिर्द लोग एकत्र रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा।

आयोजकों ने बताया कि मुहर्रम का महीना कर्बला के शहीदों की कुर्बानी की याद दिलाता है। नवमी की रात का खास महत्व होता है। दसवीं मुहर्रम को ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। इस्लामी हिजरी कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम शोक और बलिदान का प्रतीक माना जाता है। 10 मोहर्रम के दिन करबला के मैदान में यजीद की सेना ने पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया था। इसी महान बलिदान की याद में हर वर्ष मोहर्रम के दौरान मातमी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिले के सभी प्रमुख इमामबाड़ों और जुलूस मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी रखी गई, जिससे पूरे आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था सामान्य बनी रही। प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

## पुष्पक एक्सप्रेस में महिला यात्री का बैग चोरी, मामला दर्ज

**ललितपुर।** चलती ट्रेनों में यात्रियों के सामान की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी क्रम में गोमती नगर से कल्याण जा रही 12533 पुष्पक एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री का बैग चोरी हो गया। घटना ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने से पहले की बताई गई है। पीड़िता की तहरीर पर जीआरपी थाना ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मुंबई (महाराष्ट्र) निवासी सैल मिश्रा पत्नी पंकज मिश्रा 29 मई 2026 को अपने बच्चों के साथ गोमती नगर से कल्याण के लिए पुष्पक एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थीं। उनका आरक्षण कोच बी-2 की सीट संख्या 7 और 8 पर था। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना बैगनी रंग का बैग सीट के नीचे रख दिया था। रात में सभी यात्री सो गए। 30 मई की सुबह करीब 7 बजे, जब ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी, उनकी आंख खुली तो सीट के नीचे रखा बैग गायब मिला। आसपास तलाश करने और सहयात्रियों से पूछताछ करने के बावजूद बैग का कोई पता नहीं चल सका। आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने यात्रियों के सोने का फायदा उठाकर बैग चोरी कर लिया। चोरी हुए बैग में 500 रुपये नकद, लगभग 3 हजार रुपये मूल्य के ड्राई फ्रूट्स (मेवे) तथा खाने-पीने का अन्य सामान रखा हुआ था। उन्होंने पुलिस को बताया कि बरामद होने पर वह अपने बैग और उसमें रखे सामान की पहचान कर सकती हैं। जीआरपी थाना ने बीएनएस की धारा 305(सी) में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक किलो सूखा गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** थाना जसपुरा पुलिस ने छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले आरोपी जगदीश पुत्र रामकृपाल निवासी बरेहटा खादान जसपुरा को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक पन्नी में एक किलो 60 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। चैकी प्रभारी अमारा आकाश ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने कहा है कि वह बरेहटा खादान में ट्रक चालकों को छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर उनको अधिक दामों पर बेचता था।

## हृदेश बने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष

**ललितपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से एड. हृदेश यादव को ललितपुर जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव द्वारा जारी पत्र के माध्यम से तत्काल प्रभाव से किया गया। जारी मनोनयन पत्र में प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि एड. हृदेश यादव की संगठन के प्रति सक्रियता, निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, समाज को संगठित करने तथा सामाजिक एवं जनहित के कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एड. हृदेश यादव ने प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव सहित प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य जिले में संगठन को और अधिक मजबूत करना, समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना, युवाओं को संगठन से जोड़ना तथा शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देना होगा।

## बसपा की समीक्षा बैठक में संगठन मजबूती की रणनीति पर हुआ मंथन

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** सेक्टर-13 तेरईफाटक के बूथ संख्या 118 एवं 119 पर आयोजित समीक्षा बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की सफलता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक बूथ को सक्रिय बनाने पर जोर दिया।

बैठक में मंडल प्रभारी दीपक कुमार टिकरा, जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध, जिला महासचिव देवेंद्र मैनबार, वरिष्ठ नेता संतोष अहिरवार तथा विधानसभा अध्यक्ष ने सहभागिता की। विधानसभा अध्यक्ष ने बैठक का सफल संचालन करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का आह्वान किया। बैठक में बूथ स्तर के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। बूथ संख्या-118 के अध्यक्ष रक्कू, बूथ संख्या-119 के अध्यक्ष मुकेश तथा बरी खुर्द बूथ संख्या-143 के अध्यक्ष रमेश ने अपने बूथों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया। बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष प्रेम लाल ने की।

इस अवसर पर सुखलाल, दीपक, रामलाल, धर्मेंद्र, चिप्पू, जानकी प्रसाद, मनोज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं जिम्मेदार नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# अनुशासन का जीवन में बहुत महत्व: लालचंद

**अयोध्या।** बेसिक शिक्षा विभाग के 145 नन्हे कब बुलबुल को समारोह पूर्वक तृतीय चरण स्वर्ण पंख प्रमाणपत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचन्द ने वितरित किये, इस मौके पर भारत स्काउट और गाइड उप्र के संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त कमलेश कुमार द्विवेदी एवं खंड शिक्षा

**• बीएसए ने 145 नन्हे कब बुलबुल को वितरित किया तृतीय चरण स्वर्ण पंख प्रमाणपत्र**

अधिकारी शैलेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। विवेकानंद सभागार में आयोजित समारोह में बीएसए, लालचन्द ने संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन का जीवन में बहुत महत्व है। इसको आत्मसात कर जीवन सफल बनाया जा सकता है।

ज्ञात हो कि स्काउटिंग में कब बुलबुल को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च पुरस्कार गोल्डन एरो प्राप्त होता है। जिसे प्राप्त करने के लिए अयोध्या के बेसिक विभाग के बच्चे जिला स्काउट मास्टर अनूप मल्होत्रा एवं जिला गाइड कैप्टन निधि महेन्द्रा के नेतृत्व में निरंतर तैयारी कर रहे है। उक्त अवसर पर प्राथमिक विद्यालय चैधरीपुर, प्राथमिक विद्यालय कोटैला, प्राथमिक विद्यालय भीखीसराय, प्राथमिक विद्यालय गिरधरामऊ, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर ग्रंट, प्राथमिक विद्यालय गंगापुर, प्राथमिक विद्यालय रामनगर, प्राथमिक विद्यालय बिजड़ा, प्राथमिक विद्यालय सनाहा के 71कब तथा प्राथमिक विद्यालय परोमा, कंपोजिट विद्यालय पाराताजपुर, प्राथमिक विद्यालय कोटसराय ,प्राथमिक विद्यालय बेनिया, प्राथमिक विद्यालय बिजड़ा, कंपोजिट विद्यालय दर्शन नगर, कम्पोजिट विद्यालय कटरौली की 74 बुलबुल के प्रमाण पत्र सौंपे गए।

इस मौके पर जिला संगठन आयुक्त मुकेश साहू, आई टी प्रभारी हर्षित तिवारी, कब मास्टर ललित कुमार, फ्लॉक लीडर सुप्रिया चैरसिया,बिंदु ब्लाक स्काउट मास्टर बीकापुर गिरीश चंद्र के साथ अन्य विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

## रेलवे कॉलोनी से 14 वर्षीय किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता

**ललितपुर।** शहर की पूर्व रेलवे कॉलोनी से 14 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें किशोरी प्लेटफॉर्म नंबर-2 की ओर जाती हुई दिखाई दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पूर्व रेलवे कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह रेलवे विभाग में कार्यरत हैं।

उनकी पत्नी इटावा जिले के एक सहायक अध्यापक हैं। गर्मी की छुट्टियों के दौरान उनकी पत्नी 24 मई 2026 को ललितपुर आई थीं। उनके साथ उनकी मौसी की 14 वर्षीय पुत्री जो कि कानपुर देहात निवासी है वह भी घूमने के लिए आई थी और तभी से उनके साथ रह रही थी। तहरीर के अनुसार 24 जून 2026 की रात करीब 11.30 बजे उक्त किशोरी बिना किसी को बताए घर से निकल गई। जब परिजनों ने उसे घर में नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू की गई। रेलवे कॉलोनी, रेलवे स्टेशन तथा आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की गई और रिश्तेदारों से भी संपर्क किया गया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

इसके बाद रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज देखे गए, जिनमें किशोरी रात करीब 11.30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-2 की ओर जाती हुई दिखाई दी। इसके बाद वह कहां गई, इसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर किशोरी की सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

संक्षेप

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 96.3 करोड़ डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 जून को समाप्त सप्ताह में 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.07 अरब डॉलर घटकर 541.217 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.11 अरब डॉलर बढ़कर 107.93 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.2 करोड़ डॉलर घटकर 18.647 अरब डॉलर रहा।

## बांद्रा छोर को सावरकर सी ब्रिज से जोड़ने की 1722 करोड़ की परियोजना को मंजूरी

मुंबई। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की अवसंरचना संबंधी उपसमिति ने वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक (वीबीएसएल) के बांद्रा किले वाले छोर को सावरकर सी ब्रिज से जोड़ने वाली 3.55 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए 1,722.40 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस परियोजना को महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) लागू करेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाली उपसमिति ने बृहस्पतिवार को इस परियोजना को मंजूरी दी। इससे पहले मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली सचिवों की समिति ने 17 जून को इसे मंजूरी दी थी। परियोजना की अनुमानित लागत में निर्माण कार्य के लिए 1,183.79 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा माल एवं सेवा कर (जीएसटी), भूमि अधिग्रहण तथा अन्य खर्चों को मिलाकर कुल लागत 1,722.40 करोड़ रुपये होगी। इस परियोजना के लिए लगभग 40 झुग्गियों का पुनर्वास करना होगा, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में निर्धारित किए गए हैं।

## डीटीयू और एसरी इंडिया ने जियोएआई शिक्षा एवं अनुसंधान को गति देने के लिए हाथ मिलाया

नई दिल्ली। भारत में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर, लोकेशन इंटेलिजेंस और मैपिंग सॉल्यूशंस में बाजार की अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने जियोएआई पर खास जोर के साथ जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजीज में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए दिल्ली टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी (डीटीयू) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की आज घोषणा की। यह साझीदारी जियोस्पैटियल कौशल और अकादमिक कार्यक्रमों के लिए उद्योग की अपेक्षाओं को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके तहत अगली पीढ़ी के इंजीनियरों, शोधकताओं और डेटा वैज्ञानिकों को विश्व की अग्रणी एसरी टेक्नोलॉजी के जरिए अत्याधुनिक जीआईएस एवं जियोएआई क्षमताओं से युक्त किया जाएगा। इस एमओयू के तहत एसरी इंडिया वैश्विक स्तर पर प्रख्यात आर्कजीआईएस सॉफ्टवेयर के साथ इस उत्कृष्टता केंद्र को स्थापित करने में डीटीयू के जियोस्पैटियल साइंस एवं टेक्नोलॉजी विभाग को सहयोग करेगी। इस केंद्र के पास आर्कजीआईएस लिविंग एटलस के जरिए सीखने के संसाधनों और जियोस्पैटियल कंटेंट तक पहुंच होगी।

## सिमरन ने हाल मित्रा के जरिए ब्रेक अप को दी एक बेबाक नयी आवाज

नईदिल्ली। पंजाब की सबसे बेबाक आवाज सिमरन कौर धडली अपने नए गाने 'हाल मित्रा' के साथ वापसी कर रही हैं। यह एक दमदार ब्रेकअप एंथम है, जो दिल टूटने के दर्द को ताकत और आत्म-सम्मान में बदल देता है। अपनी खास गीतकारी और प्रभावशाली गायकी के जरिए, सिमरन ने दिल टूटने से लेकर खुद को संभालने तक के सफर को बखूबी दर्शाया है और हर उस महिला का जश्न मनाया है जो खुद को प्राथमिकता देती है। इस गाने के बारे में बात करते हुए सिमरन कौर धडली ने कहा कि 'हाल मित्रा' हर उस महिला के लिए है जो बिना किसी झिझक के खुद को चुनती है। कभी-कभी जो लोग आपको ठेस पहुँचाते हैं, वही आपको ज़िंदगी की सबसे बड़ी सीख दे जाते हैं। यह गाना अपनी अहमियत पहचानने, पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और यह समझने के बारे में है कि आपकी ज़िंदगी का सबसे बेहतरीन अध्याय आपके सबसे बड़े झटके के बाद शुरू हो सकता है।

# भारत ने चीन, जापान, रूस से हॉट रोल्ड स्टील आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

नयी दिल्ली। भारत ने चीन, जापान और रूस से कुछ हॉट रोल्ड स्टील उत्पादों के सस्ते आयात के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई।

यह जांच जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड और जिंदल स्टील ओडिशा लिमिटेड की ओर से दायर आवेदन के बाद शुरू की गई है। आवेदकों का आरोप है कि चीन, जापान और रूस से निर्यात किए जा रहे मिश्रधातु या गैर-मिश्रधातु इस्पात के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पाद डंपिंग कीमतों पर भारत में आयात किए जा रहे हैं, जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर नुकसान हो रहा है। इन उत्पादों का उपयोग मोटर वाहनों, तेल एवं गैस पाइपलाइना अन्वेषण, कोल्ड रोल्ड स्टील उत्पाद, पाइप विनिर्माण, सामान्य इंजीनियरिंग एवं फैब्रिकेशन, निर्माण, पूंजीगत सामान व सीमेंट, उर्वरक और रिफाइनरी उद्योगों के प्रसंस्करण में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों तथा क्रेन जैसी भारी मशीनों में किया जाता है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) जांच के तहत 2022 से 2025 तक के आयात आंकड़ों पर गौर करेगा। डीजीटीआर ने कहा कि उसके प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चला है कि इन उत्पादों का निर्यात उनकी सामान्य कीमत से काफी कम मूल्य पर किया जा रहा है। सामान्य मूल्य और निर्यात मूल्य के बीच का अंतर (जिसे डंपिंग मार्जिन कहा जाता है) न्यूनतम सीमा से अधिक और इन देशों के निर्यात के मामले में काफी अधिक पाया गया है। उसने कहा कि प्रथम दृष्टया पर्याप्त साक्ष्य हैं कि इन देशों के निर्यातक भारतीय बाजार में इस उत्पाद की डंपिंग कर रहे हैं। डीजीटीआर ने कहा, आवेदकों द्वारा प्रस्तुत विधिवत प्रमाणित आवेदन तथा उत्पाद की डंपिंग संबंधी प्रथम दृष्टया साक्ष्यों के आधार पर प्राधिकरण डंपिंग रोधी जांच शुरू करता है। एक अलग अधिसूचना में डीजीटीआर ने कहा कि वह चीन और मलेशिया से आयातित डायलाइजर की कथित डंपिंग की भी जांच कर रहा है। डायलाइजर एक डिस्पोजेबल चिकित्सकीय उपकरण है, जो कृत्रिम किडनी की तरह काम करता है और मरीज के रक्त से यूरिया, अतिरिक्त तरल पदार्थ और विषैले तत्वों को निकालने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। यह जीवनरक्षक चिकित्सकीय उपभोग्य सामग्री है।

# सीआरजीओ पर डंपिंग रोधी शुल्क से बढ़ सकती है ट्रांसफॉर्मर लागत

नयी दिल्ली। कोल्ड-रोल्ड ग्रेन-ओरिएंटेड इलेक्ट्रिकल स्टील (सीआरजीओ) पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का कोई भी कदम ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण लागत बढ़ा सकता है और देश के बिजली ग्रिड विस्तार की रफ्तार को धीमा कर सकता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही।

भारत अपनी घरेलू जरूरत का करीब 90 प्रतिशत सीआरजीओ आयात करता है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने जेएसडब्ल्यू जेएफई इलेक्ट्रिकल स्टील नासिक प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत के बाद चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और रूस से सीआरजीओ तथा अस्फटिक धातुओं (अमॉर्फस) के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। 22 जून 2026 को शुरू हुई जांच के दायरे में एक अप्रैल, 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच हुआ आयात है। वहीं घरेलू उद्योग को हुई क्षति का आकलन 2022-23 से 2024-25 की अवधि के आधार पर किया जाएगा। हर बिजली और वितरण ट्रांसफॉर्मर के चुंबकीय कोर में सीआरजीओ स्टील का इस्तेमाल होता है। यह विशेष प्रकार का इलेक्ट्रिकल स्टील ऊर्जा हानि को कम करता है और बिजली के कुशल पारेषण एवं वितरण के लिए अनिवार्य है। जीटीआरआई के अनुसार, वर्ष 2032 तक बिजली ग्रिड विस्तार पर 9.15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना के साथ सीआरजीओ की मांग में तेज वृद्धि होने की उम्मीद है। इस योजना के तहत 1.91 लाख सर्किट किलोमीटर नई पारेषण लाइन बिछाई जाएंगी और ट्रांसफॉर्मर क्षमता बढ़ाकर 2,342 जीवीए (गीगावोल्ट-एम्पियर) से अधिक की जाएगी। इसके बावजूद भारत अब भी आयात पर अत्यधिक निर्भर है। देश में सीआरजीओ की वार्षिक खपत चार लाख से साढ़े चार लाख टन के बीच आंकी जाती है, जबकि घरेलू उत्पादन केवल 40,000-50,000 टन है। भारत की लगभग 90 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरी होती है। जांच शुरू होने के इस कदम ने चिंता बढ़ा दी है कि जिस उत्पाद के लिए भारत अपनी करीब 90 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरी करता है, उस पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने से ट्रांसफॉर्मर की लागत बढ़ सकती है।

# आईसीएआई एआई के लिए मानक तैयार करने पर विचार करे

नयी दिल्ली। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) का जिम्मेदारी के साथ उपयोग को सुनिश्चित करने और एल्गोरिदम में संभावित पूर्वाग्रहों को रोकने के लिए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) को एआई के लिए आश्वासन मानक विकसित करने पर विचार करना चाहिए।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित आईसीएआई के एआई इनोवेशन समिट को संबोधित करते हुए शेखावत ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य पेशेवरों को निरंतर कौशल उन्नयन तथा प्रौद्योगिकी में हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) भारत के लिए नवाचार, ईमानदारी और विश्वास के साथ वैश्विक नेतृत्व स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है। पांच लाख से अधिक सदस्यों वाले आईसीएआई द्वारा अपने सदस्यों के कौशल उन्नयन के लिए एआई से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि संस्थान एआई के लिए मानक विकसित करने पर विचार कर सकता है। इसके साथ ही उन्होंने एल्गोरिदम से जुड़े पूर्वाग्रहों के कारण पैदा होने वाली चुनौतियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट केवल वित्तीय पेशेवर ही नहीं, बल्कि निवेशकों के भरोसे के संरक्षक भी हैं। शेखावत ने जिम्मेदार आचरण और विश्वास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा का जिम्मेदारी के साथ उपयोग की वकालत कर रहा है।

# ईरानी तेल की खरीद बढ़ाये जाने की संभावना नहीं

नयी दिल्ली। अमेरिकी प्रतिबंधों में अस्थायी ढील के बावजूद भारतीय तेल कंपनियों के ईरान से कच्चे तेल की खरीद में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। राहत अवधि को लेकर अनिश्चितता, भुगतान संबंधी बाधाएं और पहले से तय आपूर्ति अनुबंध इसकी मुख्य वजह है जिससे नई खरीद की गुंजाइश सीमित हो गई है।

अमेरिका ने 60 दिन के लिए प्रतिबंधों में छूट दी है, जिससे अस्थायी रूप से ईरानी कच्चे तेल के निर्यात की अनुमति मिली है। हालांकि, इतनी कम अवधि के कारण चीन के अलावा अन्य खरीदारों की बड़े पैमाने पर वापसी की संभावना नहीं है। भारतीय रिफाइनर आने वाले महीनों के लिए कच्चे तेल की अपनी अधिकांश जरूरतें पहले ही तय कर चुके हैं, क्योंकि खरीद योजनाओं को आमतौर पर दो से तीन महीने पहले अंतिम रूप दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत ऐतिहासिक रूप से ईरानी कच्चे तेल का प्रमुख खरीदार रहा है। भारतीय रिफाइनरियों के अनुकूल होने और व्यावसायिक रूप से बेहतर शर्तों के कारण भारत, ईरान के इरानियन लाइट और इरानियन हेवी ग्रेड का बड़ी मात्रा में आयात करता था। हालांकि 2018 में अमेरिकी प्रतिबंध कड़े होने के बाद मई 2019 से यह आयात बंद हो गया और इसकी जगह पश्चिम एशिया, अमेरिका तथा अन्य देशों के कच्चे तेल ने ले ली। एक समय भारत के कुल कच्चे तेल आयात में ईरानी तेल की हिस्सेदारी 11.5 प्रतिशत थी। सरकारी और निजी रिफाइनरी कंपनियां फिलहाल अगस्त के आखिर तथा सितंबर में मिलने वाली खेपों की खरीद कर रहे हैं, जिनमें रूस और पश्चिम एशिया के कच्चे तेल का दबदबा बना हुआ है। वहीं, वेनेजुएला के कच्चे तेल की हिस्सेदारी भी बढ़ रही है। यदि ईरानी कच्चा तेल भारी छूट पर उपलब्ध कराया जाता है, तो रिफाइनर अवसर का लाभ उठाते हुए कुछ खरीद कर सकते हैं। हालांकि, रूस और पश्चिम एशिया से पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध होने के कारण खरीद रणनीति बदलने की जरूरत नहीं है। यदि छूट बेहद आकर्षक हुई तो खरीद संभव है, लेकिन इसकी कुल गुंजाइश सीमित दिखाई देती है।

# भारत में 90 अरब डॉलर से अधिक निवेश की घोषणा

नयी दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव, व्यापारिक व्यवधानों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वैश्विक कंपनियों तथा संस्थागत निवेशकों ने हाल के महीनों में भारत में 90 अरब डॉलर से अधिक के नए निवेश की घोषणा की है। यह भारत की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं और निवेश गंतव्य के रूप में उसकी बढ़ती वैश्विक साख को दर्शाता है। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित निवेश कृत्रिम मेधा (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल अवसंरचना, विनिर्माण और औद्योगिक प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा।

इससे वैश्विक कंपनियों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने तथा उच्च वृद्धि वाले बाजारों में विस्तार के बीच अहम निवेश गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात के बाद वह वर्ष 2030 तक भारत में अपने कुल निवेश की प्रतिबद्धता बढ़ाकर 48 अरब डॉलर करेगा। यह निवेश क्लाउड अवसंरचना, एआई और डिजिटल सेवाओं के विस्तार में किया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया की डेटा सेंटर कंपनी एयरट्रंक ने वर्ष 2030 तक भारत में पांच गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने के लिए 30 अरब डॉलर निवेश करने की योजना की घोषणा की। यह देश में अब तक के सबसे बड़े डिजिटल अवसंरचना निवेशों में से एक है। फ्रांस की निर्माण सामग्री से जुड़ी कंपनी सेंट-गोबेन ने 18 जून को कहा था कि वह अगले पांच वर्षों में भारत में अतिरिक्त एक अरब यूरो (1.15 अरब डॉलर) का निवेश करेगी। कंपनी ने भारत को अपने सबसे तेजी से बढ़ते वैश्विक बाजारों में से एक बताया। सीटीआरएलएस डाटासेंटर्स के साथ मिलकर हाइपरस्केल डेटा सेंटर क्षमता बढ़ाने के लिए 7,000 करोड़ रुपये तक निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। वहीं औद्योगिक प्रौद्योगिकी कंपनी एबीबी ने मार्च में भारत में अपने विनिर्माण और अनुसंधान नेटवर्क के विस्तार के लिए 7.5 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। गूगल ने भारत में एआई अवसंरचना के विस्तार के लिए पांच वर्षों में 15 अरब डॉलर की योजना की घोषणा फरवरी में की थी। इसमें डेटा सेंटर, समुद्र के भीतर बिछाई जाने वाली संचार केबल, क्लाउड क्षमता और कार्यबल कौशल विकास जैसी पहल शामिल हैं। ये घोषणाएं ऐसे समय में हुई हैं जब बहुराष्ट्रीय कंपनियां पश्चिम एशिया के संघर्ष, बदलती व्यापार नीतियों और कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में धीमी वृद्धि जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए का मुख्य लक्ष्य परिवर्तनकारी वृद्धिः गोयल

लंदन। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का प्रमुख लक्ष्य दोनों देशों के बीच परिवर्तनकारी आर्थिक वृद्धि होना चाहिए।

गोयल भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते के 15 जुलाई से लागू होने से पहले दोनों देशों की तैयारियों की समीक्षा के लिए तीन दिवसीय ब्रिटेन दौरे पर हैं। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के नेतृत्व वाले कारोबारी प्रतिनिधिमंडल से सीईटीए के तहत उन्नत विनिर्माण, उपभोक्ता वस्तुओं, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों पर चर्चा की। मेरे विचार से भारतीय और ब्रिटेन की कंपनियों के लिए सहयोग, साझेदारी और संयुक्त प्रयास तेजी से आगे बढ़ने का सबसे प्रभावी तरीका होगा। इससे कारोबार का विस्तार तेज हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार सामान्य तौर पर चार से छह प्रतिशत की दर से बढ़ता है, लेकिन भारत को इससे कहीं अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखने होंगे। गोयल ने कहा कि यदि भारत केवल इतनी ही वृद्धि को लक्ष्य बनाएगा तो यह दुनिया के भारत पर बढ़ते भरोसे के साथ न्याय नहीं होगा। मंत्री ने बताया कि सीईटीए के साथ ही अगले महीने लागू होने वाला दोहरा योगदान समझौता (डीसीसी) दोनों देशों में पांच वर्ष तक के अस्थायी कार्यकाल पर काम करने वाले कर्मचारियों पर लागू होगा। सीईटीए केवल शुल्क और मूल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लगभग 48 अरब पाउंड के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को नई ऊंचाई देने का व्यापक अवसर है। कारोबारी समुदाय को नए क्षेत्रों में प्रवेश और परिवर्तनकारी वृद्धि को प्राथमिकता देनी चाहिए।

पेज एक का शेष

## विकसित भारत

समुदाय के अमूल्य योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा जैसे-जैसे भारत एआई युग के अवसरों को अपना रहा है, मुझे विश्वास है कि सीए समुदाय वित्तीय क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता का नेतृत्व करते हुए ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखेगा तथा विकसित भारत के निर्माण में योगदान देता रहेगा। संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) के पांच लाख से अधिक सदस्य हैं।

## उत्सव में

लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व सहायता राशि के चेक भी वितरित किए। सीएम ने देवरिया की धरती को नमन करते हुए कहा कि उन्हें रुद्रपुर व बरहज विधानसभा के मध्य स्थित उस पवित्र भूमि पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिसे बाबा दुखहरणनाथ, बाबा महेंद्रनाथ, महर्षि देवरहा बाबा और बाबा राघवदास जैसी महान विभूतियों का आशीर्वाद प्राप्त है। यह भूमि आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है। सीएम योगी ने कहा कि एक समय ऐसा था जब देवरिया के लोग एक पुल और एक सड़क के लिए वर्षों तक इंतजार करते थे, लेकिन आज प्रदेश में विकास की गति पूरी तरह बदल चुकी है। पडरौना, कसया, पथरदेवा, देवरिया, सोनूघाट, बरहज, दोहरीघाट को वाराणसी व गोरखपुर मार्ग से जोड़ने वाली सड़कें पूर्व-पश्चिम कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही हैं। वहीं हाटा, गौरीबाजार व कौड़ीराम तक फोरलेन सड़कें उत्तर-दक्षिण कनेक्टिविटी को नई दिशा देंगी। बेहतर सड़कें व इन्फ्रास्ट्रक्चर और मजबूत कनेक्टिविटी किसी भी क्षेत्र के विकास की सबसे बड़ी आधारशिला होती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति है और सरकार इसी शक्ति को कौशल, रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। अब तक 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है, जबकि परंपरागत उद्योगों और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार और आजीविका के साधन उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश का युवा प्रतिभाशाली है। वह बड़ी से बड़ी चुनौती को अवसर में बदल सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और सुरक्षा के कारण देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर सहित पूरे पूर्वांचल में निवेश बढ़ रहा है। नए उद्योग लग रहे हैं और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

## एसआईटी की

सनातन धर्म की प्रतीक है। अयोध्या पर आक्षेप न करो, प्रभु श्रीराम की मयार्दा का पालन करना सीखो। अयोध्या के बारे में जो समाचार मिल रहे थे, उस पर मैंने कहा था कि एसआईटी की रिपोर्ट आने के साथ ही हमारी कार्रवाई भी प्रारंभ हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों व रामभक्तों से कहा कि जो लोग आज आक्षेप लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उनकी मंशा अच्छी नहीं है। ये वो लोग हैं जो भगवान राम को नकार चुके थे, भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर चुके थे। कांग्रेस व सपा को आड़े हाथ लेते हुए सीएम ने कहा कि एक पार्टी कहती थी कि राम हुए ही नहीं, यानी वे लोग अयोध्या को भी नहीं मानना चाहते थे। वे लगातार न्यायालय में मुकदमा लड़ते रहे, वकीलों की फौज खड़ी करते रहे। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन और मंदिर निर्माण के खिलाफ खड़े रहे। वहीं दूसरा पक्ष उन लोगों का है, जो भगवान राम का नाम लेने वालों पर गोली चलाता था और आज वही लोग कहते हैं कि आस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ये लोग बताएंगे हमें आस्था ! रामनवमी पर दंगा करवाते थे, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को बैन करते थे, कांवड़ यात्रा नहीं निकलने देते थे, दुर्गा पूजा में दंगा करवाते थे। लार का दंगा तो सबको याद ही है। और, ये लोग कहते हैं कि आस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है ! मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दलों के काले कारनामों का काला चिट्ठा है। कांग्रेस ने देश को लूटा ही नहीं, बल्कि बेईमानी व भ्रष्टाचार के कीर्तिमान स्थापित किए थे। वही लोग आज अयोध्या पर आक्षेप लगा रहे हैं।

## राम मंदिर

कीमती वस्तुओं के कथित गबन से जुड़ा है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी और मामले की जांच एसआईटी तथा अयोध्या पुलिस संयुक्त रूप से कर रही हैं। शामिल लोगों में सरकारी कर्मचारी, सरकार से सैलरी पाने वाले लोग और एसबीआई के कई कर्मचारी भी हैं। एसबीआई से लगभग पांच या छह लोग हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की तहरीर पर श्रीराम जन्मभूमि थाने में बृहस्पतिवार को रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव, अनुकल्प मिश्र, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, लवकुश मिश्र, रमाशंकर मिश्र, सुभाष श्रीवास्तव तथा मनीष कुमार यादव नामक व्यक्तियों और कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की ओर से 23 जून को सरकार को सौंपी गई प्रारंभिक रिपोर्ट में कठोर कार्रवाई की सिफारिश की गई है, जिसके आधार पर यह कदम उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार चोरी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक षड्यंत्र समेत विभिन्न आरोपों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित दान और चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद ट्रस्ट ने विशेष जांच का अनुरोध किया था जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रकरण की जांच के लिए 13 जून को एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं।

## चंपत राय व

के प्रमुख सदस्य अनिल मिश्रा ने भी अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बताया जाता है कि विश्व हिंदू परिषद ने चंपत राय और अनिल मिश्रा को ट्रस्ट से इस्तीफा देने की सलाह दी है। माना जा रहा है कि दोनों ने अपना इस्तीफा ट्रस्ट को सौंप दिया है, जिस पर आगे होने वाली ट्रस्ट की बैठक में विचार होगा। राम मंदिर ट्रस्ट ही इस पर फैसला लेगा, क्योंकि ट्रस्ट एक ऑटोनोमस बॉडी है।। बता दें कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सोमवार को ही एसआईटी ने अपनी शुरूआती रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इसके बाद गुरुवार को मामले में केस दर्ज किया गया।

## एनडीपीएस

ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय एनडीपीएस अधिनियम को और सशक्त बनाने के लिए उस पर पुनर्विचार कर रहा है तथा राज्यों से इस संबंध में अपने सुझाव साझा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक अपने सुझाव गृह मंत्रालय को भेज सकते हैं, जबकि मुख्य सचिव अपने सुझाव वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग को भेज सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान शाह ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ तीन सूत्री रणनीति पेश की - पता लगाओ (डिटेक्ट), बाधित करो (डिसरप्ट) और नष्ट करो (डिस्ट्रॉय)। उन्होंने कहा कि तस्करों और उनके नेटवर्क से जुड़े लोगों के प्रति कठोर एवं निर्मम रुख अपनाया जाना चाहिए, जबकि मादक पदार्थ के पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण रखा जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान को चार स्तंभों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इनमें कानून लागू करना, खुफिया जानकारी का संग्रहण, साझा करना और अभियान चलानाअ अग्रद्रव्यों (प्रीकर्सर) तथा सिंथेटिक मादक पदार्थ पर नियंत्रणअ मांग में कमी लाना और लोगों के बीच जागरूकता बढ़ानाअ तथा मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों की क्षमता निर्माण, समन्वय और निगरानी शामिल हैं। शाह ने राज्य सरकारों से हर परिस्थिति में वास्तविक समय में सूचना साझाकरण सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने कहा,ै इसके लिए स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने कई पोर्टल विकसित किए हैं। मैं सभी मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों से आग्रह करता हूं कि वे अपने-अपने राज्यों से संबंधित अपराधों का विवरण निर्धारित समयसीमा के भीतर इन पोर्टल पर अपलोड करें। इससे भारत सरकार को इन मामलों की समीक्षा करने और आवश्यक सुझाव तथा प्रतिक्रिया देने में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों से एनसीओआरडी बैठकों को परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। शाह ने कहा, ैबैठकों की संख्या निश्चित रूप से बढ़ रही है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि वे परिणामोन्मुख हों।ै

उन्होंने कहा,ै क्या बैठकों में लिये गए निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है? क्या अगली बैठक में उन निर्णयों की समीक्षा की जाती है? क्या उनका गंभीर और कठोर विश्लेषण किया जाता है? बैठकों को परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में राज्यों द्वारा किए गए प्रयास ही हमें सफलता तक पहुंचा सकते हैं।ै

## एसआईआर का

निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम कर रहा है और दस्तावेज न होने की वजह से नागरिकों को वोट देने के अधिकार से वंचित कर रहा। मार्च में, उच्चतम न्यायालय ने एसआईआर की कवायद संबंधी निर्वाचन आयोग के कदम की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था। वहीं, जिन लोगों के नाम एसआईआर के दौरान हटा दिए गए थे, उन्हें पश्चिम बंगाल और बिहार में राज्य की कल्याणकारी योजनाओं की लाभार्थी सूची से बाहर किया जा रहा है। हाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद, दोनों (बिहार और पश्चिम बंगाल) राज्यों की सरकारों ने घोषणा की कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने के डेटा को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा जा रहा है। एसआईआर अब राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और विकास परिषद (एनसीईआरटी) की सामाजिक विज्ञान पुस्तक का हिस्सा है। पुस्तक में इसे यह सुनिश्चित करने की कवायद बताया गया है कि मतदाता सूची में कोई भी पात्र नागरिक न छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल न हो। पिछले साल 27 अक्टूबर को घोषित इस कवायद के दूसरे चरण में, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, गुजरात, मध्यप्रदेश और गोवा में कुल 10.2 प्रतिशत मतदाताओं के नाम हटाये गए।

## 'खेत बचाओ

उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने तथा प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में दीर्घकालिक सफलता के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण अनिवार्य है। उन्होंने उत्तराखंड के बागवानी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुक्तेश्वर में 100 करोड़ रुपये की लागत से क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। साथ ही चौबटिया में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित करने, कीवी उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष परियोजना शुरू करने, फसलों को वन्यजीवों से सुरक्षित रखने के लिए 65 करोड़ रुपये की फेंसिंग योजना तथा किसानों को मौसम संबंधी सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 104 करोड़ रुपये की लागत से ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाने की जानकारी दी।

## उत्तर प्रदेश

बढ़कर करीब 2100 प्रतिदिन पहुंच गई। पिछले 50 हजार इंस्टॉलेशन केवल 22 दिनों में पूरे किए गए, जिसे देश की सबसे तेज स्थापना दर बताया गया है। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 2000 मेगावाट से अधिक क्षमता जोड़ी जा चुकी है। इसके साथ ही रूफटॉप सोलर उद्योग में प्रतिदिन 40 से 50 करोड़ रुपये तक का कारोबार हो रहा है तथा 80 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

# आयरलैंड ने भारत को 34 रन से हराया

## 0-1 की बढ़त बनायी, अभिषेक की मेहनत पर फिरा पानी, खराब शुरुआत के बावजूद आयरलैंड ने भारत को दिया था 183 रन का लक्ष्य

बेलफास्ट। आयरलैंड ने भारत को 34 रनों से हरा दिया। शुक्रवार को बेलफास्ट में खेले गए पहले मुकाबले में आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 18.5 ओवर में सिर्फ 148 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ आयरलैंड ने दो टी20 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारतीय तेज गेंदबाजों ने शुरुआत में सधी हुई गेंदबाजी की लेकिन दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में आयरलैंड ने शुक्रवार को यहां नौ विकेट पर 182 रन का स्कोर खड़ा कर लिया।

भारत की ओर से हर्षित राणा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा महंगे साबित हुए। उन्होंने बिना कोई विकेट लिए 57 रन दिए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट हासिल किए जबकि शिवम दुबे को एक सफलता मिली। पंद्रह साल के किशोर सनसनी वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय पदार्पण इस मैच में नहीं हो सका, लेकिन स्टॉर्मॉन्ट मैदान पर मौजूद दर्शकों को भारतीय गेंदबाजों और आयरलैंड के बल्लेबाजों के प्रदर्शन से भरपूर रोमांच मिला। आयरलैंड के कप्तान लोर्कान टकर ने 36 गेंदों में 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन उन्हें गेराथ डेलानी (32 गेंद में में 49 रन) के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज का अच्छा साथ नहीं मिला। भारतीय तेज गेंदबाजों ने पावरप्ले में उन्होंने टिम टेक्टर (17), हैरी टेक्टर (शून्य) और रॉस एडेयर (12) को जल्दी पवेलियन भेजकर 30 रन तक आयरलैंड के तीन विकेट झटक लिये। पहले छह ओवर में आयरलैंड केवल 36 रन ही बना सका। दुबे ने भी छोटी लेंथ गेंदों का फायदा उठाते हुए बेन कैलिट्ज (15) को आउट किया, जिन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा पर दो छक्के लगाए थे। उस समय आयरलैंड का स्कोर चार विकेट पर 51 रन था। इसके बाद कप्तान टकर और डेलानी ने मिलकर पारी को संभालते हुए पाचवें विकेट के लिए 64 रन जोड़े। टकर शुरुआत में धीमे रहे, लेकिन जल्द ही उन्होंने आक्रामक तेवर दिखाते हुए अक्षर के खिलाफ 13वें ओवर में लगातार दो चौके और छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। प्रसिद्ध की एक गेंद पर उन्होंने शानदार स्कूप शॉट से चौका भी लगाया। टकर की पारी का अंत हर्षित राणा की धीमी बाउंसर पर तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट होने के साथ हुआ। डेलानी और जॉर्ज डॉकरेल (19) ने इसके बाद 14.3 से 17.1 ओवर के बीच 49 रनों की साझेदारी कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। डेलानी ने प्रसिद्ध के अंतिम ओवर में एक चौका और तीन छक्के लगाकर 27 रन बटोरे। वह हालांकि अपने अर्धशतक से चूक गए और 49 रन पर आर्शदीप सिंह की गेंद पर तिलक को कैच दे बैठे।

# मुनिता प्रजापति ने हाफ मैराथन का स्वर्ण पदक जीता एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन हासिल करने से चूकीं

भुवनेश्वर। उत्तर प्रदेश की अनुभवी धावक मुनिता प्रजापति ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन भीषण गर्मी और उमस के बीच महिलाओं की हाफ मैराथन स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता लेकिन वह एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन स्तर हासिल नहीं कर पाईं।

चौबीस साल की मुनिता ने 21.09 किमी की दूरी एक घंटा 45 मिनट पांच सेकेंड में पूरी की लेकिन वह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा तय किए गए एशियाई खेलों के एक घंटे 37 मिनट 20 सेकेंड के क्वालीफाइंग स्तर से काफी पीछे रहीं। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक घंटा 39 मिनट 26 सेकेंड है जो उन्होंने इस साल फरवरी में चंडीगढ़ में हुई भारतीय पैदल चाल चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहते हुए हासिल किया था।

उत्तर प्रदेश की ही रेशमा पटेल ने एक घंटा 45 मिनट 48 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता जबकि महाराष्ट्र की सेजल अनिल सिंह (एक घंटा 46 मिनट 31 सेकेंड) तीसरे स्थान पर रहीं। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए चुनी गईं हरियाणा की रवीना एक घंटा 48 मिनट 56 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। एएफआई द्वारा तय किया गया एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग समय असल में उस राष्ट्रीय रिकॉर्ड (एक घंटा 39 मिनट 15 सेकेंड) से भी मुश्किल है जिसे रवीना ने फरवरी में चंडीगढ़ में भारतीय पैदल चाल चैंपियनशिप जीतने के दौरान हासिल किया था। मुनिता ने कहा कि इस मौसम में क्वालीफाइंग समय हासिल करना मुमकिन नहीं है। यहां बहुत उमस और गर्मी है। ऐसा लग रहा था जैसे मेरी त्वचा जल रही हो। मुझे हर लैप के बाद खुद को पानी से भिगोना पड़ रहा था जिससे मेरा शरीर अकड़ जाता था लेकिन मैंने कोशिश की। सड़क ठीक है लेकिन थोड़ी ऊबड़-खाबड़ है। हम बेंगलुरु (साइ केंद्र) में भी इसी तरह की सड़क पर ट्रेनिंग करते हैं। स्पर्धा की शुरुआत के समय सुबह साढ़े पांच बजे भुवनेश्वर में तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस था और बादल छाए होने के बावजूद उमस 90 प्रतिशत से अधिक थी। उम्मीद है कि एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाले जापान में भी 19 सितंबर से शुरू होने वाली प्रतियोगिता के दौरान काफी गर्मी और उमस होगी। मुनिता को उम्मीद है कि एएफआई की चयन समिति एशियाई खेलों की टीम चुनते समय यहां के हालात पर भी विचार करेगी। मैंने फरवरी में (भारतीय पैदल चाल चैंपियनशिप में) एक घंटा 39 मिनट 26 सेकेंड का समय भी निकाला है। मुझे उम्मीद है कि उस प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जाएगा। मुनिता विदेशी कोच रोनाल्ड वेइगेल, गुरमीत सिंह और प्रीति चौधरी की देखरेख में ट्रेनिंग करती हैं।

संक्षेप

## भीषण गर्मी के कारण पेरिस डायमंड लीग प्रतियोगिता रद्द करने की मांग

पेरिस। फ्रांस में पड़ रही गर्मी और लू (उष्ण लहर) को देखते हुए पेरिस पुलिस प्रशासन ने इस सप्ताहांत होने वाली डायमंड लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता को रद्द करने की मांग की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि भीषण गर्मी के कारण आपातकालीन सेवाओं पर भारी दबाव है। पुलिस प्रशासन ने 21 जून से पेरिस में पर रही असाधारण गर्मी का हवाला देते हुए रविवार को होने वाली डायमंड लीग प्रतियोगिता के अलावा अन्य कार्यक्रमों को भी रद्द करने का अनुरोध किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आयोजक अगर स्वेच्छा से कार्यक्रम रद्द नहीं करते हैं, तो उन्हें आदेश जारी कर कार्यक्रम रुकवाना पड़ेगा क्योंकि आपातकालीन सेवाओं का पूरा ध्यान बुजुर्गों, बच्चों और अन्य जरूरतमंद लोगों की सुरक्षा पर है। इस प्रतियोगिता में नोआ लाइल्स, फेम्के बोल और मोंडो डुप्लांटिस सहित विश्व के कई प्रमुख एथलीट भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन करने वाले फ्रांस एथलेटिक्स महासंघ ने बताया कि उसे अभी तक पुलिस का कोई आधिकारिक आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। आयोजकों ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा था, हम बदले हुए प्रारूप में प्रतियोगिता कराने की योजना बना रहे हैं ताकि सभी के लिए सुरक्षा के जरूरी मानकों का पालन किया जा सके। इसमें प्रतियोगिता में सिर्फ शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की योजना शामिल है। यह पहली बार है जब फ्रांस के तीन-चौथाई से अधिक हिस्से को रेड अलर्ट (अत्यधिक गंभीर मौसम चेतावनी) के दायरे में रखा गया है।

## सेरेना के सामने विम्बलडन के शुरुआती दौर में ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट की चुनौती

लंदन। सात बार की विम्बलडन एकल चैंपियन सेरेना विलियम्स सोमवार से शुरू हो रहे इस ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया जॉइंट से भिड़ेंगी। यह लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद इस टूर्नामेंट में उनका पहला एकल मुकाबला होगा। इस 44 वर्षीय दिग्गज को घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। वह एकल के अलावा अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स (46) के साथ युगल स्पर्धा में भी हिस्सा लेंगी। सेरेना की टेनिस में वापसी की शुरुआत दो युगल अभ्यास मुकाबलों से हुई थी, लेकिन रविवार को ऑल इंग्लैंड क्लब द्वारा उनके एकल खेलने की घोषणा के साथ उनकी वापसी को नई गति मिल गई। सेरेना ने अपना पिछला एकल मुकाबला 2022 के यूएस ओपन में खेला था, जहां उन्हें तीसरे दौर में अजला टोमल्यानोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

# तुर्की ने पहली जीत दर्ज की, अमेरिका को हराकर

इंगलवुड (अमेरिका)। कान आयहान ने मैच की आखिरी किक पर गोल किया और तुर्की ने बृहस्पतिवार को यहां अमेरिका को 3-2 से हराकर विश्व कप में अपनी एकमात्र जीत दर्ज की। ऑस्टन ट्रस्टी ने तीसरे मिनट में गोल करके अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन तुर्की ने आर्डा गुलेर (10वें मिनट) और बारिस अल्पर यिलमाज (31वें मिनट) के गोल की बदौलत स्कोर 2-। कर दिया।

अमेरिका ने 49वें मिनट में सबेस्टियन बरहाल्टर के गोल से बराबरी हासिल की लेकिन आयहान ने अंतिम लम्हों में गोल दागकर तुर्की की जीत सुनिश्चित कर दी। अमेरिकी टीम पहले ही पैराग्वे और ऑस्ट्रेलिया को हराकर ग्रुप डी जीतकर नॉकआउट में जगह बना चुकी थी। कोच मौरिसियो पोचेटिनो की टीम बुधवार को राउंड ऑफ 32 में बोस्निया और हर्जेगोविना से भिड़ेगी। पोचेटिनो ने इस कम अहमियत वाले मैच के लिए नौ नए खिलाड़ियों को शुरुआती एकादश में शामिल किया लेकिन क्रिश्चियन पुलिसिक 58वें मिनट में मैदान पर उतरे। पिंडली की चोट के कारण वह अमेरिकी टीम के पहले मैच के पहले हाफ के बाद से नहीं खेले थे। तुर्की ने शानदार खेल दिखाते हुए पहले हाफ में दो गोल की बदौलत दबदबा बनाया और अंततः रोमांचक जीत दर्ज करने में सफल रहा। तुर्की अपने पहले दो मैच हारने के बाद पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था जबकि आंकड़ों के लिहाज से उसने दोनों मैचों में काफी हद तक दबदबा बनाए रखा था। इंजरी टाइम के आठवें मिनट में तुर्की ने अप्रत्याशित जीत हासिल की। कैन उजुन को बैक पोस्ट पर खाली जगह में गेंद मिली और उन्होंने उसे गोलकीपर मैट टर्नर के पास से आयहान की ओर धकेल दिया जिन्होंने स्लाइड करते हुए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। खचाखच भरे सोफी स्टेडियम में दर्शकों के लिए मैच के नतीजे का कोई खास महत्व नहीं था। घरेलू मैदान पर हो रहे इस विश्व कप में अमेरिकी टीम की शानदार शुरुआत ने प्रशंसकों में जोश भर दिया था लेकिन टीम को अंततः हार झेलनी पड़ी।

# विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में सात स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया

सुहल (जर्मनी)। भारतीय निशानेबाजों ने शुक्रवार को यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में सात स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत ने पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर अपने अभियान का शानदार समापन किया, लेकिन शॉटगन स्पर्धा में उसे कोई पदक नहीं मिला। भारत ने 24 पदकों (सात स्वर्ण, आठ रजत और नौ कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण सहित 14 पदक जीते जबकि इटली ने छह स्वर्ण सहित 10 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सेजल कांबले ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हिमांशी ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके बाद सेजल, वंशिका चौधरी और नव्या बिश्नोई की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप में भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद समीर ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और रोहित कन्यान ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। प्राची गायकवाड़ ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि भारत ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन टीम स्पर्धा और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किए। भारत का पदक जीतने का सिलसिला इसके बाद भी जारी रहा। अन्वी राठौड़ ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जिसके बाद प्रीतम केंद्रे ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत ने पुरुषों और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में शिव नरवाल ने रजत पदक और युग प्रताप सिंह राठौर ने कांस्य पदक जीतकर देश को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद नरवाल ने संदीप बिश्नोई और चिराग शर्मा के साथ मिलकर पुरुषों की टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया और फिर वंशिका चौधरी के साथ जोड़ी बनाकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में एक और रजत पदक जीता। शॉटगन में पुरुषों के ट्रैप और स्कीट निशानेबाजों का अभियान विशेष रूप से निराशाजनक रहा, क्योंकि कोई भी खिलाड़ी आठ निशानेबाजों के फाइनल में नहीं पहुंच सका और टीमें रैंकिंग में काफी नीचे रहीं।

# एफआईएच प्रो लीग मैच में भारत पेनल्टी में इंग्लैंड से हारा

लंदन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच के नियमित समय में 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी में।-4 से हार झेलनी पड़ी।

बृहस्पतिवार रात ली वैली हॉकी एवं टेनिस सेंटर में भारत के लिए दिलप्रीत सिंह (10वें और 58वें मिनट) ने दोनों गोल दागे जबकि इंग्लैंड के लिए डेविड गुडफील्ड (29वें मिनट) और निकोलस बांडुरक (56वें मिनट) ने गोल किए। बाद में शूटआउट में मेजबान टीम के लिए थॉमस सोर्सबी, जेम्स अल्बेरी और कप्तान जैकरी वालेस ने अपने मौकों को गोल में बदला। इसके अलावा एक मौके पर पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे भी वालेस ने गोल में बदला। शूटआउट में भारत के लिए एकमात्र गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया। भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को पाकिस्तान से होगा। इससे पहले नियमित खेल के दौरान पहला हाफ रोमांचक रहा क्योंकि दोनों टीमों ने गोल किए और कुछ मौके भी बनाए। भारत ने पहले क्वार्टर में अच्छी शुरुआत की और जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि कप्तान हरमनप्रीत की ड्रैग फ्लिक को इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स माजारेलो ने रोक दिया। इंग्लैंड को भी पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन बांडुरक के प्रयास को भारतीय डिफेंस ने रोक दिया। पहला गोल 10वें मिनट में हुआ जब मनदीप सिंह ने ड्रिबलिंग करते हुए दिलप्रीत को बेहतरीन पास दिया और दिलप्रीत ने डाइविंग फिनिश के साथ गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारत अपनी बढ़त बढ़ाने के करीब था लेकिन पेनल्टी कॉर्नर पर अमनदीप लाकड़ा की ड्रैग फ्लिक को गोल लाइन पर सोर्सबी ने शानदार तरीके से बचाया। गुडफील्ड ने 29वें मिनट में मैदानी गोल इंग्लैंड को बराबरी दिलाई। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीम का डिफेंस बहुत मजबूत रहा जिससे स्कोर।-।ही बना रहा। चौथे क्वार्टर में इंग्लैंड ने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले बांडुरक (56वें मिनट) की ड्रैग फ्लिक से 2-। की बढ़त बनाई लेकिन दो मिनट बाद भारत ने बराबरी हासिल कर ली। इंग्लैंड ने शूटआउट 4-।से जीतकर बोनस अंक हासिल किया।

# आईसीसी के ऑनलाइन ट्रोलिंग बचाव से जुड़ी 100 से अधिक महिला क्रिकेटर

लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सोशल मीडिया मंचों पर ट्रोलिंग के बचाव से जुड़े प्लेयर प्रोटेक्शन प्रोग्राम में 100 से अधिक महिला क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया है। आईसीसी ने इसके लिए एआई से संचालित मॉडरेटर फ्रीडम2हियर के साथ साझेदारी की है जिसने मौजूदा महिला टी20 विश्व कप के दौरान लगभग 60,000 हानिकारक सामग्री को हटाया है।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से अब तक 50 से अधिक नए खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। बयान में कहा गया है, यह सेवा आईसीसी के आधिकारिक सोशल मीडिया खातों पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में भाग ले रही 12 में से सात टीम की खिलाड़ी इससे जुड़ी हैं। इसके अलावा अंपायर और प्रसारकों ने भी पंजीकरण कराया है। टी20 विश्व कप के पहले सप्ताह के बाद इस टूल ने लगभग 250,000 टिप्पणियों की समीक्षा की और लगभग 60,000 हानिकारक सामग्री को हटा दिया। आईसीसी ने कहा, बार-बार अपराध करने वालों में से 2,000 से अधिक लोगों की गतिविधियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिए गए और 370 उपयोगकर्ताओं को ब्लॉक कर दिया गया। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने कार्यक्रम में शामिल होने के बारे में कहा, सोशल मीडिया मेरे लिए दुनिया भर में दोस्तों, परिवार और प्रशंसकों के साथ बातचीत करने का अच्छा मंच साबित हो सकता है लेकिन यह (ट्रोलिंग के कारण) विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों के लिए मुसीबत भी बन गया है। उन्होंने कहा कि इस बारे में खुलकर बात करना और समस्या का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है, इसीलिए मैंने आईसीसी के प्लेयर प्रोटेक्शन प्रोग्राम में पंजीकरण कराया।

# रौनक ने अमेरिकी ओपन में टिएन को हराकर उलटफेर किया, क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी

**एजेंसी**

फुलर्टन (अमेरिका)। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रौनक चौहान ने अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए चीनी ताइपे के दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीय चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हरा दिया। भारत की कांस्य पदक जीतने वाली विश्व जूनियर टीम में शामिल रहे दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी रौनक ने बृहस्पतिवार को टिएन को 21-17, 26-24 से हराया और इजराइल के मिशा जिल्बरमैन के साथ क्वार्टर फाइनल मुकाबला तय किया। भारत के 18 साल के रौनक ने शुरू से ही अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा।

हालांकि टिएन 17-15 तक आगे रहे लेकिन इसके बाद रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में अधिकतर समय टिएन का दबदबा रहा और वह 17-11 से आगे थे लेकिन फिर रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर जोरदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें रौनक ने चार गेम प्वाइंट बचाए और फिर अपने दूसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए 49 मिनट में जीत हासिल की। महिला एकल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा, रक्षिता श्री और देविका सिहाग भी अंतिम आठ में पहुंच गईं। पांचवीं वरीय तन्वी ने चीनी ताइपे की तुंग सिउ तोंग को 21-12, 21-19 से हराया जबकि रक्षिता ने भी चीनी ताइपे की ही चेन सु यू को 21-4, 21-19 से शिकस्त दी। छठी वरीय देविका ने थाईलैंड की टोनरुग साएहेंग को 21-17, 21-19 से हराया। अनुभवी किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल में मलेशिया के ली जी जिया को 21-14, 21-13 से हराकर भारत के लिए एक शानदार दिन का समापन किया।

# यूक्रेन ने किया रूस पर भीषण ड्रोन हमला

## यूक्रेन का इससे पहले का सबसे बड़ा हमला 17 मई को हुआ था, जब उसने 556 ड्रोन दागे थे

कीव। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि उसने वायु रक्षा प्रणाली के जरिये 12 रूसी क्षेत्रों के ऊपर, साथ ही अवैध रूप से कब्जाए गए क्रीमिया और आसपास के क्षेत्र में रातभर में यूक्रेन के 660 ड्रोन को बीच में रोक कर उन्हें नष्ट कर दिया।

रूस की ओर से 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर किए गए आक्रमण के बाद से इसे सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक माना जा रहा है। यूक्रेन का इससे पहले का सबसे बड़ा हमला 17 मई को हुआ था, जब उसने 556 ड्रोन दागे थे। यह बड़ा हमला यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की द्वारा एक्स पर दिए गए बयान के कुछ घंटों बाद हुआ। जेलेंस्की ने कहा था कि उन्होंने 40 दिनों का एक अभियान शुरू करने का आदेश दिया है। माना जा रहा है कि

इसका आशय हमलों में तीव्रता लाने से है, जिसका उद्देश्य रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए मजबूर करना है। पिछले कुछ महीनों में यूक्रेन ने रूस के सैन्य ठिकानों और ऊर्जा केन्द्रों पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इन हमलों से रूस में ईंधन की कमी और सैन्य आपूर्ति लाइनों में बाधा उत्पन्न हुई है, जिससे चार साल से अधिक समय से जारी युद्ध में मॉस्को के सैन्य अभियानों पर असर पड़ा है। मॉस्को के दक्षिण में स्थित तुला क्षेत्र में एक निजी घर इस हमले में क्षतिग्रस्त हो गया और एक महिला घायल हो गई। क्षेत्रीय गवर्नर दिमित्री मिल्यायेव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिजली की लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई है और नोवोमोस्कोव्स्क शहर में एक अज्ञात औद्योगिक इकाई को नुकसान पहुंचा है। रूस के स्वतंत्र ऑनलाइन माध्यम एस्ट्रा ने अपनी खबर में कहा कि नोवोमोस्कोव्स्क में एक रासायनिक संयंत्र और एक जलविद्युत संयंत्र पर भी हमला हुआ और उनमें आग लग गई। अधिकारियों की ओर से भी इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने भी बताया कि राजधानी की ओर आने वाले 47 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया। हालांकि उन्होंने किसी प्रकार की जनहानि या क्षति की जानकारी नहीं दी। वहीं, यूक्रेन के अनुसार, पिछले 24 घंटों में रूस द्वारा पूर्वोत्तर के खारकीव क्षेत्र पर किए गए हमलों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय प्रशासन प्रमुख ओलेह सिनिएहुबोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रूसी सेना ने निर्देशित मिसाइल और कई तरह के ड्रोन का इस्तेमाल करके खारकीव शहर और इलाके की 16 अन्य बस्तियों पर हमला किया।

# वंदे मातरम केवल गीत नहीं, भारत के पुनर्निर्माण का मंत्र : अमित शाह



नयी दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि वंदे मातरम केवल एक देशभक्ति गीत नहीं, बल्कि भारत के पुनर्निर्माण का मंत्र है। शाह ने मादक पदार्थों के खिलाफ देश की रणनीति पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शाह ने राष्ट्रीय नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्षस्तरीय बैठक में कहा कि 26 जून देश के मादक पदार्थ विरोधी अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि इस दिन बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती भी है, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान राष्ट्र के आत्मविश्वास को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। शाह ने कहा कि बंकिम बाबू ने वंदे मातरम की रचना की थी। वंदे मातरम राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना और देशभक्ति का एक सशक्त प्रतीक बन गया। जब स्वतंत्रता संग्राम अपने चरम पर था, तब अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का प्रमुख नारा वंदे मातरम था। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अनेक क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम का उद्घोष करते हुए फांसी के फंदे को चूमा था। शाह ने कहा, वंदे मातरम्‌ हम सभी भारतीयों के लिए केवल एक नारा या गीत नहीं है। वंदे मातरम केवल ऐसा गीत भी नहीं है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन की शुरुआत की थी। वंदे मातरम्‌ भारत के पुनर्निर्माण का मंत्र है और विश्व में भारत माता को सर्वोच्च स्थान पर पुनः स्थापित करने का एक माध्यम भी है। इस बैठक में 44 केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों, राज्य सरकारों तथा स्वापक कानून लागू करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। बैठक में नशामुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार के प्रयासों को और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा का केंद्र सिंथेटिक मादक पदार्थों की बढ़ती चुनौती से निपटना, डार्कनेट के माध्यम से होने वाली तस्करी पर अंकुश लगाना तथा अगले तीन वर्षों में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की पहुंच का विस्तार करना रहा।

## संक्षेप

### गोदाम ढहने से मरने वालों की संख्या 15 हुई

कोलकाता। दक्षिण कोलकाता के तारातला क्षेत्र में गोदाम ढहने की घटना में मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 15 हो गई। विभिन्न एजेंसियों और सेना के कर्मियों द्वारा चलाए जा रहे बचाव अभियान के दौरान मलबे से दो और शव निकाले गए, जबकि उपचाराधीन दो अन्य घायलों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गोदाम की छत गिरने की घटना के दो दिन बाद भी शुक्रवार सुबह मलबे में गहन तलाशी अभियान जारी रहा। अधिकारी ने कहा कि बृहस्पतिवार देर रात दो शव बरामद किए गए, हालांकि उनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह दो श्रमिकों मन्नू कुमार और साहिल सरदार ने सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई। अधिकारी ने कहा, बिहार के मुंगेर जिला निवासी 19 वर्षीय मन्नू कुमार को 24 जून को मलबे से निकाला गया था और बृहस्पतिवार रात उसकी सर्जरी की गई थी। चिकित्सकों के लगातार प्रयासों के बावजूद शुक्रवार तड़के उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में उसके भाई घी कुमार की पहले ही मौत हो चुकी है, जबकि उनके पिता गोदाम ढहने की घटना में लगी चोटों का उपचार करा रहे हैं।

# वेनेजुएला : भूकंप में मृतकों की संख्या बढ़कर 589 हुई

**एजेंसी**

काराकस। वेनेजुएला में आए दो शक्तिशाली भूकंपों के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 589 हो गई है, जबकि 2,980 लोग घायल हुए हैं। देश की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सरकारी और सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में दुनिया भर से आए बचाव दलों की अगवानी करते हुए यह जानकारी साझा की।

रोड्रिगेज ने कहा कि हम मलबे में फंसे हुए लोगों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। हम इस काम में दिन-रात जुटे हुए हैं। कार्यवाहक राष्ट्रपति ने कहा कि बुधवार शाम आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के भूकंप से ला गुएरा राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। सरकारी और सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में दुनिया भर से आए बचाव दलों की अगवानी करते हुए यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वहां सेना तैनात कर दी गई है और बचाव दल जीवित बचे लोगों की तलाश करने के साथ-साथ भोजन और पानी भी बांट रहे हैं।

# बंगाल में लागू होगा यूसीसीः शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार गुजरात और असम की भांति ही राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए लागू करेगी।

उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट में साहित्यिक विभूति बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की 189वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम से इतर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यूसीसी लागू करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगी। उन्होंने कहा, यूसीसी लागू करने की एक तय प्रक्रिया होती है और हम उसका पालन करेंगे। यह गुजरात और असम की तरह ही होगा। उन्होंने उन राज्यों का उल्लेख किया जहां विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे विषयों को नियंत्रित करने वाली समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में विधायी और प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी नीत भाजपा सरकार सोमवार को विधानसभा में चालू बजट सत्र के दौरान यूसीसी विधेयक पेश कर सकती है। यह पार्टी द्वारा घोषित छह महीने की समयसीमा से काफी पहले होगा। सूत्र ने बताया कि इस मुद्दे पर बृहस्पतिवार शाम विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में चर्चा हुई और इसके बाद इसे अंतिम रूप दिया गया। यह कदम बंगाल में हाल के समय के सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक और कानूनी बदलावों में से एक माना जा रहा है।

# शिवसेना टूट के बावजूद मजबूत है : संजय राउत

मुंबई। शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी टूट के बावजूद मज़बूत बनी हुई है और आदित्य ठाकरे में पार्टी का नेतृत्व करने की काबिलियत है।

हाल ही में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हुए पार्टी के छह सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों में शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे के प्रस्तावित दौरे से पहले पीटीआई वीडियो से बातचीत में राउत ने आरोप लगाया कि इन नेताओं ने केवल पैसे, सत्ता और संरक्षण के लालच में अपनी निष्ठा बदली है। शिवसेना (उबाठा) के विधायक आदित्य ठाकरे की पार्टी में भूमिका के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा, अगली पीढ़ी को धीरे-धीरे ज़्यादा जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हम कितने सालों तक काम करते रहेंगे? हम 40 सालों से काम कर रहे हैं। युवा नेताओं को पार्टी की कमान संभालनी चाहिए और वह ऐसा कर भी रहे हैं। वह (आदित्य) आधिकारिक तौर पर भी ऐसा करेंगे, उनमें काबिलियत है और हम उनका स्वागत करेंगे। राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी छोड़ने वाले नेता असल मायने में बागी नहीं थे। उन्होंने तर्क दिया कि यह शब्द भगत सिंह और सुखदेव जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के लिए ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए, न कि उन नेताओं के लिए जो पैसे और सत्ता के लिए पाला बदलते हैं। राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे का दौरा उन सांसदों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी का रुख सीधे तौर पर समझाने के लिए किए गए संपर्क अभियान का हिस्सा है, जिन्होंने पार्टी छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि सांसद करोड़ों रुपयों के लिए बिक गए, और दावा किया कि शिवसेना का कैडर उद्धव ठाकरे के साथ ही है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इन छह सांसदों की भाव भंगिमा से उनके आत्मविश्वास का पता चलता है, तो राउत ने उन्हें जनता का सामना करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, हमारे दौरे के बाद देखेंगे कि उनका आत्मविश्वास कितना कायम रहता है।... जब विश्वासघात के बाद आपको जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिल जाती है, तो आत्मविश्वास बढ़ ही जाता है।

# नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल के दो साल, बोलेः सफर लंबा

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपने दो साल पूरे कर लिए। इस मौके पर उन्होंने शुक्रवार को कहा कि सफर लंबा है, लेकिन देशवासियों के हक की लड़ाई लड़ने का उनका संकल्प अडिग है।

उन्होंने पिछले दो वर्ष में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उठाए गए प्रमुख मुद्दों से जुड़ा एक वीडियो भी जारी किया। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आज दो साल पूरे हुए। इन दो वर्षों में हर दिन एक ही काम रहा, हर भारतीय की आवाज़ को सत्ता के गलियारे तक पहुंचाना। नीट के छात्रों की लड़ाई हो, वोट चोरी का पर्दाफाश हो या संविधान की रक्षा, हर मोर्चे पर आपके साथ खड़ा रहा, आज भी हूं, हमेशा रहूंगा। उन्होंने कहा, सड़क से संसद तक, आपका भरोसा ही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है। सफ़र

लंबा है, पर संकल्प वही, आपके लिए हर लड़ाई लड़ता रहूंगा। जय हिंद। जय संविधान।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी ने पिछले दो वर्षों के दौरान संविधान, बेरोजगारी, महंगाई, वोट चोरी, किसानों के मुद्दे, दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े विषयों को उठाया है। इसके साथ ही, वह विदेश नीति, उद्योग जगत में कुछ चुनिंदा समूहों के कथित एकाधिकार और संस्थाओं पर आरएसएस के कथित नियंत्रण को लेकर भी सरकार पर निशाना साधते रहे हैं। राहुल गांधी इन दिनों पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषय को जोर-शोर से उठा रहे हैं। वर्ष 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस 99 सीट के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनी थी। इसके बाद कांग्रेस ने 25 जून, 2024 को राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने सिर्फ 52 सीटें जीती थीं। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी सिर्फ 44 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी।

## इंटरटेनमेंट...

# कमल हासन-रजनीकांत की फिल्म धर्मन का पहला लुक जारी

चेन्नई। सुपरस्टार रजनीकांत की 173वीं फिल्म का शीर्षक और पहली झलक बुधवार को फिल्म का काम आधिकारिक रूप से शुरू करने संबंधी एक समारोह एवं पूजा कार्यक्रम के दौरान जारी किया गया।

तमिल सिनेमा में इसे एक ऐतिहासिक सहयोग के रूप में देखा जा रहा है। यह फिल्म अभिनेता-निर्माता कमल हासन के प्रोडक्शन बैनर के तले बन रही है। इस फिल्म का नाम धर्मन रखा गया है, जिसका निर्माण हासन के प्रोडक्शन हाउस राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल (आरकेएफआई) और आर. महेंद्रन द्वारा किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ओह माई कडवुले और ड्रैगन फेम निर्देशक अश्वथ मारीमुथु कर रहे हैं। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर तैयार कर रहे हैं। इसमें सिमरन और राशि खन्ना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। इस

कार्यक्रम में हासन ने रजनीकांत के साथ अपनी पांच दशक लंबी दोस्ती को याद किया और उन दोनों के बीच दशकों पहले किए गए एक वादे का भी जिक्र किया। हासन ने कहा लगभग 40 साल पहले, बॉम्बे की एक उड़ान के दौरान हमने यह फैसला किया था कि हम दोनों को साथ में एक फिल्म करनी चाहिए, जिसमें या तो वह निर्माता होंगे या मैं। और यह आज हकीकत बन रहा है। रजनीकांत ने 1970 के दशक से अब तक लगातार समर्थन और प्रोत्साहन देने के लिए कमल हासन का आभार जताया।

# अतिमनोहरम 24 दिसंबर को रिलीज होगी मोहनलाल की

मुंबई। मलयालम फिल्मों के अभिनेता मोहनलाल ने कहा है कि उनकी अगली फीचर फिल्म अतिमनोहरम 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अभिनेता ने बृहस्पतिवार शाम सोशल मीडिया मंच एक्स पर फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया, जिसमें वह अभिनेत्री मीरा जैस्मीन के साथ नजर आ रहे हैं। मोहनलाल (66) ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, उसकी दुनिया की शुरुआत और अंत उन लोगों से होता है, जिन्हें वह अपना परिवार कहता है। अतिमनोहरम के जरिए मोहनलाल एक बार फिर फिल्मकार तरुण मूर्ति के साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 2025 में रिलीज हुई रोमांचक फिल्म थुडारुम में साथ काम किया था। अतिमनोहरम का निर्माण मॉलीवुड टाइम्स (2026) और ओडुम कुथिरा चाडुम कुथिरा (2025) जैसी फिल्मों के निर्माता आशिक उस्मान ने किया है। फिल्म में मोहनलाल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे, जबकि मीरा जैस्मीन उनकी पत्नी का किरदार निभाएंगी। मोहनलाल हाल ही में अपनी सुपरहिट दृश्यम श्रृंखला की तीसरी फिल्म दृश्यम 3 में नजर आए थे। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, वह अगली बार रजनीकांत की जेलर 2 और अभिनेता-निर्देशक पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म खलीफाः पार्ट। में विशेष भूमिका (कैमियो) में दिखाई देंगे। खलीफाः पार्ट। अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा, मोहनलाल जूड एंथनी जोसेफ की फिल्म थुडक्कम में भी नजर आएंगे।

# शाहिद कपूर की कॉकटेल 2 ने बॉक्स ऑफिस पर कमाये 106.61 करोड़

नयी दिल्ली। फिल्म कलाकार शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म कॉकटेल 2 ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है।

होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। प्रोडक्शन बैनर मैडॉक फिल्म्स ने बुधवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शाहिद, कृति और रश्मिका के पोस्टर के साथ फिल्म की बॉक्स ऑफिस कमाई के आंकड़े साझा किए। इसके मुताबिक, फिल्म ने अपने रिलीज के पहले दिन 24 करोड़ रुपये कमाए थे, जिसके बाद के दिनों में इसने क्रमशः 29.4 करोड़ रुपये, 29.4 करोड़ रुपये, 32.19 करोड़ रुपये, 10 करोड़ रुपये और 11.01 करोड़ रुपये की कमाई की। वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कुल कुमाई 106.61 करोड़ रुपये हो चुकी है। यह फिल्म 2012 की सुपरहिट फिल्म कॉकटेल की अगली कड़ी है। मूल फिल्म में फिल्म कलाकार सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। हालांकि, यह फिल्म एक बिल्कुल नयी कहानी और नये किरदारों पर आधारित है। फिल्म की कहानी कुणाल (शाहिद), दीया (रश्मिका) और एली (कृति) के प्रेम त्रिकोण के इर्द-गिर्द घूमती है।

# वेलकम 4 का हिस्सा होंगे अनिल और नाना

मुंबई। अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि अनिल कपूर और नाना पाटेकर उनके लिए परिवार की तरह हैं और जब भी वेलकम 4 बनेगी, दोनों कलाकार निश्चित रूप से फिल्म में वापसी करेंगे।

अक्षय, फिल्म वेलकम टू द जंगल में अनिल कपूर और नाना पाटेकर की गैरमौजूदगी को लेकर पूछे गये एक सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। अनिल और नाना ने वर्ष 2007 में आई वेलकम में अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ व परेश रावल के साथ काम किया था तथा लोकप्रिय गैंगस्टर

किरदार उदय शेट्टी व मजनू भाई की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म प्रशंसकों द्वारा खूब पसंद की गयी थी। अनिल और नाना वर्ष 2015 में आई वेलकम अगेन में भी मुख्य भूमिका में थे, लेकिन उस फिल्म में अक्षय कुमार शामिल नहीं थे। अक्षय कुमार अब वेलकम टू द जंगल में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं और यह फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। अक्षय के अलावा फिल्म में परेश रावल, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, दिशा पाटनी, लारा दत्ता, रवीना टंडन समेत कई अन्य कलाकार भी नजर आएंगे। अक्षय ने कहा वेलकम एक पूरा परिवार है। इसमें नाना, अनिल, मैं और बाकी सभी लोग शामिल हैं। यह एक परिवार की तरह है। अगर कभी वेलकम 4 बनती है, तो आप उन सभी को उसमें देखेंगे।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com